हर खबर पर पैनी नजर

# नई सोच एक्सप्रेस

(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)

पेज : 12

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर रोड्स ने...



www.naisochlive.com | पटना, शुक्रवार, 19 जून 2026, वर्ष- 09, अंक- 115, पृष्ठ-12, मूल्य - 3:00 | naisochexpress@gmail.com

**मध्य पूर्व में शांति का नया अध्याय**

## अमेरिका-ईरान समझौते पर ट्रंप और पेजेशकियन ने किए हस्ताक्षर

**एजेंसी। पेरिस (फ्रांस)**



मध्य पूर्व ( पश्चिम एशिया) में तनाव कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण कूटनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित शांति समझौते के मसौदे पर प्रारंभिक सहमति बन गई है। मसौदे में सैन्य गतिविधियों को रोकने, समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आर्थिक प्रतिबंधों में राहत, ईरान के पुनर्निर्माण में सहयोग और परमाणु कार्यक्रम पर निगरानी जैसे कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने बुधवार शाम फ्रांस के वर्साय पैलेस में आयोजित रात्रिभोज के दौरान अमेरिका-ईरान समझौते के मसौदे पर आधिकारिक तौर पर हस्ताक्षर किए। व्हाइट हाउस और फॉक्स न्यूज ने अपने एक्स हैंडल पर सबसे पहले इसकी पुष्टि की। इसके बाद यह खबर दुनिया में आग की तरह फैल गई। ईरान के प्रेस टीवी, गल्फ न्यूज, अल जजीरा, सीएनएन, टाइम पत्रिका और सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने, प्रतिबंधों में राहत, परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत और 60 दिन के भीतर अंतिम समझौते की दिशा में कदम शामिल हैं। बताया जाता है कि ट्रंप और ईरान के राष्ट्रपति ने पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मुलाकात के दौरान इस दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गया है। अमेरिका ने इस दस्तावेज को 'संयुक्त राज्य अमेरिका और इस्लामी गणराज्य ईरान के बीच इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन' के रूप में जारी किया है। अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस समझौते का मुख्य उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत खोलना, ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार से जुड़े मुद्दों का समाधान करना और प्रतिबंधों में चरणबद्ध राहत देने के लिए एक ढांचा तैयार करना है। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने पुष्टि की कि समझौते के मसौदे को अंतिम रूप देकर दोनों पक्षों ने उस पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस विषय पर ओमान और अन्य देशों के साथ काफी समय से परामर्श चल रहा था। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रबंधन से जुड़े अधिकांश मुद्दों पर सहमति बन चुकी थी। बघाई ने कहा कि अब समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाएगी। होर्मुज जलडमरूमध्य पर इस्लामी गणराज्य ईरान की संप्रभुता और अधिकार सुरक्षित रहेंगे।

### मसौदे के 14 बिंदु

1- सभी तरह के संघर्ष रुकेंगे: अमेरिका, ईरान और उनके सहयोगी देशों ने तत्काल प्रभाव से सभी सैन्य अभियानों को समाप्त करने और भविष्य में एक-दूसरे के खिलाफ युद्ध या सैन्य कार्रवाई शुरू नहीं करने का संकल्प लिया है। इसमें लेबनान से जुड़े संघर्ष भी शामिल हैं। लेबनान की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाएगा।

2- एक-दूसरे की संप्रभुता का सम्मान: दोनों देश एक-दूसरे की स्वतंत्रता, क्षेत्रीय अखंडता और आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने की नीति अपनाएंगे.

3- 60 दिनो में अंतिम समझौते का लक्ष्य।

4- अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटेगी: इसमें शर्त है कि एमओयू पर हस्ताक्षर होते ही अमेरिका ईरान के खिलाफ लागू नौसैनिक नाकाबंदी और अन्य बाधाओं को हटाने की प्रक्रिया शुरू करेगा। 30 दिन के भीतर इसे पूरी तरह समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है।

5- होर्मुज जलडमरूमध्य: ईरान 60 दिन तक फारस की खाड़ी और ओमान सागर के बीच वाणिज्यिक जहाजों को मुफ्त और सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराएगा। तकनीकी और सैन्य बाधाओं को हटाने तथा समुद्री बारूदी सुरंगों की सफाई के बाद 30 दिन में यातायात सामान्य स्तर पर पहुंचाने की योजना है।

6- ईरान के लिए 300 अरब डॉलर की आर्थिक योजना।

7- प्रतिबंध हटाने का रोडमैप तैयार किया जाएगा।

8- ईरान ने दोहराया है कि वह परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा। दोनों देश संवर्धित परमाणु सामग्री के निपटारे, यूरेनियम संवर्धन और अन्य परमाणु जरूरतों पर अंतिम समझौते के तहत विस्तृत चर्चा करेंगे।

9- वार्ता के दौरान यथास्थिति बनी रहेगी।

10- तेल निर्यात को तत्काल राहत: एमओयू लागू होते ही अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ईरानी कच्चे तेल, पेट्रोलियम उत्पादों और उनसे जुड़ी बैंकिंग, बीमा तथा परिवहन सेवाओं के लिए विशेष छूट जारी करेगा।

11- अमेरिका ईरान की फ्रीज या प्रतिबंधित संपत्तियों और धनराशि को उपयोग के लिए उपलब्ध कराने पर सहमत।

12- निगरानी तंत्र: समझौते के प्रभावी क्रियान्वयन और भविष्य में अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष कार्यकारी तंत्र स्थापित किया जाएगा।

13- अंतिम समझौते पर औपचारिक वार्ता शुरू होगी।

14- अंतिम समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बाध्यकारी प्रस्ताव के जरिए वैधता प्रदान की जाएगी।

## फ्रांस में प्रमुख उद्योगपतियों से मिले मोदी, निवेश और भारत में विस्तार योजनाओं पर चर्चा

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस यात्रा के दौरान गुरुवार को कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों से मुलाकात की और भारत में निवेश के अवसरों तथा कारोबार विस्तार की योजनाओं पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने निर्माण सामग्री क्षेत्र की अग्रणी कंपनी सेंट-गोबेन के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बेनोइट बाजिन से मुलाकात की। बातचीत में निर्माण सामग्री और अवसंरचना क्षेत्र में अवसरों, विशेषकर टिकाऊ विकास से जुड़े पहलुओं पर चर्चा हुई। मोदी ने भारत में सेंट-गोबेन की मजबूत उपस्थिति और निवेश की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारतीय युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों का सृजन हो रहा है। बाजिन ने भारत में कंपनी के निवेश और विस्तार की भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने रेल परिवहन और गतिशीलता क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एल्सटॉम के सीईओ मार्टिन सियोन से भी मुलाकात की। इस दौरान रेलवे आधुनिकीकरण और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई। मोदी ने भारत में एल्सटॉम के निवेश और विनिर्माण गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इससे रोजगार सृजन के साथ-साथ भारतीय रेल क्षेत्र के विकास को भी गति मिली है। सियोन ने भारत में कंपनी के विस्तार और अतिरिक्त निवेश की योजनाओं से अवगत कराया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) क्षेत्र की अग्रणी कंपनी मिस्ट्राल एआई के सह-संस्थापक और सीईओ आर्थर मेंश से भी मुलाकात की। मोदी ने भारत के तेजी से विकसित हो रहे एआई पारिस्थितिकी तंत्र में उपलब्ध अवसरों को रेखांकित किया। आर्थर मेंश ने भारत के साथ सहयोग और भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी कर नवाचार को बढ़ावा देने तथा एआई क्षमताओं के विस्तार में गहरी रुचि व्यक्त की।

**संक्षिप्त समाचार**


### बैंक धोखाधड़ी मामलों में कोलकाता की 8 जगहों पर सीबीआई की एकसाथ छापेमारी




**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) से जुड़े तीन अलग-अलग बैंक धोखाधड़ी मामलों में बुधवार (17 जून) को कोलकाता के 8 विभिन्न स्थानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई मैसर्स तांतिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड, मैसर्स ब्रह्म अलॉयज लिमिटेड और मैसर्स अमृत फीड्स लिमिटेड के खिलाफ दर्ज मामलों के संबंध में की गई है। इन तीनों मामलों के जरिए पंजाब नेशनल बैंक को कुल 191 करोड़ रुपये का चूना लगाया गया है। सीबीआई के अनुसार, पहले मामले में एजेंसी ने मैसर्स तांतिया कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के निदेशकों के आवासीय परिसरों की तलाशी ली। यह मामला बैंक से प्राप्त कैश क्रेडिट और टर्म लोन सुविधाओं में पंजाब नेशनल बैंक के साथ 73 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी से जुड़ा है। आरोपितों ने बैंक से प्राप्त फंड को अपनी सहायक और सहयोगी कंपनियों की दीर्घकालिक पूंजी आवश्यकताओं के वित्त पोषण और गैर-मानक खातों के माध्यम से एक बड़ी राशि ट्रांसफर कर डायवर्ट किया था। दूसरे मामले में मैसर्स ब्रह्म अलॉयज लिमिटेड के निदेशकों के आवासीय परिसरों पर छापेमारी की गई। यह मामला बैंक से ली गई कैश क्रेडिट सुविधा में पीएनबी को 58 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने से संबंधित है।

### मोदी सरकार के 12 साल विकास और विरासत के संगम का स्वर्णिम युग : शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार के 12 साल विकास और



विरासत के संगम का स्वर्णिम युग रहे हैं। इन 12 सालों में, एक ओर जहां राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन महाकाल लोक का निर्माण हुआ, वहीं दूसरी ओर पीएम आवास, आयुष्मान भारत, अन्न भंडार, विश्व स्तरीय कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और मेक इन इंडिया जैसी योजनाओं ने देश की विकास यात्रा को अभूतपूर्व गति दी है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह बयान ऐसे समय में आया है जब सरकार विकास भी, विरासत भी की थीम के तहत पिछले 12 सालों में की गई पहलों को उजागर कर रही है। सरकारी बयान के मुताबिक विरासत संरक्षण को व्यापक विकास लक्ष्यों के साथ जोड़ते हुए भारत की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, विकास और प्रचार-प्रसार पर ध्यान केंद्रित किया गया है। बयान में कहा गया है कि मुख्य पहलों में एक करोड़ रिकॉर्ड का डिजिटाइज़ेशन, 668 प्राचीन कलाकृतियों की वापसी, आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम के 11 म्यूज़ियम बनाना और 11 भारतीय भाषाओं को शास्त्रीय भाषा का दर्जा देना शामिल है। रिपोर्ट के मुताबिक बताया गया है कि पिछले कुछ सालों में मशहूर जगहों को फिर से ठीक करने, आने वाले लोगों के लिए सुविधाओं को बेहतर बनाने और हेरिटेज शहरों व तीर्थयात्रा सर्किट को विकसित करने के कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। भारत की सांस्कृतिक संपत्तियां जिनमें स्मारक, प्राचीन वस्तुएं, पांडुलिपियां और ऐतिहासिक स्थल शामिल हैं पीढ़ियों से चली आ रही एक साझा विरासत का प्रतिनिधित्व करती हैं।

## पीएम-किसान की 23वीं किस्त 20 जून को होगी जारी 9.44 करोड़ किसानों के खाते में आएंगे 18,880 करोड़

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून को पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 23वीं किस्त जारी करेंगे। इस दौरान देशभर के 9.44 करोड़ से अधिक किसानों के बैंक खातों में 18,880 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि सीधे हस्तांतरित की जाएगी। लाभार्थियों में 2.18 करोड़ से अधिक महिला किसान भी शामिल हैं। कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार के सहयोग से किया जा रहा है। इस अवसर पर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित कई केंद्रीय मंत्री और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।



**कृषि मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी की गई जानकारी के अनुसार** : पश्चिम बंगाल के 45.35 लाख से अधिक किसानों को 907.21 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि मिलेगी। इसके साथ ही वर्ष 2019 से अब तक राज्य में पीएम-किसान के तहत कुल वितरण 15,055 करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगा। प्रधानमंत्री इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण कृषि योजनाओं की शुरुआत करेंगे। इनमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत एग्रीस्टैक, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शामिल हैं। फसल बीमा योजना के तहत वर्ष 2026-27 में पश्चिम बंगाल के लगभग 1.10 करोड़ किसानों को बीमा सुरक्षा प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया है।

## पीएम मोदी और ट्रंप ने की व्यापार समझौते रक्षा संबंधों और सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा

**नई सोच एक्सप्रेस। पेरिस**

**दोनों नेताओं ने व्यक्तिगत संबंधों और आपसी तालमेल को मजबूत करने दोहराई प्रतिबद्धता**




पीएम नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फ्रांस में द्विपक्षीय बैठक हुई। इस बैठक में दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका साझेदारी की बढ़ती रणनीतिक अहमियत पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को लेकर चल रही बातचीत में बढ़ोतरी, रक्षा संबंधों को सुनिश्चित करने और पश्चिम एशिया से लेकर ग्लोबल शिपिंग रूट्स तक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा की। इसके साथ ही राष्ट्रपति ट्रंप ने पीएम मोदी के साथ अपने व्यक्तिगत संबंधों और आपसी तालमेल को और मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर जब राष्ट्रपति ट्रंप से ये पूछा कि अमेरिका और भारत व्यापार डील से कितने दूर हैं, तो उन्होंने कहा कि बहुत करीब। उन्होंने पीएम मोदी को सबसे मुश्किल नेगोशिएटर में से एक बताया। ट्रंप ने कहा कि हमले की हालत में अमेरिका भारत के साथ खड़ा रहेगा। रक्षा संबंधों को लेकर उन्होंने कहा कि अगर उन पर हमला होता है, तो हम उनकी मदद के लिए वहां होंगे। पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में स्थिरता वापस लाने के लिए ट्रंप की कोशिशों की सराहना करते हुए कहा कि ट्रंप की कोशिशों की वजह से इस इलाके में शांति और स्थिरता की नई उम्मीद फिर से जगी है। दोनों नेताओं ने होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने के महत्व पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि आप और मैं इस बात पर सहमत हैं कि होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखना वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बहुत जरूरी है। दरअसल, भारत होर्मुज स्ट्रेट पर ऊर्जा सप्लाई के लिए बहुत ज्यादा निर्भर है।

### आपके पास है रेलवे का टिकट तो कितने घंटे रूक सकते हैं स्टेशन पर

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे कन्फर्म या आरएसी टिकट धारकों को मुफ्त वेटिंग रूम की सुविधा देता है। ट्रेन छूटने से 2-4 घंटे पहले और पहुंचने के बाद 2 घंटे तक यात्री इसका लाभ ले सकते हैं। आइए जानते हैं कि इसे नियम क्या है और इस सुविधा का लाभ यात्री कैसे उठा सकते हैं। ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को रेलवे कई तरह की सुविधाएं देता है, जिसकी सही जानकारी नहीं होने पर कई बार यात्रियों को नुकसान उठाना पड़ता है। ऐसे में यदि आपको ट्रेन बदलने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है या ट्रेन के आने में समय है, तो इसके लिए रेलवे यात्रियों को मुफ्त में सुविधा देता है। रेलवे की इस सुविधा से यात्रियों के होटल का खर्च बच सकता। आइए जानते है कि टिकट कन्फर्म या आरएसी टिकट होने पर रेलवे कौन सी मुफ्त सुविधा यात्रियों को देता है। रेलवे नियमों के अनुसार, यदि आपके पास कन्फर्म या आरएसी टिकट है तो आप अपनी ट्रेन के निर्धारित जाने के समय से लगभग 2 घंटे पहले वेटिंग रूम में इंट्री कर सकते हैं। यह सुविधा बिल्कुल फ्री है। कई बड़े रेलवे स्टेशनों और प्रमुख ट्रेनों के मामले में यह समय सीमा 4 घंटे तक भी हो सकती है। यात्रा पूरी होने के बाद भी रेलवे यात्रियों को राहत देता है।

### शिवसेना (यूबीटी) की बैठक में शामिल नहीं हुए पार्टी के 6 सांसद

**अनुशासनात्मक कार्रवाई की तैयारी**

**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना (यूबीटी) ने गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित संसदीय दल की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले छह लोकसभा सदस्यों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है। पार्टी नेताओं का कहना है कि पार्टी व्हिप की अवहेलना को देखते हुए यह कार्रवाई की जा रही है। पार्टी की ओर से दिए गए व्हिप के बावजूद छह सांसद अनुपस्थिति रहे। इनमें संजय दीना पाटिल (मुंबई उत्तर-पूर्व), संजय देशमुख (यवतमाल-वाशिम), नागेश पाटिल अष्टिकर (हिंगोली), संजय जाधव (परभणी), भाऊसाहेब वाकचौरे (शिरडी) और ओमप्रकाश उर्फ ओम राजे निम्बालकर (धाराशिव/उस्मानाबाद) शामिल हैं। एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दावा है कि शिवसेना (यूबीटी) के अधिकांश सांसद दल बदलने को तैयार हैं। बैठक में तीन सांसद उपस्थित थे। इनमें अरविंद सावंत (मुंबई दक्षिण), अनिल देसाई (मुंबई दक्षिण-मध्य) और राजभाऊ वाजे (नासिक) शामिल हैं। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में पार्टी से राज्यसभा सदस्य संजय राउत ने बताया कि संसदीय दल की बैठक लोकसभा के फ्लोर लीडर अरविंद सावंत और मुख्य सचेतक अनिल देसाई ने बुलाई थी।

## धर्मेंद्र प्रधान ने नीट यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का लिया जायजा

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को प्रस्तावित नीट-यूजी पुनर्परीक्षा की तैयारियों का आकलन करने के लिए गुरुवार को एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की और संबंधित अधिकारियों को परीक्षा प्रक्रिया में ईमानदारी, पारदर्शिता तथा दक्षता के सर्वोच्च मानकों को बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा मंत्रालय, राज्य सरकारों, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) तथा उच्च शिक्षण संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारियों और पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी तथा एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह भी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए प्रधान ने कहा कि पुनर्परीक्षा के स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों को सतर्क रहने और पूर्ण तैयारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्रालय द्वारा नामित अधिकारी सभी राज्यों में पहुंच कर पुनर्परीक्षा से जुड़ी गतिविधियों का समन्वय करेंगे और एनटीए के महानिदेशक की अध्यक्षता वाले कमांड सेंटर को रिपोर्ट देंगे। शिक्षा मंत्री ने राज्य सरकारों के नोडल अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि अभ्यर्थियों को परीक्षा के दौरान तनावमुक्त वातावरण मिले और उन्हें सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों को परीक्षा में सहजता के साथ शामिल होने के लिए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकारों के नोडल अधिकारियों से कहा कि वे इस दिशा में ज़रूरी कदम उठाएं। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव विनीत जोशी ने कहा कि पुनर्परीक्षा तक का समय अत्यंत महत्वपूर्ण है और सभी संबंधित पक्षों के बीच सक्रिय समन्वय, समयबद्ध निर्देशों के प्रसार तथा निर्धारित प्रोटोकॉल के कड़ाई से पालन की आवश्यकता है।

## टोल नहीं होर्मुज से गुज़रते वक्त दी जाने वाली सेवाओं के बदले शुल्क लेगा ईरान?

**नई सोच एक्सप्रेस। नई दिल्ली**



**पनामा और स्वेज नहर से गुज़रने के लिए जहाज़ों को चुकानी पड़ती है बड़ी रकम**

होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर भारी मात्रा में कच्चे तेल, परिष्कृत पेट्रोलियम उत्पादों और तरलीकृत प्राकृतिक गैस का परिवहन होता है। इस जलमार्ग में होने वाला कोई भी व्यवधान दुनिया भर के ऊर्जा बाजारों को प्रभावित करता है। अब महीनों से चले आ रहे अमेरिका-ईरान संघर्ष के बाद जब यह जलमार्ग फिर से खुलने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि होर्मुज स्थायी रूप से टोल-फ्री रहेगा। दूसरी ओर ईरानी अधिकारियों ने संकेत दिया है -पनामा और स्वेज नहर से गुज़रने के लिए जहाज़ों को चुकानी पड़ती है बड़ी रकम कि वाणिज्यिक जहाजों को अभी भी पारगमन के दौरान दी जाने वाली सेवाओं से जुड़े भुगतान करने की जरुरत हो सकती है। इसमें बहुत कुछ दांव पर लगा है। दुनिया भर में होने वाले पेट्रोलियम शिपमेंट का लगभग पांचवां हिस्सा और लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) के निर्यात का करीब एक-चौथाई हिस्सा इसी संकरे रास्ते से होकर गुजरता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वॉशिंगटन और तेहरान के बीच हुए एक समझौते में युद्ध खत्म करने और जलमार्ग को फिर से खोलने की शर्तें तय की गई हैं। इसका असर फ़ाइनेंशियल मार्केट पर दिखा। तेल की कीमतों में गिरावट आई क्योंकि ट्रेडर्स को उम्मीद थी कि खाड़ी देशों से एनर्जी की सप्लाई फिर से शुरू हो जाएगी। ट्रंप ने घोषणा की कि होर्मुज़ फिर से खुल जाएगा और वहां से गुज़रने के लिए कोई टोल नहीं देना होगा। उनके बयानों का मकसद मार्केट को भरोसा दिलाना और महीनों की अस्थिरता के बाद समुद्री कामकाज के सामान्य होने का संकेत देना था। हालांकि, अगले ही दिन ईरान ने अपना रुख साफ किया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि तेहरान का सीधे ट्रांज़िट टोल लगाने का कोई इरादा नहीं है, लेकिन उन्होंने यह साफ किया कि जलडमरूमध्य से गुज़रने के दौरान दी जाने वाली सेवाओं के लिए जहाजों को शुल्क देना पड़ सकता है।

### खाई में गिरी बोलेरो, सात लोगों की मौत, मृतकों में 3 सगे भाई शामिल

**चंबा।** हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को शोक में डुबो दिया है। बुधवार रात चुराह के पुखरी-मसरूंड मार्ग पर माणी जीरो के पास एक बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर करीब 500 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। इस भीषण दुर्घटना में सात लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें तीन सगे भाई भी शामिल थे। यह हादसा इतना भयावह था कि वाहन के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार कोई भी जीवित नहीं बच सका। जानकारी के अनुसार, यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना रात लगभग 2 बजे हुई। मृतकों में चार पुरुष और तीन महिलाएं शामिल हैं, जो सभी कुठेड़ पंचायत के महल गांव के निवासी थे। बताया जा रहा है कि ये सभी लोग काकड़ोथा गांव में एक मुंडन संस्कार की धाम (भोज) में शामिल होने के बाद अपने घर लौट रहे थे, तभी रास्ते में यह हादसा हो गया। महल गांव में इस खबर के बाद मातम पसरा हुआ है, और एक ही परिवार के छह सदस्यों सहित सात लोगों की मौत से पूरा इलाका स्तब्ध है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंचे और खाई से शवों को निकालने का प्रयास किया।

### राहुल गांधी ने शुरु किया छात्रों की गूंज अभियान, एक जुट हों युवा

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने छात्रों से जुड़े मुद्दों को लेकर अभियान शुरू किया है। उन्होंने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट करते हुए युवाओं और छात्रों से छात्रों की गूंज अभियान से जुड़ने की अपील की। राहुल गांधी ने उन छात्रों को संबोधित किया, जिन्होंने पेपर लीक, परीक्षाओं में धांधली या बढ़ती फीस जैसी समस्याओं का सामना किया है। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्र के सपने इस व्यवस्था की वजह से टूटे हैं या उनके परिवार ने पढ़ाई के लिए अपनी जीवनभर की कमाई लगा दी है, तो छात्रों की गूंज उनकी आवाज बनने का प्रयास है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने कहा कि यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि छात्रों की मांगों को सरकार तक पहुंचाने का जरिया है। इस पहल का उद्देश्य छात्रों के लिए सस्ती शिक्षा, निष्पक्ष परीक्षाएं और सम्मानजनक रोजगार सुनिश्चित करने की मांग को मजबूती देना है। अपने एक्स पोस्ट में राहुल ने छात्रों से इस अभियान में हिस्सा लेने की अपील करते हुए बताया कि इसमें जुड़ने में केवल 30 सेकंड का समय लगेगा। उन्होंने कहा कि इच्छुक छात्र और युवा सबसे पहले दिए गए आधिकारिक लिंक पर जाएं, फिर अपना नाम दर्ज करें और अपने सुझाव शेयर करें।

# विकसित भारत का संकल्प 2047 तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा होगा: मुख्यमंत्री

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज पटना जिले के नौबतपुर प्रखंड अंतर्गत पीपलावां में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' का दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं स्व० श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प 2047 तक प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में पूरा होगा। इसको लेकर हम सभी को संकल्प लेना है। यह सम्मेलन प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया है। इस सम्मेलन का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों तथा आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में 5 करोड़ गरीब लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराया गया, जबकि इंदिरा आवास योजना के तहत वर्ष 1947 से 2014 तक मात्र लगभग 2 करोड़ पक्के मकान बने। हमें गर्व है कि बिहार में 76 लाख पक्का मकान गरीब लोगों के लिए बना। प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री बने तो देश की अर्थव्यवस्था विश्व 11वें स्थान पर थी। आज भारत की इकोनॉमी चौथे स्थान पर पहुंच गई है, इसके लिए जी०एस०टी० लागू करने के साथ ही कई सुधार किए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री बनने का गौरव भाजपा नेता श्री नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ है, जिनके नेतृत्व में दो सीट वाली भाजपा 282 सीट हासिल करने में कामयाब हुई। भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम, तब पार्टी तब व्यक्ति है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित और मजबूत बन रहा है। दुनिया में युद्ध या किसी प्रकार की विकट स्थिति उत्पन्न होने पर शांति स्थापित करने या समस्या के समाधान हेतु अब भारत के प्रधानमंत्री से विचार-विमर्श किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने बड़े पैमाने पर लोगों के जन-धन खाते खुलवाये, जिसके माध्यम से सामाजिक सुरक्षा पेंशन, किसान सम्मान निधि तथा एक करोड़ 81 लाख जीविका दीदियों को मिलने वाली योजनाओं के लाभ की राशि सीधे उनके खाते

» वर्ष 2029 तक 1000 करोड रुपए की लागत से सीतामढ़ी में माँ सीता का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो जायेगा
» कोई अपराधी या माफिया आपको परेशान करे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें
» यदि पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो हमें अवगत कराएं
» पाटलिपुत्र नाम से टाउनशिप विकसित किया जाएगा

में भेजी जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू हुआ। अब रैपिड रेल चलाने की परिकल्पना की गई है। रैपिड रेल का परिचालन शुरू हो जाने के बाद पटना से बक्सर, पटना से गयाजी, पटना से मुजफ्फरपुर तथा पटना से बेगूसराय जाने में जहां 2 घंटे का वक्त लगता था, मात्र 30 से 40 मिनट में रैपिड रेल के माध्यम से यह दूरी तय की जा सकेगी। वर्ष 2019 में हुये लोकसभा चुनाव में जनमत प्राप्त करने के बाद लोकसभा एवं राज्यसभा के समर्थन से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाया। उन्होंने कहा कि 1000 करोड रुपए की लागत से सीतामढ़ी में माँ सीता जी का मंदिर बनाने का काम शुरू हो गया है। वर्ष 2029 तक सीतामढ़ी में अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की तरह भव्य सीता जी मंदिर बनकर तैयार हो जाएगा। हमलोग सभी लोगों के घरों के छत पर सोलर प्लेट स्थापित करा रहे हैं ताकि उन्हें निर्बाध एवं मुफ्त सोलरयुक्त बिजली अगले 20 से 25 वर्षों तक उपलब्ध हो सके। सोलर प्लेट से उत्पादित बिजली की बचत होने पर राज्य सरकार लोगों से बिजली की खरीद करेगी तथा उसके एवज में राशि उनके खाते में ट्रांसफर करेगी। उन्होंने कहा कि बिहार में गरीबों को पक्का मकान उपलब्ध कराने हेतु एक करोड़ लोगों को चिन्हित किया गया, जिनमें से अब शेष 7 लाख लोगों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। पक्का मकान निर्माण हेतु राशि जल्द ही उपलब्ध करा दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां बगल में एयरपोर्ट बन रहा है। यहां ट्रॉमा सेंटर बनाने का काम भी शुरू हो गया है। नौबतपुर लख पर एक बड़ा ब्रिज बनाया जाएगा ताकि जाम से लोगों को मुक्ति मिले। उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक बिहार के सभी ग्रामीण इलाकों में हर घर तक पी०एन०जी० की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। गैस सिलेंडर की अपेक्षा पी०एन०जी० में 30 प्रतिशत पैसे की बचत होती है। कोई अपराधी या माफिया आपको परेशान करें तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। यदि पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो हमें अवश्य अवगत कराएं। बिहार में 15 अगस्त से सभी अनुमंडल एवं जिला अस्पतालों से सामान्य बीमारी में रेफर करने की कार्य संस्कृति पर पूरी तरह पाबंदी लगाई जाएगी। मेजर बीमारी होने पर ही बड़े अस्पतालों में रेफर किया जा सकता है। बिहार में सड़क, उद्योग एवं अन्य विकास कार्यों के लिए जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। अधिग्रहित भूमि से जुड़े व्यक्तियों को मुआवजा प्रदान करने हेतु कल ही मंत्रिपरिषद की बैठक में 46,000 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। अधिग्रहित जमीन से जुड़े किसी व्यक्ति के घर में यदि बेटी की शादी है या किसी प्रकार की विपदा है तो 7 दिनों के अंदर मुआवजा पाने हेतु जिलाधिकारी को आवेदन दें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक करोड़ लोगों को नौकरी एवं रोजगार से जोड़ने का संकल्प है इस दिशा में काम तेजी से आगे बढ़ रहा है। हमलोगों ने बिहार के विभिन्न हिस्सों में टाउनशिप बनाने की योजना तय की है। पाटलिपुत्र नाम से भी एक टाउनशिप विकसित किया जाएगा, जहां उद्योग स्थापित करने के साथ ही बच्चों के खेलने की भी व्यवस्था रहेगी। बिहार के सभी 534 प्रखंडों में सरस्वती विद्या निकेतन के रूप में इस प्रकार से मॉडल स्कूल स्थापित किए जाएंगे, जहां सांसद, मंत्री, अधिकारी और गरीब के बच्चे एक साथ पढ़ेंगे। यह अभियान मिलर हाई स्कूल से शुरू किया जायेगा। पुलिस को चुनौती देने वाले अपराधियों को 48 घंटे के अंदर बिहार पुलिस जवाब दे रही है। बिहार में अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि पाटलिपुत्र संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सभी प्रखंडों से जुड़े पंचायतों में सब्जी मार्केट, मछली मार्केट और दूध बिक्री केंद्र विकसित किया जाएगा। सभी विभागों के माध्यम से होने वाले विकास कार्यों को तीन हिस्सों में बांटकर कार्य पूर्ण कराए जाएंगे, जिनमें योजना की एक तिहाई राशि मेंटिनेंस पर, एक तिहाई राशि जनकल्याण पर तथा एक तिहाई राशि राजस्व संग्रह हेतु व्यवस्थित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राइवेट यूनिवर्सिटी खोलने के जितने भी प्रस्ताव बिहार में आएंगे उन्हें मंजूरी दी जाएगी ताकि यहां के बच्चों को उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को सभी पंचायतों में आमसभा की बैठक कराकर विकास कार्यों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि 20 जून को पीएम किसान सम्मान निधि की अगली किस्त लाभुकों के खाते में भेजी जाएगी। उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा सहित देश के 22 राज्यों में भाजपा समर्थित सरकार है। यह कार्यकर्ताओं के जगे रहने का प्रमाण है। हमारे कार्यकर्ता जब तक जगकर जनता से जुड़कर उनकी समस्याओं का समाधान करते रहेंगे, हमें चुनाव में जनता का आशीर्वाद मिलता रहेगा। सहयोग शिविर कार्यक्रम के माध्यम से 3,85,000 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 2,65,000 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। विकसित भारत हमारा संकल्प है और आत्मनिर्भर बिहार हमारा लक्ष्य, इन्हीं को ध्यान में रखते हुए हम लोग लगातार विकास के काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सबसे ताकतवर देश बनेगा। कार्यक्रम को सहकारिता मंत्री श्री रामकृपाल यादव, विधायक श्री सिद्धार्थ सौरभ, विधान पार्षद श्रीमती अनामिका सिंह पटेल ने भी संबोधित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### आम महोत्सव 2026 : किसानों को सीधे राष्ट्रीय स्तर के बड़े व्यापारियों एवं निर्यातकों से जोड़ने का अवसर मिलेगा — विजय कुमार सिन्हा

**पटना।**बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार की सुगंधित मिट्टी में उपजे फलों के राजा आम को समर्पित लोकप्रिय "आम महोत्सव 2026" का आयोजन कृषि विभाग, बिहार सरकार के उद्यान निदेशालय द्वारा 19 से 21 जून 2026 तक बिहार कृषि प्रबंधन एवं प्रसार प्रशिक्षण संस्थान पटना परिसर में किया जाएगा। कृषि मंत्री ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य किसानों, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, व्यापारियों तथा निर्यातकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है, ताकि बागवानी क्षेत्र में नवीन तकनीकों के उपयोग, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, प्रसंस्करण, विपणन एवं निर्यात को बढ़ावा दिया जा सके। इससे राज्य के किसान बागवानी को अपनाकर अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकेंगे। बिहार देश के प्रमुख आम उत्पादक राज्यों में शामिल है। राज्य में लगभग 1.64 लाख हेक्टेयर क्षेत्रफल में आम की खेती होती है तथा प्रतिवर्ष लगभग 15.84 लाख मीट्रिक टन आम का उत्पादन किया जाता है। बिहार के विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट आम प्रजातियाँ अपनी अलग पहचान रखती हैं, जिनमें भागलपुर का जर्दालु, पटना का दीघा मालदह, मधुबनी का कृष्णभोग, सुपौल का गुलाबखास, सीतामढ़ी का बम्बइया, बक्सर का चौसा, मुंगेर का चुरसा मालदह, दरभंगा का कलकतिया तथा पश्चिमी चंपारण का जर्दा प्रमुख हैं। महोत्सव में स्वचालित बागवानी तकनीकों के माध्यम से आम के बगीचों का संवेदनशील एवं वास्तविक अनुभव प्रदर्शित किया जाएगा, जिसमें सुगंध, दृश्य और वातावरण का अनूठा समावेश होगा। बच्चों और परिवारों के मनोरंजन के लिए विशेष प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर मिलेगा। कृषि विश्वविद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस सम्मेलन के माध्यम से किसानों को सीधे राष्ट्रीय स्तर के बड़े व्यापारियों एवं निर्यातकों से जोड़ने का अवसर मिलेगा, जिससे उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध हो सकेगा।

### बिहार विभूति अनुग्रह बाबू को जयंती पर नमन



**पटना।** बिहार विधान परिषद् के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने बिहार विभूति, स्वतंत्रता सेनानी एवं आधुनिक बिहार के शिल्पकार डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभापति ने कहा कि डॉ. अनुग्रह बाबू ने त्याग, सादगी, ईमानदारी और जनसेवा के आदर्शों से बिहार तथा देश के राजनीतिक और सामाजिक जीवन को नई दिशा दी। स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान तथा बिहार के विकास के प्रति उनका समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि बिहार के प्रथम उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री रहे डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनकी जयंती पर उनके आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र व समाज के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लेना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### वैशाली में किन्नर से डेढ़ करोड़ की चोरी



**हाजीपुर (वैशाली)।** वैशाली के सदर थाना क्षेत्र में 12 मई की शाम एक ट्रांसजेंडर से डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक के आभूषण और 8.75 लाख रुपये नकद चोरी हो गए। यह घटना स्टेशन रोड पर रेल कोच रेस्टोरेंट और पेट्रोल पंप के बीच हुई। पुलिस कार्रवाई में देरी के विरोध में सैकड़ों किन्नरों ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। पीड़ित ट्रांसजेंडर सपना कुमारी ने सदर थाना में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार देर रात वह अपने ड्राइवर सौरभ कुमार के साथ अपनी एक्सयूवी कार से पटना से महुआ लौट रही थीं। स्टेशन रोड पर रेल कोच रेस्टोरेंट के सामने एक अज्ञात व्यक्ति ने उनकी चलती गाड़ी के रेडिएटर के पास कुछ फेंका। गाड़ी करीब 10 मीटर आगे बढ़ी ही थी कि एक दूसरे अज्ञात व्यक्ति ने इशारा कर गाड़ी से धुआं निकलने की बात कही। इसके बाद ड्राइवर ने गाड़ी रोक दी। धुआं निकलने की बात सुनकर सपना कुमारी और ड्राइवर गाड़ी से नीचे उतरे। उन्हें गाड़ी के अंदर दम घुटने जैसा महसूस हुआ। वे गाड़ी को सड़क किनारे खड़ी कर उसका बोनट खोलकर देखने लगे। इसी अफरा-तफरी का फायदा उठाकर बदमाशों ने गाड़ी की बीच वाली सीट पर रखे गहने और रुपयों से भरे बैग पर हाथ साफ कर दिया। चोरी हुए गहने और रुपये किन्नर समाज के थे, जो उन्हें शगुन के रूप में मिले थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालकर बदमाशों की पहचान करने में जुटी है। मामले में अपेक्षित पुलिस कार्रवाई न होने से किन्नर समाज में रोष है, जिसके चलते सैकड़ों किन्नरों ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

# कृषि अनुसंधान परिसर, पटना ने त्रिपुरा में पूर्वोत्तर पर्वतीय घटक के तहत 'मत्स्य-बागवानी मॉडल' का किया शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा दिनांक 18 जून 2026 को त्रिपुरा के दक्षिण त्रिपुरा जिले के बिरचंद्र मनु में पूर्वोत्तर पर्वतीय घटक के अंतर्गत 'किसान हित समूहों के लिए क्षमता निर्माण एवं आदान सहायता कार्यक्रम' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण महिलाओं के लिए 'मछली-बागवानी आधारित तालाब एक्वाकल्चर मॉडल' का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य समेकित कृषि प्रणाली के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाना तथा महिलाओं को कृषि-व्यवसाय से जोड़कर सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, दक्षिण त्रिपुरा का सहयोग रहा। इस पहल के तहत त्रिपुरा में 100 एकड़ से अधिक क्षेत्र में प्रदर्शन फार्म विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम चरण में कृषि अनुसंधान परिसर, पटना द्वारा किसानों को एक लाख उच्च गुणवत्ता वाले मछली बीज (फिंगरलिंग्स), 800 फलदार एवं उपयोगी पौधों की पौध तथा तालाबों की उर्वरता एवं जल गुणवत्ता बनाए रखने के लिए 960 किलोग्राम चूना उपलब्ध कराया गया। किसानों की सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम के दौरान आठ नए किसान हित समूह (FIGs) का गठन किया गया। प्रत्येक समूह में आठ गांवों की 10 महिला सदस्य शामिल हैं। इन समूहों को संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा निरंतर तकनीकी मार्गदर्शन एवं वैज्ञानिक परामर्श प्रदान किया जाएगा, जिससे वे मछली-बागवानी आधारित समेकित कृषि प्रणाली को सफलतापूर्वक अपना सकें। प्रगतिशील महिला किसान श्रीमती टुनटुन सिंघा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल ग्रामीण महिलाओं के लिए आय के नए अवसर सृजित करेगा। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक तकनीकों के माध्यम से छोटे तालाबों का बेहतर उपयोग कर महिलाएं अतिरिक्त आय अर्जित कर सकती हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना सकती हैं। कार्यक्रम का संचालन कृषि अनुसंधान परिसर, पटना के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बिश्वजीत देबनाथ एवं वैज्ञानिक डॉ. विवेकानंद भारती के नेतृत्व में किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, दक्षिण त्रिपुरा की प्रमुख डॉ. इंगिता गोहैन ने किसानों को संगठित करने एवं उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उद्घाटन सत्र में दक्षिण त्रिपुरा जिला परिषद के सभापति श्री दीपक दत्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर त्रिपुरा मत्स्य पालन विभाग के उप निदेशक श्री टिकेंद्र जमातिया तथा अटारी, जोन-VII की संस्थान समिति के सदस्य डॉ. पी.बी. रॉय भी उपस्थित थे। यह कार्यक्रम वैज्ञानिक के निदेशक डॉ. अनुप दास के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। किसान संवाद एवं प्रतिक्रिया सत्र के दौरान किसानों ने अपनी कृषि संबंधी समस्याओं को साझा किया तथा वैज्ञानिकों से उनके समाधान प्राप्त किए। वैज्ञानिकों द्वारा सुझाए गए कृषि-व्यवसाय मॉडल के प्रति संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम में 80 किसानों ने भाग लिया, जिनमें 73 महिलाएं एवं 7 पुरुष शामिल थे। महिलाओं की इतनी भागीदारी इस बात को दर्शाती है कि ग्रामीण महिलाएं कृषि एवं कृषि-व्यवसाय में सक्रिय नेतृत्व भूमिका निभा रही हैं।

# जनता के विरोध ने सम्राट चौधरी को कानून बदलना पड़ा

नई सोच एक्सप्रेस



**फतुहा।**भाजपा मीडिया प्रभारी डॉ लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप क्षेत्र में जमीन खरीद-बिक्री को लेकर जारी आदेश पर उठे जनविरोध के बाद सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ. लक्ष्मी नारायण सिंह पटेल ने कहा कि यह फैसला इस बात का प्रमाण है कि लोकतंत्र में जनता की आवाज़ सबसे बड़ी होती है। जब किसान, मजदूर और आम नागरिक एकजुट होकर अपनी बात रखते हैं, तब सरकारों को भी अपने निर्णयों पर पुनर्विचार करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए जमीन केवल संपत्ति नहीं, बल्कि जीवन, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा का आधार होती है। ऐसे में यदि जमीन के क्रय-विक्रय पर प्रतिबंध या अनावश्यक नियंत्रण लगाया जाता है, तो इसका सीधा प्रभाव किसानों की आर्थिक स्वतंत्रता पर पड़ता है। सरकार को किसी भी बड़े निर्णय से पहले प्रभावित लोगों से संवाद करना चाहिए था। यदि प्रारंभ से ही किसानों और ग्रामीणों की राय ली जाती, तो इतना व्यापक विरोध देखने को नहीं मिलता। डॉ. पटेल ने कहा कि यह घटना सरकार और प्रशासन दोनों के लिए एक सबक है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता को विश्वास में लिए बिना लिए गए निर्णय अक्सर विवाद का कारण बनते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कई बार अधिकारियों द्वारा तैयार की गई योजनाएं जमीनी हकीकत से दूर होती हैं, जिसके कारण जनता में असंतोष बढ़ता है। सरकार को विकास योजनाओं और किसानों के अधिकारों के बीच संतुलन बनाकर चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा आदेश वापस लेना स्वागत योग्य कदम है।

# रेल मंत्री एवं मुख्यमंत्री 19 जून को छपरा जं. स्टेशन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करेंगें

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री, बिहार सरकार श्री सम्राट चौधरी 19 जून,2026 को छपरा जं. स्टेशन पर आयोजित समारोह में छपरा-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनस)-छपरा एक्सप्रेस तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 65121/65122 दोहरीघाट-औंड़िहार-दोहरीघाट ट्रेन सेवा का वाराणसी सिटी तक मार्ग विस्तार, मऊ-दिल्ली (आनन्द विहार टर्मिनस)-मऊ एक्सप्रेस तथा का शुभारम्भ हरी झंडी दिखाकर करेंगे। इसके अतिरिक्त 19 जून,2026 को बिहार के मढ़ौरा लोको प्लांट में आयोजित एक समारोह में रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव एवं मुख्यमंत्री, बिहार सरकार श्री सम्राट चौधरी इस लोको मोटिव फैक्टरी से गिनी गणराज्य को निर्यात होने वाले 51वें रेल इंजन हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस अवसर पर छपरा जं. स्टेशन पर महाप्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे श्री उदय बोरवणकर, महाप्रबंधक पूर्व मध्य रेलवे छत्रसाल सिंह, मंडल रेल प्रबन्धक, वाराणसी तथा मऊ जं. स्टेशन पर अपर महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे विनोद कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी तथा क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहेंगे। प्रत्येक बृहस्पतिवार को 10.30 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन 03.00 बजे आनन्द विहार टर्मिनस पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 14056 आनन्द विहार टर्मिनस-मऊ एक्सप्रेस आनन्द विहार टर्मिनस से प्रत्येक बुधवार को 15.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन मऊ 05.45 बजे पहुँचेगी। दोहरीघाट-औंड़िहार मेमू ट्रेन सेवा का वाराणसी सिटी तक मार्ग विस्तारः- 65121/65122 दोहरीघाट-औंड़िहार-दोहरीघाट मेमू ट्रेन सेवा की लोकप्रियता एवं जनआकांक्षाओं को देखते हुए आज से इस गाड़ी का मार्ग विस्तार वाराणसी सिटी तक किया जा रहा है। इन गाड़ियों के चलने से छात्रों, किसानों, व्यावसायियों, श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को काफी सुविधा होगी। यह गाडियॉ उद्घाटन विशेष गाड़ी के रूप में चलाई जाएंगी।

# बिहार यूथ कांग्रेस चुनाव के लिए नामांकन शुरू, इंडियन यूथ कांग्रेस ऐप से होगी चुनाव प्रक्रिया

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।**बिहार यूथ कांग्रेस चुनाव के लिए आज से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह चुनाव कुल 6 पदों के लिए- स्टेट प्रेसिडेंट, स्टेट जनरल सेक्रेटरी, डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट, डिस्ट्रिक्ट जनरल सेक्रेटरी, असेंबली कमिटी और ब्लॉक कमिटी होगा। सभी 53 संगठननत्मक जिलों में चुनाव होगा। 9 जून को पुराने कमेटी का कार्यकाल समाप्त हो चुका है और अब नई कमेटी के गठन के लिए यह चुनाव प्रक्रिया जारी है। बिहार में कुल 638 ब्लॉक है तो स्टेट प्रेसिडेंट का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को कम से कम 64 ब्लॉक में से एक-एक रेफरेंस आना जरूरी है। **मेंबरशिप ड्राइव कर करीब 10 लाख युवा कांग्रेस से जुड़ेंगे:** बिहार यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीबदास ने कहा कि, 'बिहार में यूथ कांग्रेस के मेंबरशिप का ड्राइव शुरू हो चुका है। इस मेंबरशिप ड्राइव के जरिए करीब 10 लाख बिहार के युवा कांग्रेस से जुड़ेंगे। इस मेंबरशिप को नई धार देने के लिए और बिहार के युवाओं की आवाज बुलंद करने के लिए राहुल गांधी 11 जुलाई को बिहार आ रहे हैं।' शिव प्रकाश गरीबदास ने अपील करते हुए कहा कि, 'कार्यकर्ता अधिक संख्या में पहुंचकर राहुल जी की आवाज को मजबूत करें। अपनी आवाज से कांग्रेस की आवाज बनकर पेपर लीक की सरकार से मुक्ति पाए।' **इंडियन यूथ कांग्रेस ऐप से होगी चुनाव प्रक्रिया:** इस चुनाव में जनरल, ओबीसी, ईबीसी, महिला, माइनॉरिटी सभी को जगह दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए 20,000 फीस है, जिसमें से एससी, एसटी और महिला के लिए 10000 है। पूरी चुनाव की प्रक्रिया इंडियन यूथ कांग्रेस ऐप के जरिए होगी। लोगों को सबसे पहले इस ऐप से रजिस्टर करना है। फिर नामांकन भरने के बाद सभी डाक्यूमेंट्स को जमा करना है। अगर किसी तरह का FIR दर्ज है, तो उसकी भी जानकारी देनी है। उसके बाद 8 सेकंड का वीडियो भी रिकॉर्ड करना है। इसके बाद सभी नॉमिनेशन की स्क्रुटनी की जाएगी।

# लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन एवं होमबायर्स के हितों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

नई सोच एक्सप्रेस




» "सुरक्षित घर, समयबद्ध न्याय"-नीतीश मिश्रा

**पटना।**नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री श्री नीतीश मिश्रा ने आज बिहार रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) के कार्यों एवं प्रगति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में रेरा के चेयरमैन श्री विवेक कुमार सिंह, विभाग के प्रधान सचिव श्री विनय कुमार, रेरा के जाँच आयुक्त श्री संजय कुमार सिंह, संयुक्त सचिव, श्री मनोज कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री श्री मिश्रा ने रेरा के समक्ष लंबित मामलों के शीघ्र एवं प्रभावी निष्पादन पर विशेष बल देते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम नागरिकों और गृह क्रेताओं से जुड़े मामलों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि रेरा का मूल उद्देश्य रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना है, इसलिए प्रत्येक निर्णय में जनहित सर्वोपरि होना चाहिए। मंत्री ने कहा कि राज्य में तेजी से बढ़ रहे शहरीकरण को देखते हुए भवन निर्माण की गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन आवश्यक है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों को भूकंप रोधी निर्माण तकनीकों एवं मानकों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया ताकि नागरिकों को सुरक्षित एवं टिकाऊ आवास उपलब्ध हो सके। बैठक में होमबायर्स के हितों की सुरक्षा, परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन तथा शिकायत निवारण तंत्र को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि गृह क्रेताओं का विश्वास बनाए रखना रियल एस्टेट क्षेत्र के स्वस्थ विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही श्री मिश्रा ने रियल एस्टेट क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने तथा प्रमोटरों के लिए 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि पारदर्शी एवं सरल प्रक्रियाएं राज्य में निवेश आकर्षित करने और नियोजित शहरी विकास को गति देने में सहायक होंगी। बैठक में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में नियोजन क्षेत्रों (Planning Areas) के विस्तार की आवश्यकता पर भी विचार-विमर्श किया गया। मंत्री ने अधिकारियों को इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई तेज करने का निर्देश देते हुए कहा कि सुव्यवस्थित एवं योजनाबद्ध शहरी विकास बिहार के समग्र विकास की आधारशिला है।

## संक्षिप्त समाचार

### हजारों निर्दोष जेल में, पुल ध्वस्त होते हैं, फिर भी राजनीति मौन क्यों? : करिश्मा पटेल



**फतुहा।** सामाजिक कार्यकर्ता करिश्मा पटेल ने न्यायिक सुधार, भ्रष्टाचार और विकास परियोजनाओं की गुणवत्ता को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि कई निर्दोष लोग वर्षों तक जेल में रहने के बाद अदालतों से बरी होते हैं, लेकिन उनके खोए समय और सम्मान की भरपाई नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि करोड़ों-अरबों रुपये की लागत से बने पुल और अन्य परियोजनाएं ध्वस्त होने की घटनाएं जनता के विश्वास को कमजोर करती हैं। ऐसे मामलों में जवाबदेही तय होनी चाहिए। करिश्मा पटेल ने कहा कि सांसदों, विधायकों और जनप्रतिनिधियों को जनता से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से चर्चा करनी चाहिए। उन्होंने न्यायिक सुधार, लंबित मामलों के शीघ्र निपटारे, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और भ्रष्टाचार पर नियंत्रण को प्राथमिकता बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि जनता अब केवल भाषण नहीं, बल्कि जवाबदेही और ठोस परिणाम चाहती है। लोकतंत्र की सफलता जनता के हितों की रक्षा और सुशासन सुनिश्चित करने में निहित है।

### ट्रेन पर पथराव करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

**भागलपुर।** दानापुर – साहेबगंज इंटरसिटी एक्सप्रेस पर पथराव करने वाले व्यक्ति इरफान को रेल पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया है। पथराव की घटना के बाद आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। दोनों एजेंसियां अपने-अपने सूत्रों के माध्यम से आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। आज सुबह सूचना मिली कि आरोपित व्यक्ति अपने घर में छिपा हुआ है। इसके बाद टीम ने मोहद्दीनगर स्थित उसके घर पर छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उल्लेखनीय है कि बीते बुधवार को दानापुर से साहेबगंज जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस जब नाथनगर और भागलपुर स्टेशन के बीच परबत्ती इलाके से गुजर रही थी, तभी मो. इरफान ने ट्रेन पर पथराव किया था। आरपीएफ इंस्पेक्टर ए.के. गिरि ने बताया कि गिरफ्तार युवक से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि वह नशे का सेवन करता है। पूछताछ पूरी होने के बाद उसके खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेजा गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार भागलपुर रेलखंड पर इससे पहले भी ट्रेनों पर पथराव की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। बीते वर्ष वंदे भारत एक्सप्रेस पर भी पथराव हुआ था, जिसके बाद रेलवे सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया था।

### अवैध हथियार के साथ वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, पुलिस ने देशी कट्टा व कारतूस किया बरामद

**सीवान।** महादेवा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक वांछित अभियुक्त को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। पकड़े गए युवक महादेवा थाने के रामदेव नगर निवासी राज कुमार यादव का पुत्र विशाल कुमार है। एसपी पुरन कुमार झा ने बताया कि बुधवार की देर रात करीब 11:50 बजे महादेवा थाना को सूचना मिली कि महादेवा थाना कांड संख्या 862/25 का वांछित अभियुक्त विशाल कुमार सलेमपुर स्थित मिशन छठ घाट के पास अवैध हथियार के साथ मौजूद है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष विनित विनायक के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची।पुलिस वाहन को देखते ही संदिग्ध भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस बल की तत्परता से उसे पकड़ लिया गया. तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि वह महादेवा थाना कांड संख्या 862/25 में वांछित चल रहा था इस मामले में महादेवा थाना में आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए एवं 26 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अभियुक्त के अन्य आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विनित विनायक समेत महादेवा थाना के अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

### शहीदी दिवस याद किए गए सिक्खों के पांचवें गुरु गुरु अर्जून देव जी महाराज

**भागलपुर।** सिक्खों के पांचवें गुरु गुरु अर्जून देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर गुरुवार को जिले भर में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम बीच शहर स्थित गुरुद्वारा परिसर में हुआ जहां श्रद्धा, सेवा और समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस दौरान राहगीरों और आम लोगों के बीच लस्सी का वितरण किया गया, जबकि परिसर में सामूहिक अरदास और कीर्तन का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं के बीच कच्ची लस्सी दूध, पानी, चीनी और गुलाब जल मिलाकर तैयार की शर्बत वितरित की गई। उल्लेखनीय है कि सिख परंपरा के अनुसार जेठ माह में गुरु अर्जन देव जी की शहादत की स्मृति में देशभर के गुरुद्वारों में कच्ची लस्सी का वितरण किया जाता है। इस मौके पर गुरुद्वारा के संरक्षक खेमचंद बच्चानी ने कहा कि मुगल शासक जहांगीर ने गुरु अर्जन देव जी को अनेक प्रकार की शारीरिक यातनाएं देकर धर्म परिवर्तन के लिए बाध्य करने का प्रयास किया था, लेकिन उन्होंने अपने सिद्धांतों और धर्म से समझौता नहीं किया। धर्म और मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने वर्ष 1606 में अपना बलिदान दिया और सिख इतिहास के प्रथम शहीद गुरु कहलाए। वहीं कोलकाता से आए रागी जत्था भाई रवींदर सिंह ने कहा कि गुरु अर्जन देव महाराज ने मानवता, सत्य, प्रेम और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने सिखों के पवित्र ग्रंथ श्री गुरु ग्रंथ साहिब का संकलन किया तथा अमृतसर में हरिमंदिर साहिब के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जन देव की शहादत आज भी लोगों को सत्य के मार्ग पर चलने, दूसरों की सेवा करने और कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम का संचालन सरदार हर्षप्रीत सिंह ने किया। इस अवसर पर सामूहिक रूप से चल रहे साप्ताहिक पाठ का भी समापन किया गया। आयोजन के अंत में गुरुद्वारा परिसर में लंगर का आयोजन हुआ, जहां श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष सरदार ताजेंद्र सिंह, संरक्षक खेमचंद बच्चानी, सचिव सरदार बलबीर सिंह, कोषाध्यक्ष मनजीत सिंह छाबड़ा, उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह भंडारी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### विश्व योग दिवस को लेकर प्रचार रथ रवाना

**भागलपुर।** विश्व योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योग शिविर के प्रचार-प्रसार एवं जनसंपर्क को गति देने के लिए विशेष प्रचार रथ का शुभारंभ गुरुवार को ध्वज दिखाकर किया गया।इस अवसर पर शिविर के संयोजक मनीष दास, निरंजन शाह, योगी राजीव मिश्रा (वशिष्ठ योग जिला प्रमुख, भागलपुर), अजीत गुप्ता, दीपक कुमार, अमरदीप साह, समीर सिंह सहित अनेक योग साधक उपस्थित रहे। वहीं सैंडिस कंपाउंड मैदान में भी जनसंपर्क अभियान को निरंतर गति प्रदान की गई। संयोजक मनीष दास के नेतृत्व में कई योग साधक एवं साधिकाओं ने लोगों से संपर्क कर 21 जून को प्रातः 6:00 बजे से 7:00 बजे तक आयोजित होने वाले विश्व योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया। मनीष दास ने कहा कि आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी में मानसिक और शारीरिक स्थिरता अत्यंत आवश्यक है। योग, आसन एवं प्राणायाम के माध्यम से व्यक्ति अपने जीवन को स्वस्थ, संतुलित एवं आनंदमय बना सकता है। उन्होंने कहा कि इस विशेष योग शिविर में योग गुरु धीरज वशिष्ठ के मार्गदर्शन में योग को सहज एवं सरल तरीके से सिखाया जाएगा, जिसका लाभ सभी नागरिकों को अवश्य उठाना चाहिए।

# बिना दान-दहेज के 21 जून को विवाह बंधन में बंधेंगे 51 जोड़े

नई सोच एक्सप्रेस




**पटना।** मां वैष्णो देवी सेवा समिति द्वारा लगातार 14वें वर्ष सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष यह भव्य कार्यक्रम 21 जून को श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल, पटना में आयोजित होगा, जिसमें 51 युवक-युवतियां वैवाहिक जीवन में प्रवेश करेंगे। मौके पर कार्यक्रम के संयोजक कन्हैया अग्रवाल 'कन्नू' ने बताया कि विवाह करने वाले 51 जोड़ों में 14 दिव्यांग जोड़े भी शामिल हैं, जिनमें 4 दृष्टिबाधित (ब्लाइंड), 2 मूक-बधिर तथा 8 अन्य दिव्यांग जोड़े हैं। यह आयोजन सामाजिक समरसता एवं दहेज-मुक्त विवाह की प्रेरणा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश अमिताभ ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर तथा गायिका रितिका राज की विशेष उपस्थिति रहेगी। दोनों कलाकार थैलेसीमिया को मात देने वाले बच्चों को सम्मानित भी करेंगी। मौके पर समिति द्वारा "मां वैष्णो देवी सेवा सम्मान" से छह विशिष्ट व्यक्तित्वों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मान प्राप्त करने वालों में आजतक के सुप्रिय प्रसाद, पत्रकार महिमा सिंह, अनुपम कृष्ण दास (चंद्रोदय मंदिर, वृंदावन), समाजसेवी मृत्युंजय तिवारी, स्पोर्ट्स बिजनेस विशेषज्ञ नीरज झा तथा फिल्म कलाकार बुल्लू कुमार शामिल हैं। मौके पर समिति के सचिव संजय तोतला ने बताया कि नवविवाहित जोड़ों को गृहस्थ जीवन प्रारंभ करने हेतु आवश्यक घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी। मौके पर सह-संयोजक जितेंद्र कुमार 'जित्तू' ने बताया कि सभी 51 जोड़ों को 21 जून की सुबह से महाराणा प्रताप भवन में ठहराया जाएगा। प्रत्येक जोड़े के साथ वर एवं वधू पक्ष से 10-10 बारातियों के रहने की व्यवस्था की गई है। यहीं विवाह पूर्व की सभी पारंपरिक रस्में संपन्न होंगी। इसके पश्चात शाम 4 बजे महाराणा प्रताप भवन से 51 घोड़ों पर सवार 51 दूल्हों की भव्य बारात निकलेगी, जो विवाह स्थल श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल पहुंचेगी। मौके पर कोषाध्यक्ष प्रकाश कुमार अग्रवाल ने बताया कि श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल परिसर में 51 मंडप सजाए जाएंगे, जहां वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संस्कार संपन्न कराने हेतु सभी आवश्यक सामग्री एवं आचार्य उपलब्ध रहेंगे। विवाह से पूर्व सभी जोड़ों का जयमाल समारोह मुख्य हॉल में आयोजित किया जाएगा। मौके पर एम पी जैन ने बताया कि विवाह उपरांत सभी अतिथियों एवं नवविवाहित जोड़ों के लिए रात्रि भोज की भी व्यवस्था की गई है। इस आदर्श सामूहिक विवाह समारोह में समाज के हजारों गणमान्य एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित होकर नवदंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

# एक पहल : दिव्यांगों के लिए "दिव्य दौड़"

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** दिव्यांगजनों के आत्मविश्वास, सशक्तिकरण एवं सामाजिक सहभागिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 जून को "दिव्य दौड़ – गगन छूने की तमन्ना" का आयोजन किया जाएगा। यह दौड़ प्रातः 7:30 बजे लोक भवन, पटना के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान के समीप जाकर संपन्न होगी। जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान के पूर्व निदेशक नरेंद्र पाठक ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में दिव्यांगजनों की भागीदारी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज के अभिन्न अंग हैं और भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों के लिए उनका हर संभव सहयोग रहेगा। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। जीवन ज्योति एजुकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष रवि रंजन कुमार ने बताया कि "दिव्य दौड़" की शुरुआत वर्ष 2024 में हुई थी और यह अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रत्येक वर्ष बिहार के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं आम नागरिक इसमें शामिल होकर समावेशी समाज के निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। बिहार प्रादेशिक अग्रवाल महिला सम्मेलन की अध्यक्ष गीता जैन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन दिव्यांगजनों के लिए अत्यंत सराहनीय हैं तथा समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।।बी. डी. कॉलेज, पटना की प्राध्यापिका प्रो. नीतू तिवारी ने भी आयोजन की सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं।।महिला इमदाद कमेटी की पूनम चौधरी ने कहा कि यह दौड़ केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि दिव्यांगजनों के हौसले, संकल्प और सशक्तिकरण का प्रतीक है। दिव्य दृष्टि फाउंडेशन की जयंती झा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से दिव्यांगजनों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का बेहतर मंच मिलता है।।चैतन्य राधारमण फाउंडेशन की सुमेधा सहाय ने बताया कि इस दौड़ का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को प्रेरित करना तथा उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।।एम. पी. जैन ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन में जीवन ज्योति के सचिव अनिल कुमार सिंह, रिपु जॉन, आशीष, दीपक, नाज़नी, नूर फातिमा, महजबी, नबीला रब्बानी, सदफ जहाँ, अनिल, शिव, रमेश एवं चैतन्य श्रीवास्तव की सक्रिय भूमिका रहेगी।।यह आयोजन दिव्यांगजनों की क्षमता, आत्मबल और समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के साथ-साथ समावेशी एवं संवेदनशील समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# ओरियंटल कॉलेज और प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच हुआ एमओयू, छात्रों को मिलेगा सामाजिक इंटर्नशिप का मंच

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना सिटी।** युवाओं को किताबी ज्ञान के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से ओरियंटल कॉलेज, गुलजारबाग और प्रेम यूथ फाउंडेशन के बीच एक ऐतिहासिक समझौता ज्ञापन MOU पर हस्ताक्षर हुए। इस साझेदारी से अब कॉलेज के छात्रों को प्रतिष्ठित एनजीओ में इंटर्नशिप और वॉलेंट्रीयरशिप करने और समाज सेवा के प्रोजेक्ट्स पर काम करने का सीधा अवसर मिलेगा। **क्लासरूम से सीधे जमीनी स्तर तकः** एमओयू के तहत हर सेमेस्टर में चयनित छात्र प्रेम यूथ फाउंडेशन के अभियानों से जुड़ेंगे। इनमें गंगा सफाई अभियान, प्लास्टिक मुक्त पटना, विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम, लू राहत शरबत वितरण, रक्तदान शिविर और ग्रामीण बच्चों को शिक्षा जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं। ओरियंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉ मो फैजी आफताब ने एमओयू साइन करने के बाद कहा, "NEP 2020 की भावना यही है कि शिक्षा समाज से कटे नहीं। जब छात्र धूप में खड़े होकर गंगा साफ करेंगे, मजदूरों को शरबत पिलाएंगे, तो उनमें सामाजिक दायित्व और नेतृत्व दोनों विकसित होगा। यही डिग्री से बड़ी सीख है। **गांधी जी के आदर्शों पर चलेगी ट्रेनिंगः** प्रेम यूथ फाउंडेशन के संस्थापक गांधीवादी प्रेम जी ने बताया कि संस्था विश्व युवक केंद्र के सहयोग से गांधीवादी मूल्यों पर काम करती है। उन्होंने कहा, "हम छात्रों को सिर्फ वॉलेंटियर नहीं बनाएंगे। उन्हें प्रोजेक्ट प्लानिंग, टीम लीड, मीडिया हैंडलिंग और फंड रेजिंग सिखाएंगे। इंटर्नशिप पूरी करने पर । सर्टिफाइड सर्टिफिकेट प्रदान किया जायेगा । मौके पर एनइपी कौडिनेटर डॉ विपिन कुमार दुवे, फाउंडेशन के प्रोग्राम ऑफिसर सुलेखा कुमारी मौजूद रहे ।

# प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट पूरी तरह से गलत

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** बिहार में हुए टेंडर घोटाला का मास्टरमाइंड और ठेकेदार रिशु श्री बेहद शातिर है। स्पेशल विजिलेंस यूनिट (SVU) की टीम को उसका शातिराना अंदाज देखने को मिला है। वो भी उस दौरान जब रिशु श्री 5 दिनों की पुलिस रिमांड पर है। सूत्रों के मुताबिक, बेउर जेल से बाहर आने के बाद उसका तौर तरीका बदला हुआ मिला। उसके हाव-भाव पूरी तरह से बदले गए हैं। जब टीम ने उससे पूछताछ शुरू की तो वह शुरुआत में सपोर्ट ही नहीं कर रहा था। बार-बार कह रहा था कि उसने कुछ नहीं किया है। उसे फंसाया गया है। सवाल पूछे जाने पर गोलमोल बातें कर घूमा रहा था। पूछताछ के दौरान रिशु श्री ने यहां तक कह दिया कि प्रवर्तन निदेशालय (ED) की रिपोर्ट पूरी तरह से गलत है। फर्जी तरीके से बनाई गई है। इसके आधार पर SVU ने जो FIR दर्ज की है, वो भी सही नहीं है। मतलब, वह जांच एजेंसियों के ऊपर ही सवाल खड़ा कर रहा था। जब SVU ने उसे गिरफ्तार किया था, तब उस वक्त की पूछताछ में वो सारे सवालों का जवाब सही तरीके से दे रहा था।

# आत्मसमर्पण के लिए बोलने के बाद भी लगातार करता रहा पुलिस पर फायरिंग

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** भोजपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में बीते बुधवार हाथ में पिस्टल लहराते व हवाई फायरिंग करते बिलौटी गांव के भरत भूषण तिवारी फेसबुक पर लाइव आकर वीडियो बना रहा था। पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही घटना का सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई के लिए पुलिस व भोजपुर एसटीएफ टीम द्वारा फौरन घटनास्थल पर पहुंची। सरकारी सूत्रों के मुताबिक घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस व एसटीएफ द्वारा व्यक्ति को लगातार आत्मसमर्पण के लिए बोला जा रहा था। लेकिन भरत भूषण तिवारी अपने हाथ में लिये पिस्टल से पुलिस पर लगातार रूक-रूक कर फायरिंग करता रहा। ऐसे में पुलिस टीम व आमलोगों के सुरक्षा के लिए पुलिस व एसटीएफ ने त्वरित कार्रवाई करने का निर्णय लिया। वहीं हाथ में बेखौफ पिस्टल लहरा रहे भरत भूषण तिवारी पर नियंत्रण पाने के लिए एसटीएफ के जवानों द्वारा बुलेटप्रुफ जैकेट के साथ व्यक्ति की क्लोज कॉडनिंग की जा रही थी। तभी भरत भूषण ने पुलिस व एसटीएफ के जवानों को अपनी तरफ बढ़ता देख उन्हें लक्ष्य कर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जिसपर पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा व आस-पास के लोगों की रक्षा के लिए जवाबी कार्रवाई में फायरिंग की गयी। जिससे पुलिस की गोली व्यक्ति के पैर में लगी। गोली पैर में लगने के बाद घायल भरत भूषण को इलाज के लिए फौरन पीएमसीएच लाया गया। इलाज के दौरान घायल भरत भूषण की मौत हो गयी। बता दें कि पुलिस व एसटीएफ को मृतक भरत भूषण के पास से 1 पिस्टल, 2 जिन्दा कारतूस, 2 मैग्जीन व 2 खोखा बरामद हुआ है।

# पर्यावरण को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी : नेहा डे

नई सोच एक्सप्रेस



**हाजीपुर।** पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर द यूनिवर्सिटी ऑफ बर्धमान के एमबीए (एचआर) विभाग की छात्राओं ने एक जागरूकता अभियान के तहत पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग जिला अंतर्गत प्रसिद्ध मिरिक लेक के पास दर्जनों पर्यटकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। इस अभियान का नेतृत्व कर रहीं नेहा डे ने अन्य छात्राओं के साथ हाथों में विभिन्न संदेशों वाली तख्तियां लेकर जनजागरण अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। अपने संदेश में छात्राओं ने लोगों से कूड़ा-कचरा डस्टबिन में डालने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने तथा अपने आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने की अपील की। इस अवसर पर वैशाली जिले के प्रसिद्ध पत्रकार मोहम्मद शाहनवाज अत्ता सहित अन्य पर्यटकों और उनके परिवारों को पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता बनाए रखने के विभिन्न उपायों के बारे में जानकारी दी गई। छात्राओं ने पानी की बर्बादी रोकने, कचरा इधर-उधर न फैलाने, नदियों, तालाबों और झीलों को प्रदूषण से मुक्त रखने जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी लोगों को जागरूक किया। इस अभियान में द यूनिवर्सिटी ऑफ बर्धमान के एमबीए (एचआर) विभाग की छात्राएं स्निग्धा बसाक, मधुरीमा चटर्जी, ओंद्रिला पात्रा, राबिया खातून, नेहा गुप्ता, मौपिया लाहा, प्रत्यक्षा मलिक, सुवीच्छा मजूमदार, त्रिना चक्रवर्ती और एलिशा शबनम मिध्या सहित अन्य छात्राएं उपस्थित थीं।

# नगर आयुक्त ने माननीय पार्षदों के साथ वार्ड 11, 12, 13 एवं 14 का किया व्यापक निरीक्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**पटना।** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त ने शनिवार को नूतन राजधानी अंचल अंतर्गत वार्ड संख्या 11, 12, 13 एवं 14 का व्यापक स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित वार्डों के माननीय पार्षदों एवं निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं, जलनिकासी व्यवस्था, जलापूर्ति परियोजनाओं, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट तथा नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में नगर आयुक्त ने बेऊर क्षेत्र में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) की गैस पाइपलाइन के एलाइंमेंट में प्रस्तावित नाला निर्माण एवं जलापूर्ति परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही तकनीकी एवं प्रशासनिक चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की गई। अभियंताओं द्वारा अवगत कराया गया कि बुडको (BUDCO) के माध्यम से बेऊर मोड़ से डीपीएस तक एक महत्वपूर्ण नाला निर्माण परियोजना प्रस्तावित है। यह परियोजना क्षेत्र में जलनिकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने और वर्षा के दौरान होने वाले जलजमाव की समस्या के समाधान के उद्देश्य से तैयार की गई है। हालांकि, प्रस्तावित नाला आईओसीएल की गैस पाइपलाइन के प्रभाव क्षेत्र से होकर गुजरता है, जिसके कारण अब तक आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्राप्त नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप परियोजना का कार्य प्रारंभ नहीं हो पाया है और क्षेत्र में जलजमाव की समस्या बने रहने की आशंका है। इसके अतिरिक्त, पटना नगर निगम की जलापूर्ति पाइपलाइन परियोजना भी आईओसीएल की गैस पाइपलाइन के राइट-ऑफ-वे (Right of Way) के समीप प्रस्तावित है। इस परियोजना के लिए भी एनओसी लंबित रहने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बुडको एवं नगर निगम के जलापूर्ति बोर्ड द्वारा इस संबंध में आईओसीएल के साथ लगातार पत्राचार एवं समन्वय स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर आयुक्त ने अभियंताओं को निर्देश दिया कि वे आईओसीएल के अधिकारियों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर आवश्यक अनुमतियां शीघ्र प्राप्त करें तथा लंबित परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने की दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने पंजाबी कॉलोनी, साई नगर, गर्दनीबाग, महादेवपुरी सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर स्थानीय नागरिक सुविधाओं की स्थिति का भी जायजा लिया। उन्होंने जलजमाव की संभावित समस्याओं, सफाई व्यवस्था, कचरा निष्पादन, नालों की सफाई, स्ट्रीट लाइट की कार्यशीलता एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने तथा नागरिकों को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान वार्ड संख्या 11 के माननीय पार्षद श्री रवि प्रकाश, वार्ड संख्या 12 की माननीय पार्षद श्रीमती सविता सिन्हा, वार्ड संख्या 13 के माननीय पार्षद श्री गीत कुमार, अपर नगर आयुक्त (सफाई), नूतन राजधानी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, जलापूर्ति बोर्ड के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# फिजिकल एआई के नए युग को गति दे रहा एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स



नई सोच एक्सप्रेस

**पटना।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स ने फिजिकल एआई के युग के लिए अपने रोबोटिक्स विजन पर प्रकाश डाला है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स फिजिकल एआई के नए युग को गति दे रहा है। कंपनी अपने एलजी क्लोइड रोबोट के माध्यम से इस तकनीक को फैक्ट्रियों से निकालकर घरों, मोबिलिटी समाधानों, कमर्शियल स्पेस और औद्योगिक वातावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में विस्तारित कर रही है। विविध परिवेशों की गहन समझ, अत्याधुनिक रोबोटिक्स तकनीकों और एक मजबूत फिजिकल एआई इकोसिस्टम के बल पर एलजी वैश्विक रोबोटिक्स बाजार में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रहा है। रोबोटिक्स में अपने दशकों के अनुभव और फिजिकल एआई इकोसिस्टम का लाभ उठाते हुए, एलजी जीरो लेबर होम नामक एक विजन पर काम कर रहा है। भविष्य के इस आवासीय परिवेश में, इंटेलिजेंट रोबोट, कनेक्टेड अप्लायंसेज और एआई ऑर्केस्ट्रेशन सिस्टम न्यूनतम मानवीय हस्तक्षेप के साथ घर के कामों को सक्रिय रूप से प्रबंधित करने के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे। एलजी क्लोइड होम रोबोट इस विजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। थिंक कनेक्टेड अप्लायंस इकोसिस्टम के साथ सहजता से काम करते हुए, क्लोइड रोजमर्रा की घरेलू गतिविधियों में मदद कर सकता है। साथ ही, यह एआई इंटेलिजेंस और घर के वातावरण के बीच एक भौतिक इंटरफेस के रूप में भी काम करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### करंट की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की मौत

**मोतिहारी।** रामगढ़वा प्रखंड के परसौना मदन गांव में बुधवार को बिजली के करंट की चपेट में आने से 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान परसौना मदन निवासी चंद्रशेखर साह के पुत्र विश्वजीत कुमार के रूप में की गई है।मिली जानकारी के अनुसार, विश्वजीत रोजाना की तरह मजदूरी का काम कर घर लौटा था। घर के अंदर प्रवेश करने के बाद, जैसे ही उसने पंखे का स्विच ऑन करने की कोशिश की, उसे जोरदार करंट का झटका लगा। घटना के बाद युवक वहीं अचेत होकर गिर गया। करीब आधे घंटे बाद जब परिजन कमरे में पहुंचे, तो उसे बेसुध पाया।आनन-फानन में स्वजन उसे इलाज के लिए रामगढ़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से मृतक के स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। युवक की असमय मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### लगातार चौथी बार पैक्स अध्यक्ष बने गोपीचन यादव

**बेतिया।**मझौलिया प्रखंड अंतर्गत बखरिया पंचायत के सहयोग सहकारिता समिति पैक्स के अध्यक्ष पद के चुनाव में गोपीचंद यादव ने लगातार चौथी बार जीत दर्ज कर अपनी मजबूत पकड़ साबित की है। यह जानकारी निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन कुमार ने दी।उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बुधवार की देर रात्रि मतगणना का कार्य संपन्न हुआ। मतगणना के बाद घोषित परिणाम में गोपीचंद यादव ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी भनु यादव को बड़े अंतर से पराजित किया। गोपीचंद यादव को कुल 884 मत प्राप्त हुए, जबकि भनु यादव को 431 मत मिले। इस प्रकार गोपीचंद यादव ने 463 मतों के अंतर से शानदार जीत हासिल की।चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में समर्थक मतगणना स्थल के बाहर एकत्रित होकर जीत का जश्न मनाने लगे। समर्थकों ने गोपीचंद यादव को फूल-मालाओं से लाद दिया तथा अबीर-गुलाल लगाकर अपनी खुशी का इजहार किया। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच समर्थकों ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर जीत का उत्सव मनाया।वहीं कार्यकारिणी सदस्यों के चुनाव परिणाम भी घोषित किए गए। निर्विरोध निर्वाचित होने वालों में चिन्ता देवी,शिवमति देवी,अमरदीप कुमार निर्विरोध जीत दर्ज की। पैक्स सदस्य में निर्वाचित हुए सदस्यों राजदेव यादव ,सुग़ांति देवी,रूपेश कुमार साह,मुनिलाल यादव,राजांति देवी,श्यामा देवी,धीरज कुमार सिंह,जयप्रकाश चौबे भी कार्यकारिणी सदस्य पद पर निर्वाचित घोषित किए गए। जीत के बाद गोपीचंद यादव ने मतदाताओं एवं समर्थकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पैक्स के विकास तथा किसानों के हित में पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा लगातार चौथी बार दिया गया विश्वास उनके लिए बड़ी जिम्मेदारी है, जिसे वे पूरी मेहनत से निभाने का प्रयास करेंगे।

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को बड़ी राहत, प्रमाण पत्र अब एक वर्ष तक वैध

**छपरा।**आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए राहत भरी खबर है। उच्च जातियों के विकास के लिए राज्य आयोग, बिहार के सदस्य राजकुमार सिंह ने कहा है कि आयोग की पहल और निरंतर प्रयासों के परिणामस्वरूप ईडब्ल्यूएस आरक्षण का लाभ पात्र अभ्यर्थियों तक प्रभावी रूप से पहुंच रहा है। उन्होंने बताया कि आयोग के पुनर्गठन के बाद से ईडब्ल्यूएस वर्ग के अधिकारों की रक्षा तथा आरक्षण व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार प्रयास किए गए हैं। राजकुमार सिंह ने बताया कि बिहार सरकार ने ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को बड़ी राहत देते हुए प्रमाण पत्र की वैधता अवधि बढ़ा दी है। सामान्य प्रशासन विभाग के अवर सचिव दिवाकर मणि द्वारा जारी पत्र के अनुसार अब ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र निर्गत होने की तिथि से एक वर्ष तक मान्य रहेगा। पूर्व में प्रमाण पत्र पर वित्तीय वर्ष अंकित होने के कारण अभ्यर्थियों को प्रत्येक वर्ष नया प्रमाण पत्र बनवाना पड़ता था। नई व्यवस्था लागू होने से उन्हें बार-बार प्रमाण पत्र बनवाने की प्रक्रिया से राहत मिलेगी। सरकार ने इस संबंध में सभी भर्ती आयोगों एवं संबंधित संस्थानों को आवश्यक निर्देश भी जारी कर दिए हैं। सदस्य राजकुमार सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि ईडब्ल्यूएस आरक्षण के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार के हालिया निर्णयों से राज्य के हजारों ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को लाभ मिलेगा और भर्ती प्रक्रियाओं में उनकी भागीदारी और अधिक सशक्त होगी। उन्होंने कहा कि आयोग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बिहार पुलिस में सिपाही के 19,838 पदों पर हुई नियुक्ति प्रक्रिया में 1,983 ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों का चयन हुआ है। इसके अलावा अखिल भारतीय सेवाओं की 258 रिक्तियों के विरुद्ध 26 ईडब्ल्यूएस अभ्यर्थियों को सफलता मिली है।

### शिविर में 663 आवेदन मिले, 366 का निष्पादन ,तीन दिवसीय जन कल्याण शिविर संपन्न, सर्वाधिक सामाजिक सुरक्षा पेंशन के मामले



**हरनौत।**बिहार सरकार के जन कल्याण अभियान के तहत नालंदा जिले के हरनौत प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में आयोजित तीन दिवसीय प्रखंड सहयोग सह जन कल्याण शिविर बृहस्पतिवार को संपन्न हो गया। इस शिविर में कुल 663 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 366 का मौके पर ही निष्पादन किया गया।शिविर की निगरानी के लिए वरीय पदाधिकारी सह बंदोबस्त पदाधिकारी प्रभात चंद्र दो दिनों तक स्वयं मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त, जिले से प्रतिनियुक्त नगर आयुक्त निशांत विवेक ने भी स्थल का निरीक्षण किया और अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस शिविर में सामाजिक सुरक्षा कोषांग, पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास योजना ग्रामीण सहित केंद्र और राज्य सरकार की प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाएं शामिल थीं। सभागार भवन के अंदर प्रत्येक योजना के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए थे। आवेदकों के मार्गदर्शन और फॉर्म भरने में सहायता के लिए बरामदे में एक हेल्प डेस्क भी स्थापित किया गया था। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य जांच जैसे रक्तचाप, शर्करा और स्वास्थ्य परामर्श के लिए एक मेडिकल स्टॉल की भी व्यवस्था थी। बंदोबस्त पदाधिकारी प्रभात चंद्र ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की प्रमुख जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े पात्र व्यक्तियों तक सीधे पहुंचाना था। शिविरों में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत नए आवेदन, निबंधन, भौतिक सत्यापन, ई-केवाईसी तथा लंबे समय से लंबित मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया।शिविर के पहले, दूसरे और तीसरे दिन क्रमशः 168, 235 और 260 आवेदन प्राप्त हुए, जिससे कुल आवेदनों की संख्या 663 हो गई। इनमें से 366 आवेदनों का निष्पादन किया गया। सर्वाधिक 264 आवेदन सामाजिक सुरक्षा कोषांग (वृद्धा, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन) से संबंधित थे। अन्य आवेदनों में आयुष्मान भारत के 37, आयुष्मान वय वंदना कार्ड के 4, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के 30, पीएम आवास योजना ग्रामीण व शहरी के 166, लखपति दीदी के 16, जी राम जी के 43, पीएम किसान सम्मान निधि के 5, सीएम कन्या उत्थान छात्रवृत्ति योजना के 15, सीएम उद्यमी योजना का 1, निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड के 3, सीएम स्वयं सहायता भत्ता योजना का 1, पीएम मातृत्व वंदना योजना के 25, पीएचईडी के 7, आपूर्ति के 3, निर्वाचन का 1, अंचल का 1 और पंचायती राज के 4 आवेदन शामिल थे।

# माधव आनंद ने उठाया मधुबनी की शिक्षा का मुद्दा, वाटसन विद्यालय के विकास की बढ़ी उम्मीद

नई सोच एक्सप्रेस



> » वाटसन हाई स्कूल के कायाकल्प को लेकर विधायक माधव आनंद की पहल को मिली प्रशासनिक गति

**मधुबनी/बिहार।**मधुबनी की शैक्षणिक विरासत और गौरव का प्रतीक ऐतिहासिक वाटसन उच्च विद्यालय को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल हुई है। मधुबनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं राष्ट्रीय लोक मोर्चा विधायक दल के नेता माधव आनंद द्वारा उठाए गए प्रयासों को शिक्षा विभाग ने गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई हेतु माध्यमिक शिक्षा निदेशक को प्रस्ताव अग्रसारित कर दिया है।वाटसन उच्च विद्यालय वर्षों से मिथिला की शैक्षणिक पहचान का केंद्र रहा है। इस विद्यालय से शिक्षा प्राप्त कर अनेक विद्यार्थियों ने प्रशासन, न्यायपालिका, शिक्षा, राजनीति एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। ऐसे में विद्यालय को आधुनिक सुविधाओं से युक्त मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने की मांग लंबे समय से उठती रही है।ज्ञात हो कि 26 मई 2026 को विधायक माधव आनंद ने बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर विद्यालय के समग्र आधुनिकीकरण का आग्रह किया था। उन्होंने विद्यालय में स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक विज्ञान एवं कंप्यूटर प्रयोगशालाएं, समृद्ध पुस्तकालय, खेल सुविधाएं तथा उन्नत आधारभूत संरचना विकसित करने की मांग रखी थी, ताकि मधुबनी के विद्यार्थियों को महानगरों जैसी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा अपने जिले में ही उपलब्ध हो सके। शिक्षा विभाग से प्राप्त पत्र के अनुसार विधायक द्वारा भेजे गए प्रस्ताव को आवश्यक कार्रवाई के लिए निदेशक (माध्यमिक शिक्षा), बिहार, पटना को भेज दिया गया है। इसे मधुबनी के विद्यार्थियों, अभिभावकों और पूर्ववर्ती छात्रों की वर्षों पुरानी आकांक्षाओं को साकार करने की दिशा में सकारात्मक कदम माना जा रहा है। इस संबंध में विधायक श्री माधव आनंद ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि मधुबनी की प्रतिभाएं किसी भी स्तर पर कम नहीं हैं, आवश्यकता केवल बेहतर अवसर और संसाधन उपलब्ध कराने की है। यदि वाटसन उच्च विद्यालय मॉडल स्कूल के रूप में विकसित होता है तो यह केवल एक संस्थान का विकास नहीं होगा, बल्कि पूरे जिले के शैक्षणिक भविष्य को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम साबित होगा।उन्होंने कहा कि उनका प्रयास है कि मधुबनी के बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए जिले से बाहर जाने की मजबूरी न हो तथा यहां ऐसी शैक्षणिक व्यवस्था विकसित हो जिस पर पूरे बिहार को गर्व हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा, युवाओं और जनहित से जुड़े मुद्दों को वे निरंतर सरकार के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे।

## दिव्यांगजन सशक्तिकरण के कार्यों की मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने की सराहना



नई सोच एक्सप्रेस

**मुजफ्फरपुर।**बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह मुजफ्फरपुर जिला प्रभारी मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल के मुजफ्फरपुर आगमन पर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में सक्रिय समाजसेवी श्री शांति मुकुल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान मंत्री डॉ. जायसवाल ने श्री शांति मुकुल द्वारा दिव्यांगजनों के उत्थान और सामाजिक सरोकारों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। उन्होंने भविष्य के कार्यों के लिए शुभकामनाएं भी दीं। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि श्री शांति मुकुल जैसे समाजसेवी सरकार और समाज के बीच महत्वपूर्ण सेतु की भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष हरिमोहन चौधरी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# संघर्ष से सफलता तकः विश्वकर्मा योजना के सहारे संगीता बनी आत्मनिर्भर

नई सोच एक्सप्रेस



**मधुबनी/बिहार।**सरकारी योजनाओं का सही लाभ और दृढ़ इच्छाशक्ति किसी भी व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। इसका जीवंत उदाहरण मधुबनी जिले के खजौली प्रखंड की निवासी संगीता कुमारी है, जिन्होने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता से रेडीमेड गारमेंट्स व्यवसाय शुरू कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल पेश की है।संगीता कुमारी को ग्राम पंचायत के मुखिया के माध्यम से प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी मिली। योजना के तहत आवेदन करने के बाद उन्हें एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता प्राप्त हुई। इस राशि से उन्होंने रेडीमेड गारमेंट्स निर्माण इकाई स्थापित की और शर्ट, टी-शर्ट, फ्रॉक सहित विभिन्न प्रकार के वस्त्रों का निर्माण कार्य प्रारंभ किया।व्यवसाय के शुरुआती दौर में उन्हें बाजार में पहचान बनाने और ग्राहकों का भरोसा जीतने के लिए कई चुनौतियो का सामना करना पड़ा। बावजूद इसके उन्होने निरंतर परिश्रम, गुणवत्ता और ग्राहकों की पसंद को प्राथमिकता देते हुए अपने उत्पादों को बाजार में स्थापित किया। परिणामस्वरूप उनका व्यवसाय धीरे-धीरे स्थानीय बाजार में लोकप्रिय होता गया और आज एक सफल उद्यम के रूप में पहचान बना चुका है।वर्तमान में यह व्यवसाय उनके परिवार की आय का प्रमुख स्त्रोत बन गया है। इससे न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि समाज में उनकी प्रतिष्ठा भी बढ़ी है। संगीता कुमारी अब अपने उद्यम का विस्तार कर अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करना चाहती हैं। इसके लिए वे अतिरिक्त पूंजी और आधुनिक प्रशिक्षण की आवश्यकता महसूस कर रही है।संगीता कुमारी का कहना है कि बिहार में प्रतिभाशाली कारीगरो और बाजार की अपार संभावनाएं मौजूद है। यदि युवा सरकारी योजनाओं की जानकारी लेकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं, तो वे न केवल स्वयं आत्मनिर्भर बन सकते हैं बल्कि अन्य लोगो के लिए भी रोजगार के अवसर सृजित कर सकते है।संगीता कुमारी की सफलता की यह कहानी प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की उपयोगिता और प्रभावशीलता को दर्शाती है। उनकी उपलब्धि विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर उभरी है, जो सीमित संसाधनो के बावजूद अपने सपनो को साकार करने का संकल्प रखते हैं।

## प्रखंड स्तरीय शारदीय खरीफ महाअभियान का आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**वैशाली।**प्रखंड मुख्यालय के राजापाकर बसरा स्थित किसान भवन में शारदीय खरीफ महाभियान सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें प्रखंड क्षेत्र के स्त्री पुरुष किसान सहित कृषि विभाग के पदाधिकारी कृषि समन्वय किसान सलाहकारों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। जिसका दीप जलाकर उदघाटन प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अवधेश राय प्रखंड कृषि पदाधिकारी आनंद मौर्य, उद्यान पदाधिकारी मनोज कुमार ,आत्मा अध्यक्ष वीर चंद्र प्रसाद सिंह कृषि समन्वयक सुबोध कुमार बीपीएम राजकुमार साह दरोगा पासवान जैविक किसान तेज नारायण सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि अभी किसानों रजिस्ट्रेशन कार्य प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जोर शोर से चल रहा है। जो किसान छुटे हुए हैं जिनके नाम से जमीन है वह फॉर्मर रजिस्ट्रेशन अवश्य करवा लें नहीं तो वह कृषि विभाग द्वारा दी जाने वाली सभी अनुदान से वंचित हो जाएंगे। वहीं किसानों को कृषि यंत्रीकरण के तहत सब्सिडी बाले कृषि उपकरण खरीदने की सलाह दी गई। प्रशिक्षण कृषि विभाग द्वारा देने की बात कही गई।किसानों को सलाह दी गई कि वह मिट्टी जांच कराकर ही खेती करें। इससे कम खर्चे में अधिक पैदावार होती है। वहीं तकनीकी प्रबंधक रौनी कुमार ने कहा कि जैविक खेती से खेत की उर्वरा शक्ति बनी रहती है। किसान रासायनिक खाद्य की अपेक्षा जैविक खाद का अधिक प्रयोग करें। खेतों में हाइब्रिड बीज का इस्तेमाल करें।श्री विधि तरीके से धान की खेती करें। इससे कम लागत में अधिक पैदावार होती है। बीस सूत्री अध्यक्ष अवधेश राय ने कहा कि पंचायत में कार्यरत कृषि सलाहकार सही ढंग से कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी किसानों को नहीं देते हैं। वे घर-घर जाकर किसानों को इसकी जानकारी दें ताकि वे उसका लाभ उठा सकें।

# बिहार विभूति डा. अनुग्रह नारायण सिंह की जयंती पर स्वास्थ्य शिविर, मरीजों के बीच बांटी गई दवा

नई सोच एक्सप्रेस



**औरंगाबाद।**बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह की 139वीं जयंती गुरुवार को समाहरणालय स्थित उनके स्मारक परिसर में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। जयंती समारोह के अवसर पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गईं। सुबह 10 बजे से दोपहर तीन बजे तक चले शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शिविर में एके अस्पताल के निदेशक एवं सर्जन डॉ. अभिषेक कुमार सिंह ने मरीजों की जांच की। उन्होंने मस्तिष्क, रीढ़, पेट, छाती, शुगर तथा रक्तचाप से संबंधित विभिन्न बीमारियों से पीड़ित मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यक चिकित्सीय परामर्श दिया। चिकित्सकों ने मरीजों को नियमित जांच, संतुलित आहार और स्वच्छ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई के अभाव में फैलने वाली बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। कहा गया कि समय पर जांच और उपचार से कई गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। शिविर में पहुंचे मरीजों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण एवं जरूरतमंद लोगों के लिए लाभकारी बताया। इस अवसर पर वक्ताओं ने बिहार विभूति डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह ने समाज सेवा, शिक्षा और जनकल्याण के क्षेत्र में जो आदर्श स्थापित किए, वे आज भी प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज और राष्ट्र का समग्र विकास संभव है। कार्यक्रम में रामभजन सिंह, नागेंद्र सिंह, नवीन कुमार, अरविंद कुमार, राजेश्वर प्रसाद, मो. जिन्ना, मो. जुल्फिकार, टिंकू सिंह, प्रो. विनोद सिंह, मो. इरफान, मो. शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान, उदय पासवान, रामपति राम, देवंती कुमारी, छोटू कुमार, मो. शकील, विजय कुमार, पंकज कुमार, मनोज कुमार, रामाधार शर्मा एवं सूर्यदेव यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## बिहार के विभूति श्री अनुग्रह बाबू की 139 वीं जयंती समारोह आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**बाढ़।**बिहार के विभूति श्री अनुग्रह नारायण सिंह जी की 139वीं जयंती समारोह बाढ़ शहर के अनुग्रह नारायण सिंह महाविद्यालय के विहल सभागार में आयोजित हुए।इस कार्यक्रम का शुभारंभ अनुग्रह बाबू के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया और द्वीप पर प्रज्वलित किया गया । इस समारोह के पूर्व विशिष्ट अतिथि पूर्व कुलपति रासबिहारी प्रसाद सिंह डॉक्टर सियाराम सिंह बाढ़ विधायक, महाविद्यालय के प्रधानाचार्य शशि प्रताप शाही बाढ़ नगर के सभापति संजय कुमार गाय माता रहे।इस कार्यक्रम में पूर्व विभाग अध्यक्ष विमल सिंह पूर्व पार्षद रणजीत कुमार गब्लू पूर्व मुख्य सभापति राजीव कुमार चुन्ना आ० ना०सिंह हाई स्कूल बाढ़ पूर्व प्रधानाचार्य उपेंद्र कुमार सिंह डॉ अंजेश कुमार बड़ा बाबू मोहन प्रसाद सिंह अरुण कुमार सिंह,शंभू नारायण सिंह महाविद्यालय शिक्षकगण एवं कर्मचारीगण,छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

# जहानाबाद में चोरों के निशाने पर अब किसान, कुएं से 18 फीट नीचे लगा मोटर चोरी

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं के बीच अब चोरों ने किसानों को भी निशाना बनाना शुरू कर दिया है। ताजा मामला परस बिगहा थाना क्षेत्र के गोरापुर गांव का है, जहां सिंचाई के लिए कुएं में लगाया गया मोटर चोरी कर लिया गया। इस घटना ने न सिर्फ किसान की मेहनत पर पानी फेर दिया है बल्कि उसकी आजीविका पर भी संकट खड़ा कर दिया है।गोरापुर गांव निवासी किसान मुकेश कुमार अपनी खेती की सिंचाई कुएं में लगाए गए 2 एचपी मोटर के माध्यम से करते थे। यह मोटर करीब 18 फीट गहरे कुएं के अंदर स्थापित था। आज सुबह जब वह खेत पहुंचे और मोटर चालू करने का प्रयास किया तो न मोटर से कोई आवाज आई और न ही खेत में पानी पहुंचा। इसके बाद जब वह कुएं के पास पहुंचे तो वहां का दृश्य देखकर हैरान रह गए। कुएं पर लगा ताला टूटा हुआ था, सुरक्षा के लिए लगाई गई लोहे की जाली उखाड़ी जा चुकी थी और मोटर गायब था। इतना ही नहीं, मोटर से जुड़े तार और केबल भी काट दिए गए थे। चोरों ने 18 फीट गहराई में उतरकर मोटर की चोरी को अंजाम दिया। पिछले महीने भी मेरी मोटर चोरी हुई थी, जिसकी शिकायत मैंने थाने में की थी। अब दूसरी बार चोरी होने से खेती करना मुश्किल हो गया है। हमारी रोजी-रोटी पूरी तरह खेती पर निर्भर है। प्रशासन जल्द से जल्द कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार करे। किसान मुकेश कुमार ने बताया कि उन्होंने एक संदिग्ध व्यक्ति के संबंध में पुलिस को जानकारी दी है हालांकि जांच को प्रभावित होने से बचाने के लिए उसका नाम सार्वजनिक नहीं किया गया है। उन्होंने मामले की जांच डॉग स्क्वायड की मदद से कराने की भी मांग की है। आनंद कुमार, थाना प्रभारी को इस मामले में लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। पूर्व में हुई चोरी की घटना में भी पूछताछ की गई थी। इस मामले में भी आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए जल्द ही दोषियों तक पहुंचने का प्रयास किया जाएगा। किसानों का कहना है कि यदि सिंचाई के साधन ही सुरक्षित नहीं रहेंगे तो खेती करना मुश्किल हो जाएगा। गोरापुर गांव में हुई इस घटना ने किसानों की सुरक्षा और उनकी मेहनत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## बिजली विभाग की लापरवाही ने ली एक और जान, करंट की चपेट में आने से युवक की मौत


नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** मखदुमपुर बाजार में बिजली विभाग की कथित लापरवाही से एक युवक की जान चली गई। बिजली के पोल में उतरे करंट की चपेट में आने से 18 वर्षीय चन्दन कुमार की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि संबंधित पोल में करंट आने की शिकायत कई दिनों पहले ही बिजली विभाग और स्थानीय अधिकारियों को दी गई थी लेकिन विभाग ने समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। जानकारी के अनुसार, मखदुमपुर बाजार निवासी चन्दन कुमार रोज की तरह सुबह अपनी लिट्टी की दुकान खोलने पहुंचा था। दुकान खोलने के बाद वह पास में शौच के लिए गए। इसी दौरान रास्ते में स्थित बिजली के पोल में प्रवाहित हो रहे करंट की चपेट में आ गए। देखते ही देखते वह पोल से चिपक गया। स्थानीय लोगों के शोर मचाने पर आसपास के लोग और मखदुमपुर थाना के पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। काफी मशक्कत के बाद लाठियों की मदद से युवक को करंट के प्रभाव से अलग किया गया। हालांकि तब तक बहुत देर हो चुकी थी और युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक के परिजनों ने बिजली विभाग पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि जिस पोल में करंट उतर रहा था, उसकी शिकायत कई बार की गई थी। इतना ही नहीं, दो दिन पूर्व उसी स्थान पर करंट लगने से एक कुत्ते की भी मौत हो गई थी। उस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बिजली विभाग और संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचना देकर पोल की मरम्मत कराने की मांग की थी लेकिन विभाग ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते विभाग ने आवश्यक कदम उठाए होते तो आज एक युवक की जान नहीं जाती। घटना के बाद पूरे बाजार क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। लोगों ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई और मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### जब भक्ति और संगीत का हुआ दिव्य संगम, विराट द्विवेदी के सुरो से गुंजायमान हुआ मंदिर



**मधुबनी।**बिहार शशि द्विवेदी के सुपुत्र विराट द्विवेदी ने बिखेरा भक्ति संगीत का जादू, दिव्य सुरों से गूंज उठा नागा बाबा महावीर मंदिरमधुबनी जिला के जयनगर नवनिर्मित एवं भव्य नागा बाबा महावीर मंदिर में आयोजित ऐतिहासिक प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दौरान धार्मिक आस्था, वैदिक अनुष्ठानों और आध्यात्मिक ऊर्जा के बीच एक बाल प्रतिभा ने अपनी अद्भुत गायन कला से उपस्थित श्रद्धालुओं के हृदय पर अमिट छाप छोड़ दी। मात्र 12 वर्ष की आयु में विलक्षण संगीत प्रतिभा के धनी बाल गायक विराट द्विवेदी ने अपनी सुरमयी एवं ओजस्वी प्रस्तुति से पूरे वातावरण को भक्तिरस में सराबोर कर दिया।काशी नगरी बनारस से पधारे निराट द्विवेदी ने मंदिर परिसर में आयोजित सांस्कृतिक एवं भक्ति संध्या कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीराम, भगवान शिव एवं मां भगवती को समर्पित भजनों और स्तुतियों की ऐसी मनोहारी प्रस्तुति दी कि श्रद्धालु भाव-विभोर होकर देर तक तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साहवर्धन करते रहे। मीडिया से विशेष बातचीत के दौरान बाल कलाकार ने भगवान श्रीराम को समर्पित प्रसिद्ध भक्ति धुन "राम सिया राम" प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति कराई। उनकी प्रस्तुति ने न केवल लोगों का मन मोह लिया बल्कि धार्मिक आयोजन की गरिमा को भी नई ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर बाल गायक के पिता एवं मशहूर इवेंट मैनेजर शशि द्विवेदी ने मीडिया को बताया कि उनका परिवार मूल रूप से जयनगर से जुड़ा हुआ है।

### आपदा प्रबंधन के तहत उपविकास आयुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा



**नालंदा।**जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में आज गुरुवार को रंजन कुमार चौधरी प्रभारी उप विकास आयुक्त - सह - अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन नालन्दा की अध्यक्षता में जिला उपभोक्ता संरक्षण परिषद् की बैठक आयोजित की गई। बैठक में परिषद् के सदस्यों द्वारा उपभोक्ताओं के मध्य उनके अधिकारों के संबंध में जागरूकता फैलाने, उपभोक्ताओं के अधिकारों के संरक्षण करने इत्यादि विषयों पर चर्चा की गयी।उपभोक्ताओं के मध्य जागरूकता फैलाने के संबंध में सदस्यों द्वारा सुझाव दिया गया कि सरकारी पंचायत भवन में सुगोचर स्थान पर एक बड़ा पोस्टर लगाया जाय जिसमें उपभोक्ताओं के अधिकार एवं उसके संरक्षण से संबंधित विवरणी स्पष्ट रूप से स्थानीय भाषा में उल्लिखित हो जिससे पंचायत भवन में आने वाले उपभोक्ता अपने अधिकारों को जान सकें। साथ ही माह में कम से कम एक बार पंचायत भवन में स्थानीय जन प्रतिनिधियों यथा मुखीया, वार्ड सदस्य की उपस्थिति में उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित एक सेमिनार के आयोजन करने का सुझाव दिया गया। इसके अतिरिक्त उच्च विद्यालयों एवं कॉलेजों में भी उपभोक्ता संरक्षण से संबंधित सेमिनार का आयोजन करने का निदेश दिया गया है।

### मांझी में रामघाट पर नहाने के दौरान आठ वर्षीय बालक डूबा



**सारण।**मांझी थाना क्षेत्र के रामघाट पर सुबह एक हादसा हो गया, जहां अपने परिजनों के साथ नदी में नहाने आया आठ वर्षीय बालक गहरे पानी में डूब गया। बालक की पहचान गौरी मठिया गांव निवासी सुशील गिरी के पुत्र शेरू गिरी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि आगामी 25 जून को होने वाले गृह प्रवेश की पूजा के लिए जल लेने आईं महिलाओं के साथ आधा दर्जन बच्चे भी रामघाट आए थे। नहाने के दौरान शेरू गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद घाट पर चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही मांझी थाना पुलिस टीम और स्थानीय गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंचे। फिलहाल गोताखोरों द्वारा शव की तलाश जारी है।

### नवादा सांसद विवेक ठाकुर ने चलाया विशेष जनसंपर्क अभियान, व्यवसायी वर्ग एवं प्रबुद्धजनों से किया संवाद



**नवादा।**केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के तहत नवादा के सांसद विवेक ठाकुर ने गुरुवार को शहर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक वर्गों के लोगों से आत्मीय मुलाकात कर संवाद स्थापित किया ।क्षेत्र के विकास और जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा की। सांसद विवेक ठाकुर ने शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्याम अग्रवाल के आवास पर आयोजित बैठक में व्यापारियों, उद्यमियों एवं समाज के प्रबुद्ध नागरिकों से भेंट की। बैठक में क्षेत्र के विकास, व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, रोजगार सृजन, आधारभूत संरचनाओं के विकास तथा आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। सांसद ने उपस्थित लोगों के सुझावों एवं विचारों को गंभीरता से सुना और उन्हें विकास की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बताया ।सांसद विवेक ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सफल एवं गौरवशाली 12 वर्षों की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देश में हुए व्यापक विकास कार्यों की जानकारी भी लोगों के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन, आधारभूत संरचना, डिजिटल क्रांति, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान हित और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश "सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण" के मूल मंत्र के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर व्यवसायी अमित अग्रवाल, गौरव वर्णनवाल, गुड्डू, आलोक, सौरव अग्रवाल, अमित बोहरा, सुजीत चौहान, ममता अग्रवाल, चेतन सुहार्षीया,पियूष सहित बड़ी संख्या में व्यापारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# एनएच 22 पर दर्दनाक हादसा, अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

नई सोच एक्सप्रेस



**जहानाबाद (हसनैन दीवाना)।** सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला NH-22 बायपास स्थित दरधा नदी पुल के समीप का है, जहां एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य हमेशा के लिए दुनिया छोड़ गया, जिससे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गुरुवार की शाम NH-22 बायपास स्थित दरधा नदी पुल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दौलतपुर मठिया निवासी मजदूर सतेंद्र भगत की मौत हो गई। बताया जाता है कि सतेंद्र भगत मजदूरी का काम समाप्त कर पैदल अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार अज्ञात चारपहिया वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। परिजन घायल अवस्था में सतेंद्र भगत को सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक डॉ. अरविंद कुमार नंदा ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक सतेंद्र भगत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री हैं। परिवार की पूरी आर्थिक जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। उनकी असामयिक मौत से परिवार के सामने आर्थिक और सामाजिक संकट खड़ा हो गया है। घटना की सूचना मिलने पर नगर थाना अध्यक्ष उमेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है। इस दौरान सरकार की ओर से मिलने वाली तत्काल सहायता राशि 20 हजार रुपये का चेक परिजनों को उपलब्ध कराया गया ताकि शोकग्रस्त परिवार को प्रारंभिक आर्थिक सहायता मिल सके।

## दहेज हत्या का आरोप ,पुलिस ने अधजला शव किया बरामद



नई सोच एक्सप्रेस

**बेतिया।**मझौलिया पुलिस ने रुलही सरेह से एक विवाहिता पुष्पा देवी का अर्ध जला शव को कब्जे में लेकर बुधबार की रात मे पोस्टमार्टम के लिये बेतिया भेजा।एसएचओ अमर कुमार ने बताया कि पीड़ित विवाहिता की शिकायत पर पुलिस हरक्क्त में आयी।रुलही सरेह से अधजला शव बरामद किया गया।पुलिस को देखते ही परिजन फरार हो गये।योगापट्टी थाना क्षेत्र के चौमुखा गावं निवासी ईश्वर यादव ने अपने पुत्री पुष्पा की दहेज की खातिर हत्या कर शव को आनन फानन में जलाने की शिकायत की।इसपर पुलिस ततपरता से रुलही के वार्ड 03 के सरेह से शव को बरामद किया।घटनास्थल पर पहुंचे विवाहिता पुष्पा के मौसी का लड़का चंदन कुमार यादव ने बताया कि ढाई वर्ष पहले उसके बहन की शादी रुलही वार्ड 03 निवासी श्याम यादव के साथ हुई।श्याम यादव पेशा से मजदूर है।शादी के बाद भैंस खरीदने के लिये दहेज की मांग की जाती रही।चंदन ने बताया कि उसकी बहन पुष्पा गर्ववती थी।दहेज की रकम नही मिलने पर उसके बहन की गला घोंट हत्या कर दी गयी और मायकेवालों को बगैर सूचित किये शव को जलाने लगे।पड़ोसी की सूचना पर मायके वाले ततपरता दिखाया और पुलिस की मदद से अधजला शव श्मशान घाट से बरामद किया।पुष्पा तीन भाइयों और दो बहनों में दूसरे नंबर पर थी।इस घटना के बाद ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़ फरार हो गए ।

## बिजली की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत

नई सोच एक्सप्रेस



**हरनौत।**नालंदा जिले के तेलमर थाना क्षेत्र के सोराडीह गांव स्थित खंधा में बृहस्पतिवार को मोरी का खेत देखने जा रहे एक किसान को बिजली का करंट लगने से मौत हो गया है। करेंट मृतक के दाहिने हाथ में लगा था।मृतक की पहचान सोराडीह गांव के निवासी स्वर्गीय महेंद्र प्रसाद के 51 वर्ष के पुत्र नागेंद्र प्रसाद के रूप में की गई।घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गया।उधर मौत की खबर सुनते ही परिवार वाले दहाड़ मार कर रोने लगे। घटना के संबंध में उनके पुत्र अविनाश कुमार ने बताया कि सुबह में घर से उठने के बाद गांव के पश्चिम दिशा में मोरी का खेत देखने जा रहे थे। उसी दरमियान पूर्व से 11 हजार वोल्ट के हाईटेंशन बिजली के नंगा तार गिरा हुआ था ।जिसके संपर्क में आने से वह बुरी तरह से झुलस गए और घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया ।उन्होंने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार पूरी तरह से जर्जर हो चुका था। तार को बदलने के लिए एक महीना पहले बिजली विभाग को सूचना दिया गया था उसके बावजूद भी तार को नहीं बदल गया। जिसके वजह से यह हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि अगर समय पर जर्जर तार को बदल दिया जाता तो शायद यह हादसा टल जाती।उधर गांव में चर्चा यह भी है कि नीलगाय के आतंक से किसान परेशान हैं। खेत में लगे मोरी को बचाना चुनौती बन गया है।जिसके बजह से कुछ किसान खेत में चारों साईड बिजली प्रवाहित कर तो कुछ किसान प्रहरी देकर, कुछ किसान बांस बल्ला खड़े करके उसमें कपड़ा या प्लास्टिक बांधकर बचाने में जुटे हैं। जिसके वजह से एक अन्य किस ने अपने खेत में करेंट प्रवाहित कर मोरी बचाने में जुटे थे।जिसके चपेटे में उक्त बुजुर्ग व्यक्ति आ गये। वही परिजनों के द्वारा मौत की सूचना स्थानीय तेलमर थाना पुलिस को दी गई। तेलमर थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस पहुंची थी। मृत्यु किन कारणों से और किस तरीके से हुई है।इसके लिए पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया ।वहीं पीड़ित परिवार ने संबंधित पुलिस पदाधिकारी से मुआवजे की मांग की है।

## सुगौली में कसेरा टाइल्स के भव्य शोरूम का उद्घाटन, क्षेत्रवासियों को मिलेगी आधुनिक सुविधाएं

नई सोच एक्सप्रेस



**मोतिहारी।** सुगौली बाजार के मेन रोड स्थित कसेरा टाइल्स जय लक्ष्मी एंटरप्राइजेज के नए एवं भव्य शोरूम का उद्घाटन समारोह उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गणमान्य लोग, व्यवसायी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।बताया गया कि 26 वर्षों के विश्वास, गुणवत्ता और उत्कृष्ट सेवा की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस नए शोरूम की शुरुआत की गई है। यह शोरूम क्षेत्र के विकास के साथ-साथ ग्राहकों को आधुनिक एवं बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।समारोह में उपस्थित अतिथियों ने प्रतिष्ठान के संचालक शेखर कुमार एवं उनके परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि लंबे समय से ग्राहकों का विश्वास जीतने वाला यह प्रतिष्ठान अब और अधिक व्यापक सेवाएं प्रदान करेगा। उन्होंने आशा व्यक्त की किकसेरा टाइल्स भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करते हुए क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाए रखेगा।इस अवसर पर शेखर कुमार एवं उनके परिवार को भव्य शोरूम के शुभारंभ पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही ईश्वर से उनके व्यवसाय की निरंतर उन्नति, समृद्धि और यश की कामना की गई।शोरूम में ग्राहकों के लिए आधुनिक टाइल्स, मार्बल, ग्रेनाइट, सैनिटरीवेयर एवं बाथरूम एक्सेसरीज़ की उत्कृष्ट श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है। प्रतिष्ठान की ओर से क्षेत्रवासियों से आग्रह किया गया कि वे एक बार अवश्य शोरूम में पधारें और उपलब्ध उत्पादों एवं सेवाओं का लाभ उठाएं।

# दरभंगा, बिहार के लाल साकेत बैरोलिया की आवाज़ से गूंजा रहा बॉलीवुड

नई सोच एक्सप्रेस



» दोनार, दरभंगा के श्रवण कुमार बैरोलिया एवं कुसुम बरौलिया के सुपुत्र हैं साकेत

**दरभंगा।**दरभंगा के युवा पार्श्व गायक साकेत बैरोलिया पिछले कई वर्षों से हिन्दी तथा विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की फिल्मों में अपनी मधुर आवाज़ का जादू बिखेरते आ रहे हैं। अपनी प्रतिभा, अथक परिश्रम और संगीत के प्रति अटूट समर्पण के बल पर उन्होंने मुंबई की फिल्मी दुनिया में एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। दरभंगा, बिहार की पावन धरती से निकलकर बॉलीवुड तक का उनका यह प्रेरणादायक सफर आज अनेक युवाओं के लिए मिसाल बन चुका है। अपनी गायकी के दम पर साकेत ने न केवल मनोरंजन जगत में अपनी अलग छाप छोड़ी है, बल्कि दरभंगा, बिहार का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। ज्ञातव्य है कि व्यवसायी श्रवण कुमार बैरोलिया तथा कुसुम बैरोलिया के सुपुत्र हैं जो मूलतः दोनार, दरभंगा के निवासी हैं। साकेत की माता कुसुम बैरोलिया भी यूनेस्को क्लब आदि के कार्यक्रमों में मधुर आवाज में गायन करती रही हैं। इससे पहले साकेत बैरोलिया 'सरकार 3', 'फुकरे', 'ऑपरेशन फ्राइडे', 'मिथिला मखान', 'टैगोर स्टोरीज़' तथा 'रम पम पोश' जैसी चर्चित फिल्मों में भी अपनी आवाज़ दे चुके हैं। उनकी बहुमुखी गायकी और संगीत के प्रति समर्पण ने उन्हें फिल्म जगत में एक विश्वसनीय और सम्मानित पार्श्व गायक के रूप में स्थापित किया है। हाल ही में साकेत बैरोलिया ने बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्म "Welcome To The Jungle" के गीत 'ओ मेरे बलम...' को अपनी सुरीली आवाज़ दी है। इस गीत की झलक फिल्म के ट्रेलर में भी सुनाई दी, जिसे दर्शकों और संगीत प्रेमियों द्वारा खूब सराहा जा रहा है। उनकी मधुर गायकी ने ट्रेलर को एक अलग ही आकर्षण प्रदान किया है। साकेत की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से उनके प्रशंसकों में खुशी और उत्साह का माहौल है। वहीं, पूरे मिथिलांचल सहित बिहार के लिए भी यह गर्व का विषय है कि दरभंगा का यह प्रतिभाशाली बेटा अपनी आवाज़ के माध्यम से बॉलीवुड में सफलता के नए आयाम स्थापित कर रहा है। साकेत को हार्दिक बधाई एवं शुभकामना देने वालों में डॉ आर एन चौरसिया, डॉ अंजू कुमारी, उनके निकट संबंधी, पड़ोसी, परिचित एवं मित्रगण शामिल हैं।

## जल संरक्षण व रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए अजय राय राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित



नई सोच एक्सप्रेस

**डुमरांव, बक्सर।**डुमरांव नगर के युवा समाजसेवी एवं 'जलपुत्र' के नाम से विख्यात अजय राय को जल संरक्षण और रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में विकास फैमिली क्लब द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार एवं सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। अजय राय बक्सर जिले के एकमात्र युवा थे, जिनका चयन इस सम्मान के लिए किया गया। समारोह में सोलन के उप समाहर्ता रजिंद्र वर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी राजकुमार प्रसार, डाइट प्रधानाध्यापक गीतांजलि कश्यप, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हरिराम चंदेल तथा श्रीबाघ सिंह ने उन्हें मोमेंटो, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अजय राय को सम्मान मिलने की खबर से क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई और लोगों ने उन्हें बधाई दी। स्थानीय लोगों ने कहा कि अजय बचपन से ही सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहे हैं और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद अजय राय ने कहा कि नेक इरादे और सकारात्मक सोच से जीवन की हर चुनौती को पार किया जा सकता है। उन्होंने इस सम्मान को समाज सेवा के प्रति अपनी जिम्मेदारी और बढ़ने का प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में संस्था के सीओ मनोज मिश्रा, राष्ट्रीय अध्यक्ष सुषमा कुमारी, स्टेट कोऑर्डिनेटर आशा शर्मा, राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षिका भागीरथी शर्मा, प्रदीप शर्मा, बबिता सिंह समेत देशभर से आए कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## राजस्व कर्मचारी पर वाहन चढ़ाकर जान लेने का प्रयास का आरोपी हथियारो सहित गिरफ्तार

नई सोच एक्सप्रेस



**मधुबनी।**बिहारबिस्फी अंचल कार्यालय में कार्यरत राजस्व कर्मचारी पर चारपहिया वाहन चढ़ाकर जान लेने के प्रयास के मामले में बिस्फी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त वाहन, एक लाइसेंसी राइफल, एयर राइफल, एयर पिस्टल तथा 22 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।पुलिस अधीक्षक मधुबनी के निर्देश एवं बेनीपट्टी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपितों को घटनास्थल के समीप से गिरफ्तार किया। इस संबंध में बिस्फी थाना कांड संख्या 141/26, दिनांक 17 जून 2026 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।पुलिस के अनुसार, 17 जून को राजस्व कर्मचारी विजय कुमार बिस्फी अंचल कार्यालय में राजस्व महाअभियान के कार्य में जुटे थे। इसी दौरान निलेश कुमार अग्रवाल अपने तीन निजी सुरक्षाकर्मियों के साथ कार्यालय पहुंचे और एक आवेदन से संबंधित सूचना की मांग की। राजस्व कर्मचारी द्वारा संबंधित आवेदन नाजिर कार्यालय से प्राप्त करने की बात कहने पर आरोपितों ने कथित रूप से गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। इसके बाद निलेश कुमार अग्रवाल वाहन लेकर वहां से निकलने लगे। जब राजस्व कर्मचारी ने उन्हें रुकने का संकेत दिया तो उन्होंने कथित रूप से जान मारने की नीयत से वाहन से धक्का मार दिया। स्थानीय लोगों के हस्तक्षेप से बड़ी घटना टल गई और घायल कर्मचारी को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि मुख्य आरोपी द्वारा पूर्व में भी मोबाइल फोन के माध्यम से गाली-गलौज, धमकी तथा झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई थी। पुलिस ने इनके कब्जे से एक चारपहिया वाहन, एक मोबाइल फोन, एक एयर पिस्टल, एक एयर राइफल, एक लाइसेंसी राइफल तथा 22 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

## पिता की स्मृति को समाजसेवा से जीवंत कर रहे विधायक सोनू सिंह : अमित पटेल

नई सोच एक्सप्रेस



**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** स्वर्गीय इंजीनियर ललन सिंह की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह के समापन के बाद भाजपा युवा नेता अमित कुमार पटेल ने विधायक राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह की सराहना की। उन्होंने कहा कि विधायक सोनू सिंह जैसे पुत्र ईश्वर सभी को दें, जो अपने पिता की स्मृतियों और आदर्शों को समाजहित के कार्यों से जीवंत बनाए हुए हैं। समारोह के बाद अमित पटेल ने विधायक के आवास पर उन्हें अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। पटेल ने कहा कि स्व. ललन सिंह की पुण्यतिथि पर मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर विधायक सोनू सिंह ने नई परंपरा स्थापित की है। यह कार्यक्रम शिक्षा, प्रतिभा और सामाजिक सरोकारों को बढ़ावा देने की दिशा में प्रेरणादायी पहल है। अमित कुमार पटेल ने बताया कि विधायक सोनू सिंह प्रत्येक वर्ष अपने पिता की पुण्यतिथि पर डेहरी एवं अकोढ़ीगोला क्षेत्र में जनकल्याणकारी और ऐतिहासिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे पुत्र विरले ही देखने को मिलते हैं, जो माता-पिता की स्मृति को समाज सेवा और जनहित के कार्यों से सम्मानित करते हों। पटेल ने कहा कि विधायक सोनू सिंह अपने पिता स्व. ललन सिंह के आदर्शों का अनुसरण करते हुए क्षेत्र के विकास, शिक्षा और सामाजिक उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विधायक के उज्ज्वल भविष्य, दीर्घायु और निरंतर जनसेवा की कामना की। इस अवसर पर जदयू नेता गुड्डू पटेल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## तेल खरीदना महंगा

पिछले महीने भारत यात्रा के लिए रवाना होने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एलान किया था कि वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति जल्द ही नई दिल्ली जाएंगी और भारत वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदेगा। वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज पांच दिन की भारत यात्रा आई हैं। संभावना है कि उनकी इस यात्रा के दौरान भारत वेनेजुएला से कच्चे तेल की अधिक खरीदारी का सौदा करेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने के आखिर में भारत यात्रा के लिए रवाना होने से पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इस संबंध में एलान किया था। कहा था कि रोड्रिगेज जल्द ही नई दिल्ली जाएंगी और भारत वेनेजुएला से अधिक तेल खरीदेगा। इस घोषणा की पृष्ठभूमि गौरतलब है। पिछले तीन जनवरी को वेनेजुएला पर अचानक हमला कर वहां के राष्ट्रपति निकलस मदुरो और उनकी पत्नी का अपहरण करने के बाद अमेरिका ने वहां के तेल भंडार पर अपना पूरा नियंत्रण बना लिया है। अब अमेरिकी कंपनियां वहां तेल निकालने और बिक्री करने में जुटी हुई हैं। इस बिक्री का पैसा भी अमेरिका के पास जाता है, जो उसमें से वेनेजुएला का हिस्सा अपनी मर्जी से तय कर उसके खजाने में भेज देता है। रोड्रिगेज वेनेजुएला में चाविस्मो (पूर्व राष्ट्रपति उगो चावेज की समर्थक विचारधारा) का प्रमुख चेहरा रही हैं। मगर तीन जनवरी की घटना के बाद कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से अमेरिका द्वारा वहां थोपी गई औपनिवेशिक किस्म की व्यवस्था में उन्होंने काम करना स्वीकार किया है। इस बारे में लैटिन अमेरिकी वामपंथी समूहों में अलग- अलग राय है।

एक सोच है कि ऐसा कर रोड्रिगेज आगे और हमलों और इस क्रम में चाविस्मो के सांगठनिक ढांचे को पूरी तरह नष्ट हो जाने से बचा रही हैं। इसे एक तरह की समय काटने की रणनीति बताया गया है। मगर उनके आलोचकों की संख्या भी कम नहीं है। उधर यह भी कम विचित्र नहीं है कि भारत की तेल खरीद संबंधी फैसले अमेरिका ले रहा है। रूस के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदना भारत को महंगा पड़ रहा है। मगर डॉनल्ड ट्रंप के काल में अमेरिका से रिश्ता रखने के लिए ऐसी कीमतें चुकाने की अनिवार्य शर्त उसके सभी कथित सहयोगी देशों को चुकानी पड़ रही है। भले बात परेशान करने वाली हो, लेकिन यही सच है कि रोड्रिगेज की भारत यात्रा का एजेंडा वॉशिंगटन से तय हुआ है।

## रामलला मंदिर में दानपात्र चोरी : आस्था, प्रशासन और राजनीति के त्रिकोण में उलझा मुद्दा



आरती कुमारी

अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला के भव्य मंदिर के दानपात्र से चोरी की घटना ने केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े नहीं किए हैं, बल्कि इसने आस्था, प्रशासनिक जवाबदेही और राजनीतिक विमर्श को भी एक साथ चर्चा के केंद्र में ला दिया है। करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए राम मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि विश्वास, सांस्कृतिक अस्मिता और लंबे संघर्ष के बाद साकार हुए सपने का प्रतीक है। ऐसे में मंदिर परिसर के भीतर चोरी की घटना का सामने आना स्वाभाविक रूप से लोगों की भावनाओं को आहत करने वाला है। इस घटना के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाओं का दौर भी शुरू हो गया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मामले को लेकर भाजपा सरकार और मंदिर प्रबंधन पर सवाल उठाए। वहीं भाजपा समर्थक वर्ग का तर्क है कि विपक्ष इस घटना को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करने की कोशिश कर रहा है। यही कारण है कि एक आपराधिक घटना अब राजनीतिक बहस का विषय बन चुकी है। राम मंदिर भाजपा की राजनीतिक और वैचारिक पहचान का महत्वपूर्ण आधार रहा है। वर्षों तक चले आंदोलन और न्यायिक प्रक्रिया के बाद मंदिर निर्माण को भाजपा ने अपनी बड़ी उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत किया है। ऐसे में मंदिर परिसर में सुरक्षा संबंधी चूक की खबर विपक्ष को सरकार पर हमला करने का अवसर देती है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि विपक्ष इस घटना के जरिए भाजपा की उस छवि को चुनौती देने की कोशिश कर रहा है, जो स्वयं को राम मंदिर और हिंदू आस्था के सबसे बड़े संरक्षक के रूप में प्रस्तुत करती रही है।



हालांकि इस पूरे विवाद में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न राजनीति नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही का है। किसी भी बड़े धार्मिक स्थल पर सुरक्षा, निगरानी और वित्तीय पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। राम मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं और दानपात्रों में भी बड़ी मात्रा में धनराशि जमा होती है। ऐसे में सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की चूक को सामान्य घटना मानकर नहीं देखा जा सकता। मामले का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू सूचना प्रबंधन और पारदर्शिता से जुड़ा है। यदि किसी घटना की जानकारी समय पर सार्वजनिक नहीं होती और बाद में उसके सामने आने पर सवाल उठते हैं, तो संदेह और विवाद दोनों बढ़ते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि धार्मिक संस्थानों के लिए भी पारदर्शिता उतनी ही आवश्यक है जितनी किसी सार्वजनिक संस्था के लिए। समय पर जानकारी साझा करने और निष्पक्ष जांच कराने से अफवाहों तथा राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप की गुंजाइश कम हो सकती है।

इसी संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का निर्णय महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए समीक्षा और जांच के निर्देश देना यह संकेत देता है कि सरकार इस मुद्दे को हल्के में नहीं लेना चाहती। अब जनता की अपेक्षा है कि जांच निष्पक्ष, त्वरित और पारदर्शी हो तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

दूसरी ओर विपक्ष की भूमिका भी जिम्मेदार होनी चाहिए। लोकतंत्र में सरकार से जवाब मांगना विपक्ष का अधिकार और कर्तव्य है, लेकिन किसी भी संवेदनशील धार्मिक मुद्दे पर तथ्य और राजनीति के बीच संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। यदि आरोप तथ्यों से अधिक राजनीतिक रणनीति पर आधारित दिखाई दें, तो उनकी विश्वसनीयता प्रभावित होती है। यह भी ध्यान रखना होगा कि किसी मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे या चर्च में घटित अपराध को केवल राजनीतिक चश्मे से देखना उचित नहीं है। अपराध का स्वरूप अपराध ही होता है और उसका समाधान कानून तथा प्रशासनिक सुधारों के माध्यम से होना चाहिए। धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था आधुनिक तकनीक, नियमित ऑडिट, सीसीटीवी निगरानी और जवाबदेह प्रबंधन तंत्र से मजबूत की जानी चाहिए। आने वाले समय में यह मुद्दा कितना प्रभाव डालता है, यह काफी हद तक जांच की दिशा और प्रशासनिक कार्रवाई पर निर्भर करेगा। यदि दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी होती है, सुरक्षा खामियों को दूर किया जाता है और मंदिर प्रबंधन में आवश्यक सुधार किए जाते हैं, तो यह विवाद धीरे-धीरे समाप्त हो सकता है। लेकिन यदि जांच लंबी खिंचती है या पारदर्शिता को लेकर सवाल बने रहते हैं, तो यह राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बना रह सकता है। अंततः रामलला का मंदिर करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। इस आस्था की रक्षा केवल भावनात्मक नारों से नहीं, बल्कि मजबूत प्रशासन, पारदर्शी प्रबंधन और प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था से होगी। यह घटना एक चेतावनी है कि धार्मिक स्थलों की गरिमा और श्रद्धालुओं के विश्वास को बनाए रखने के लिए निरंतर सतर्कता आवश्यक है। आस्था और राजनीति के बीच संतुलन तभी संभव है, जब जवाबदेही और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता बनें।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से लेकर बदलती विश्व व्यवस्था तक



जितेन्द्र कुमार सिन्हा, पटना

भारत का लोकतंत्र अनेक उतार-चढ़ाव, संघर्षों और उपलब्धियों का साक्षी रहा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से देश ने अनेक प्रधानमंत्रियों को देखा, जिनमें प्रत्येक ने अपने समय की चुनौतियों और अवसरों के अनुसार राष्ट्र की दिशा तय करने का प्रयास किया। किंतु कुछ अवसर ऐसे होते हैं जो केवल राजनीतिक घटनाएं नहीं रह जाते, बल्कि इतिहास के पन्नों पर स्थायी रूप से दर्ज हो जाते हैं। ऐसा ही एक अवसर तब आया जब श्री नरेन्द्र मोदी निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में पद पर बने रहने वाले स्वतंत्र भारत के पहले व्यक्ति बन गए। यह केवल एक व्यक्ति की राजनीतिक सफलता की कहानी नहीं है, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की निरंतरता, जनादेश की शक्ति और बदलते राजनीतिक विमर्श का भी प्रतीक है। इस उपलब्धि का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह ऐसे दौर में हासिल हुई है जब विश्व राजनीति पहले से कहीं अधिक अस्थिर, अनिश्चित और तेजी से परिवर्तित हो रही है। जब पंडित जवाहरलाल नेहरू स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में लंबे समय तक सत्ता में रहे, तब आज की अधिकांश पीढ़ियां अस्तित्व में नहीं थी। हमने उनके शासनकाल को इतिहास की पुस्तकों, दस्तावेजों और वरिष्ठ लोगों के संस्मरणों के माध्यम से जाना है। लेकिन नरेन्द्र मोदी के इस कीर्तिमान के हम प्रत्यक्ष साक्षी हैं। यही इतिहास और वर्तमान के बीच का सबसे बड़ा अंतर है। इतिहास को पढ़ा जाता है, जबकि वर्तमान को जिया जाता है। जब कोई रिकॉर्ड बनता है तो वह केवल आंकड़ा नहीं होता है, बल्कि उस समय की सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों का भी प्रतिबिंब होता है। नरेन्द्र मोदी भारतीय राजनीति में स्थायित्व और जनसमर्थन की उस शक्ति को दर्शाता है जिसने लगातार तीन आम चुनावों में उन्हें जनता का विश्वास दिलाया। चाहे कोई उनके समर्थक हो या आलोचक, यह स्वीकार करना होगा कि इतनी लंबी अवधि तक लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनादेश बनाए रखना सामान्य उपलब्धि नहीं है। लोकतंत्र में कीर्तिमान केवल सत्ता में बने रहने से नहीं बनता। यह जनता के भरोसे, राजनीतिक संगठन की क्षमता, नेतृत्व कौशल और समय की परिस्थितियों के सम्मिलित परिणाम से निर्मित होता है। किसी तानाशाही व्यवस्था में लंबे समय तक शासन करना संभव हो सकता है, लेकिन लोकतंत्र में हर कुछ वर्षों पर जनता के सामने परीक्षा देनी पड़ती है। जनता संतुष्ट हो तो समर्थन देती है और असंतुष्ट हो तो सत्ता बदल देती है। इसीलिए लोकतांत्रिक कीर्तिमान विशेष महत्व रखते हैं। वे केवल व्यक्ति की उपलब्धि नहीं होते, बल्कि मतदाताओं के सामूहिक निर्णय का परिणाम होते हैं। वास्तव में यदि हम पिछले एक दशक को देखें तो पाएंगे कि यह केवल भारत में सत्ता परिवर्तन या नेतृत्व परिवर्तन का दौर नहीं है। पूरी दुनिया एक व्यापक संक्रमण काल से गुजर रही है। तकनीक ने जीवन की परिभाषा बदल दी है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव श्रम को चुनौती दे रही है। सोशल मीडिया ने सूचना के प्रवाह को लोकतांत्रिक बनाया है, लेकिन भ्रम और दुष्प्रचार के नए संकट भी पैदा किए हैं। आर्थिक शक्ति का केंद्र पश्चिम से पूर्व की ओर खिसक रहा है। चीन, भारत और अन्य एशियाई देशों का प्रभाव बढ़ रहा है। वहीं यूरोप और अमेरिका नई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। इस परिवर्तनशील समय में राजनीतिक नेतृत्व भी नए स्वरूप में उभर रहा है। पारंपरिक राजनीति की जगह व्यक्तित्व-आधारित राजनीति ने ले ली है। जनता अब दलों से अधिक नेताओं को पहचानती है। यदि इस युग की सबसे चर्चित राजनीतिक हस्तियों की सूची बनाई जाए तो उसमें डोनाल्ड ट्रंप का नाम निश्चित रूप से शीर्ष पर होगा। ट्रंप केवल अमेरिका के राष्ट्रपति नहीं है, वे एक ऐसी राजनीतिक प्रवृत्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने वैश्विक राजनीति के स्थापित मानकों को चुनौती दी है। व्यापार जगत से राजनीति में आए ट्रंप ने उस धारणा को तोड़ दिया कि केवल पारंपरिक राजनेता ही सर्वोच्च पद तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने अमेरिकी राजनीति की भाषा, शैली और प्राथमिकताओं को बदल दिया। उनके समर्थक उन्हें राष्ट्रवादी पुनर्जागरण का प्रतीक मानते हैं, जबकि आलोचक उन्हें लोकतांत्रिक संस्थाओं के लिए चुनौती के रूप में देखते हैं। लेकिन एक तथ्य निर्विवाद है कि ट्रंप ने राजनीति को पहले जैसा नहीं रहने दिया। मानव सभ्यता ने दो विश्वयुद्धों की विभीषिका देखी थी। उसके बाद लंबे समय तक यह विश्वास किया गया कि वैश्विक संस्थाएं और कूटनीति बड़े युद्धों को रोकने में सफल रहेगी। लेकिन 21वीं सदी के तीसरे दशक में यह विश्वास कमजोर पड़ता दिखाई देता है। यूरोप में युद्ध, पश्चिम एशिया में संघर्ष, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तनाव और महाशक्तियों के बीच बढ़ती प्रतिस्पर्धा यह संकेत दे रही है कि दुनिया एक बार फिर अस्थिरता की ओर बढ़ रही है। इस पृष्ठभूमि में भारत की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो गई है। भारत न केवल दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाला देश है, बल्कि वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में भी उभर रहा है। इतिहास का सबसे बड़ा सत्य परिवर्तन है। जो आज शिखर पर है, वह कल नीचे भी आ सकता है। जो आज संघर्ष कर रहा है, वह कल सफलता के नए आयाम स्थापित कर सकता है। रोमन साम्राज्य, ब्रिटिश साम्राज्य, सोवियत संघ, इतिहास ऐसे अनेक उदाहरणों से भरा पड़ा है जहां अपार शक्ति रखने वाली व्यवस्थाएं समय के साथ बदल गईं। व्यक्ति भी इसी नियम से बंधे हैं। कोई नेता कितना भी लोकप्रिय क्यों न हो, समय का पहिया अंततः आगे बढ़ता है। नई पीढ़ियां आती हैं, नए विचार आते हैं और नई परिस्थितियां जन्म लेती हैं। इसीलिए कीर्तिमान महत्वपूर्ण तो होते हैं, लेकिन वे स्थायी नहीं होते। हमारा वर्तमान कालखंड एक विचित्र विरोधाभास से भरा हुआ है। एक ओर मानव चंद्रमा और मंगल तक पहुंचने की तैयारी कर रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता नए चमत्कार कर रही है। विज्ञान और तकनीक अभूतपूर्व ऊंचाइयों को छू रहे हैं। दूसरी ओर आध्यात्मिकता, योग, ध्यान और सांस्कृतिक पहचान की खोज भी बढ़ रही है। लोग आधुनिकता को अपनाना चाहते हैं, लेकिन अपनी जड़ों से भी जुड़े रहना चाहते हैं। यही कारण है कि भौतिक प्रगति और आध्यात्मिक चेतना दोनों समानांतर रूप से आगे बढ़ रही हैं। भारत इस संतुलन का सबसे बड़ा उदाहरण बनकर उभर रहा है।

## क्या बिहार में भाजपा के सामने अवसर अधिक हैं या चुनौतियाँ? : बदलती राजनीतिक परिस्थितियों में संगठन और सरकार को सशक्त बनाने की रणनीति



आचार्य अशोक चौधरी प्रियदर्शी

**कटिहार, बिहार।** भारतीय राजनीति में बिहार केवल एक राज्य नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजनीति की दिशा निर्धारित करने वाला महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर समाजवादी राजनीति, मंडल आंदोलन, सामाजिक न्याय की अवधारणा, गठबंधन राजनीति और वर्तमान राष्ट्रीय विमर्श तक बिहार ने समय-समय पर देश को नई राजनीतिक दिशा दी है। यही कारण है कि बिहार की राजनीति में होने वाला प्रत्येक परिवर्तन राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करता है। आज जब बिहार एक बार फिर राजनीतिक पुनर्संरचना के दौर से गुजर रहा है, तब यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि भारतीय जनता पार्टी को संगठन और सरकार दोनों स्तरों पर स्वयं को और अधिक मजबूत बनाने के लिए क्या कदम उठाने चाहिए। वर्तमान समय भाजपा के लिए अवसर और चुनौती दोनों लेकर आया है। एक ओर पार्टी बिहार में मजबूत जनाधार, सशक्त संगठन और राष्ट्रीय नेतृत्व के समर्थन के साथ खड़ी है, वहीं दूसरी ओर उसे बदलती सामाजिक संरचना, युवा आकांक्षाओं, रोजगार, पलायन, शिक्षा, उद्योग और क्षेत्रीय असंतुलन जैसी चुनौतियों का भी सामना करना पड़ रहा है। यदि भाजपा को बिहार में दीर्घकालिक राजनीतिक नेतृत्व स्थापित करना है, तो उसे केवल चुनावी राजनीति से आगे बढ़कर बिहार के भविष्य की व्यापक दृष्टि प्रस्तुत करनी होगी। बिहार की राजनीति लंबे समय तक जातीय समीकरणों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। मंडल राजनीति के बाद सामाजिक प्रतिनिधित्व का प्रश्न केंद्र में आ गया। इससे सामाजिक न्याय की चेतना मजबूत हुई, लेकिन विकास, रोजगार, उद्योग और शिक्षा जैसे प्रश्न कई बार पीछे छूट गए। आज बिहार का युवा वर्ग नई राजनीति चाहता है। वह जातीय पहचान के साथ-साथ रोजगार, उद्यमिता, तकनीकी शिक्षा, निवेश और बेहतर जीवन स्तर की भी अपेक्षा करता है। भाजपा यदि इस नई आकांक्षा को समझकर अपनी राजनीति को विकास-केंद्रित बनाती है, तो उसे व्यापक समर्थन प्राप्त हो सकता है। सबसे पहले संगठन की बात करें तो भाजपा को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। बिहार जैसे विशाल और सामाजिक रूप से विविध राज्य में केवल शीर्ष नेतृत्व के आधार पर राजनीति नहीं चल सकती। प्रत्येक पंचायत, प्रखंड और जिला स्तर पर सक्रिय, प्रशिक्षित और वैचारिक रूप से प्रतिबद्ध कार्यकर्ताओं की आवश्यकता होगी। भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति उसका संगठन माना जाता है, इसलिए उसे संगठन विस्तार को निरंतर प्रक्रिया बनाना होगा। विशेष रूप से सीमांचल, कोसी और मिथिलांचल क्षेत्रों में संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता है। इन क्षेत्रों की सामाजिक और आर्थिक चुनौतियाँ अलग हैं। बाढ़, पलायन, शिक्षा और रोजगार की समस्याएँ यहाँ लंबे समय से मौजूद हैं। यदि भाजपा इन क्षेत्रों के लिए विशेष विकास दृष्टि प्रस्तुत करती है और स्थानीय नेतृत्व को पर्याप्त महत्व देती है, तो उसकी राजनीतिक स्थिति और मजबूत हो सकती है।

भाजपा को बिहार में दूसरी और तीसरी पीढ़ी के नेतृत्व को भी तैयार करना होगा। राजनीति में नेतृत्व निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। केवल कुछ स्थापित चेहरों पर निर्भर रहने के बजाय युवाओं, महिलाओं, शिक्षित पेशेवरों और सामाजिक कार्यकर्ताओं को आगे लाने की आवश्यकता है। बिहार की नई पीढ़ी ऐसे नेतृत्व की अपेक्षा करती है जो आधुनिक सोच, तकनीकी समझ और स्थानीय समस्याओं के समाधान की क्षमता रखता हो। महिला सशक्तिकरण भी बिहार की राजनीति का महत्वपूर्ण आयाम बन सकता है। स्वयं सहायता समूहों, जीविका दीदियों, शिक्षित महिलाओं और ग्रामीण महिला नेतृत्व को भाजपा अपने संगठन और नीतिगत विमर्श में अधिक स्थान दे सकती है। यदि महिलाओं को केवल मतदाता नहीं बल्कि राजनीतिक भागीदार बनाया जाए, तो यह दीर्घकालिक राजनीतिक शक्ति का आधार बन सकता है। सरकार के स्तर पर सबसे बड़ी प्राथमिकता रोजगार होनी चाहिए। बिहार से होने वाला पलायन केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और मनोवैज्ञानिक चुनौती भी है। लाखों युवा रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों की ओर जाते हैं। यदि बिहार में उद्योग, सेवा क्षेत्र, कृषि आधारित प्रसंस्करण उद्योग, टेक्नोलॉजी पार्क, स्टार्टअप हब और कौशल विकास केंद्र विकसित किए जाएँ, तो पलायन को काफी हद तक कम किया जा सकता है। भाजपा को "विकसित बिहार" का स्पष्ट आर्थिक रोडमैप प्रस्तुत करना चाहिए। कृषि बिहार की अर्थव्यवस्था का आधार है। लेकिन केवल पारंपरिक कृषि पर निर्भर रहकर राज्य का व्यापक आर्थिक विकास संभव नहीं है। कृषि आधुनिकीकरण, मूल्य संवर्धन, कोल्ड स्टोरेज, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और कृषि निर्यात को बढ़ावा देना आवश्यक होगा। बिहार की मखाना, लीची, मक्का, फल और सब्जी उत्पादन क्षमता को वैश्विक बाजारों से जोड़ा जा सकता है। भाजपा यदि कृषि को उद्यमिता से जोड़ने की नीति अपनाती है, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा मिल सकती है। शिक्षा के क्षेत्र में भी बिहार को नई दिशा की आवश्यकता है। नालंदा और विक्रमशिला जैसी गौरवशाली परंपराओं वाले राज्य में आज भी लाखों छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है। उत्कृष्ट विश्वविद्यालय, तकनीकी संस्थान, चिकित्सा शिक्षा केंद्र और शोध संस्थानों का विस्तार बिहार के भविष्य के लिए आवश्यक है। भाजपा यदि शिक्षा को अपने विकास एजेंडे का केंद्रीय विषय बनाती है, तो इसका दीर्घकालिक प्रभाव पड़ेगा। बिहार की सांस्कृतिक पहचान को भी राजनीतिक और विकासात्मक दृष्टि से जोड़ने की आवश्यकता है। पाटलिपुत्र, नालंदा, विक्रमशिला, वैशाली, राजगीर, बोधगया और सीतामढ़ी जैसे ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को विश्वस्तरीय पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा सकता है। इससे रोजगार भी बढ़ेगा और बिहार की सकारात्मक छवि भी बनेगी। सामाजिक समरसता भी भाजपा के लिए एक महत्वपूर्ण विषय होना चाहिए। बिहार की राजनीति लंबे समय तक सामाजिक विभाजनों से प्रभावित रही है। यदि भाजपा विकास, अवसर और समान भागीदारी पर आधारित राजनीति को मजबूत करती है, तो वह व्यापक सामाजिक गठबंधन तैयार कर सकती है। अति पिछड़ा वर्ग, दलित, महादलित, युवा, महिला और मध्यम वर्ग को साथ लेकर चलने की रणनीति निर्णायक सिद्ध हो सकती है। डिजिटल संगठन और तकनीक आधारित जनसंपर्क भी भविष्य की राजनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे। बिहार में मोबाइल और इंटरनेट की पहुँच तेजी से बढ़ी है। भाजपा डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर युवाओं और प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाताओं तक प्रभावी रूप से पहुँच सकती है। भाजपा को सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय पर भी ध्यान देना होगा। कई बार सरकार की उपलब्धियाँ जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुँच पातीं और कई बार संगठन की अपेक्षाएँ शासन व्यवस्था तक नहीं पहुँचतीं। यदि दोनों के बीच निरंतर संवाद बना रहे, तो राजनीतिक और प्रशासनिक प्रभावशीलता बढ़ सकती है। आने वाले वर्षों में बिहार की राजनीति केवल जातीय समीकरणों से नहीं चलेगी। रोजगार, निवेश, शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, शहरीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था और सांस्कृतिक पहचान जैसे विषय अधिक महत्वपूर्ण होते जाएँगे। भाजपा यदि इन विषयों को अपने राजनीतिक विमर्श के केंद्र में रखती है, तो उसके सामने व्यापक अवसर मौजूद हैं। अंततः बिहार के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं है कि कौन-सा दल सत्ता में है, बल्कि यह है कि राज्य को विकसित भारत की यात्रा में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में कैसे लाया जाए। भाजपा यदि संगठनात्मक मजबूती, नए नेतृत्व निर्माण, सामाजिक समरसता, रोजगार सृजन, शिक्षा सुधार, औद्योगिक विकास और सांस्कृतिक पुनर्जागरण को एक समग्र दृष्टि के रूप में प्रस्तुत करती है, तो वह बिहार की राजनीति में अपनी स्थिति को और अधिक सुदृढ़ कर सकती है।




**मेष राशिः** आज माता-पिता की मदद मिलने से आपका कोई खास काम पूरा होगा। आपकी सेहत में कुछ उतार-चढ़ाव बना रहेगा। आज आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए। आज उधार के लेन-देन से आपको बचना चाहिए। अगर आप जीवनसाथी के साथ अपने रिश्तों में संतुलन बनाकर चलेंगे, तो आपके रिश्ते मजबूत होंगे। आज किसी जरूरी काम में सफल होने से आपकी तारीफ होगी।

**वृष राशिः** आज परिवार वालों की सलाह आपके लिये फायदेमंद होगी। आज आपका कोई खास दोस्त आपसे मदद मांग सकता है, जिसकी आप हर संभव मदद करेंगे। आपकी भौतिक सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। आज आप कुछ नया करने की कोशिश करेंगे। किसी महत्वपूर्ण मामले पर कुछ खास लोगों से बातचीत करने का मौका मिलेगा, आपको इसका पूरा फायदा उठाना चाहिए।

**मिथुन राशिः** आज ऑफिस में आपकी ड्रेस की तारीफ होगी। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने साथियों से सहयोग प्राप्त होगा। किसी विषय में आ रही समस्या आसानी से सॉल्व हो जायेगी। आपका दाम्पत्य जीवन खुशियों से भरा रहेगा। समाज में आपके कार्यों की चर्चा होगी। व्यापार के क्षेत्र में दूसरे लोगों से संपर्क करना फायदेमंद रहेगा। किसी खास मामले को लेकर आपकी सोच बदल सकती है।

**कर्क राशिः** आज कोई शुभ समाचार मिलने के योग बन रहे हैं। आपके मन में किसी व्यक्ति की मदद करने का भाव आ सकता है। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर लोगों के सामने आयेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में बढ़ोतरी होगी। माता-पिता के साथ किसी धार्मिक स्थल पर जा सकते है। यात्रा की योजना बनायेंगे। आज आप खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे। समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

**सिंह राशिः** आज रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। आपके अधूरे काम आसानी से पूरे होंगे। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ होगा। आज सामाजिक कार्यों में आप आगे रहेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करने से आपको लाभ की प्राप्ति होगी। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सफल होगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी। सेहत के लिहाज से आपका दिन बेहतर बना रहेगा।

**कन्या राशिः** आज संतान सुख की प्राप्ति हो सकती है। सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे, लेकिन दूसरों के कामों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। मन-मुताबिक काम पूरे होने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। अधिकारी वर्ग से बातचीत करते समय आपको थोड़ी सावधानी रखनी चाहिए। दोस्तों के साथ किसी पिकनिक पर जाने की योजना बना सकते है।

**तुला राशिः** आज आप अपने भविष्य के बारे में सोच-विचार करेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ आपके रिश्तें बेहतर होंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कार्य स्थल पर लोगों का सहयोग मिलने से आपका कार्य समय से पूरा हो जायेंगे। आपकी आमदनी में बढ़ोतरी होने की पूरी सम्भावना है। घर पर अचानक कोई दोस्त आ सकता है। उनके साथ किसी खास विषय पर बातचीत भी हो सकती है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपकी मुलाकात किसी मित्र से हो सकती है। ये मुलाकात आपके लिये लाभदायक रहेगी। आज आपके सोचे हुए कार्य पूरे होंगे। जिससे आपका मन खुश रहेगा। किसी काम के लिए कोई बड़ा फैसला लेने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के बच्चे पढ़ाई में मन लगायेंगे। आज आपको कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**धनु राशिः** आज रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। बच्चों के किसी फैसले को लेकर आप असहमत हो सकते हैं। इस राशि के विद्यार्थियों को आज शिक्षक की तरफ से विशेष मार्गदर्शन मिलेगा। घर में किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता हैं, जिससे घर में खुशहाली का माहौल बनेगा। कोई काम शुरू करने के लिए कॉन्फिडेंस की कमी महसूस हो सकती है लेकिन बडें भाई की मदद से सब ठिक हो जायेगा।

**मकर राशिः** आपको रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। कार्य स्थल पर दूसरे लोगों से वाद-विवाद की स्थिति बनने की संभावना है। आपको किसी से भी बिना वजह उलझने से बचना चाहिए। परिवार वालों के साथ आपके रिश्ते मजबूत होंगे। उनके साथ मंदिर जाने की योजना बनायेंगे। आज कोई नया काम सीखने को मिल सकता है। भविष्य में आपको इससे फायदा होगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में कुछ जरूरी काम अटक सकते हैं।

**कुंभ राशिः** आज आप किसी नए काम की प्लानिंग करेंगे। आपकी प्लानिंग सक्सेस होगी। आज परिवार वालों के साथ आप खुशनुमा पल बितायेंगे। इससे रिश्तों में नजदीकियां बढ़ेंगी। पुराने दोस्तों से मुलाकात होने की संभावना है। आपके व्यवहार से कुछ लोग बेहद प्रभावित होंगे। किसी खास मामले में आपको अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिल सकती है।

**मीन राशिः** आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। इस राशि के नौकरीपेशा लोगों को साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी। उनका काम जल्दी पूरा होगा। आज जीवनसाथी के साथ किसी तीर्थ स्थल की यात्रा करेंगे। इस राशि के छात्रों का पढ़ाई में मन लगेगा। आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे। किसी जरूरतमंद की मदद करने से आपको लाभ होगा।

हर खबर पर पैनी नज़र
# नई सोच एक्सप्रेस
(बिहार और झारखंड से प्रकाशित हिन्दी दैनिक)



## संक्षिप्त समाचार

## नेस्ले इंडिया ने सर्व सेफ फूड प्रोजेक्ट का विस्तार किया

**रांची।** नेस्ले इंडिया ने राज्य में प्रोजेक्ट 'सर्व सेफ फूड' का विस्तार करने के लिए फूड सेफ्टी, झारखंड और नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया के साथ सहयोग किया है। इस परियोजना के तहत, नेशनल एसोसिएशन ऑफ स्ट्रीट वेंडर्स ऑफ इंडिया रांची, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग और टाटा में 1000 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण देगा, जिससे राज्य में प्रशिक्षित स्ट्रीट फूड विक्रेताओं की कुल संख्या 5600 से अधिक हो जाएगी। प्रोजेक्ट सर्व सेफ फूड के तहत अब तक 27 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में 120000 से अधिक स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, कचरा निपटान और उद्यमिता के बारे में प्रशिक्षण देकर लाभ पहुंचाया गया है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिरिक्त चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अमरेंद्र प्रसाद कहा कि अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से लेकर यहां के लोगों की गर्मजोशी और जीवंतता तक, झारखंड आगंतुकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करता है। स्ट्रीट फूड इस संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और हम इसे और मजबूत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नेस्ले इंडिया में स्थिरता और सामाजिक पहलों के प्रमुख कुँवर हिम्मत सिंह ने कहा कि नेस्ले इंडिया में हम केवल अपने उत्पादों तक सीमित न रहकर पूरे देश में खाद्य सुरक्षा मानकों को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं। प्रोजेक्ट सर्व सेफ फूड के माध्यम से हम स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, जिससे उनके कौशल और जागरूकता दोनों को मजबूती मिलती है।

## छड़वा डैम के घटते जलस्तर पर महापौर गंभीर, जलापूर्ति व्यवस्था की समीक्षा

**हजारीबाग।** शहर की पेयजल व्यवस्था के प्रमुख स्रोत छड़वा डैम में लगातार घट रहे जलस्तर को लेकर महापौर अरविन्द कुमार राणा ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। गुरुवार को उन्होंने छड़वा डैम पहुंचकर जलाशय का निरीक्षण किया तथा पानी की उपलब्धता और गहराई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने डैम के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर अधिकारियों और स्थानीय लोगों से भी जानकारी प्राप्त की। महापौर ने डैम में पानी की वर्तमान स्थिति का आकलन करते हुए कहा कि बढ़ती गर्मी और कम वर्षा के कारण जलस्तर में गिरावट चिंताजनक है। ऐसे में शहरवासियों को निर्बाध पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जल संरक्षण और जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर आवश्यक तैयारियां करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान महापौर लगातार इस बात पर मंथन करते रहे कि आने वाले दिनों में यदि जलस्तर और घटता है तो शहर की पेयजल आपूर्ति को किस प्रकार सुचारू रखा जा सके। उन्होंने कहा कि समय रहते प्रभावी कदम उठाना जरूरी है, ताकि लोगों को पानी की किल्लत का सामना न करना पड़े। इसके लिए वैकल्पिक व्यवस्थाओं और जल संरक्षण के उपायों पर भी विचार किया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने महापौर के निरीक्षण की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में जनप्रतिनिधियों द्वारा इस प्रकार नियमित रूप से डैम का निरीक्षण कम ही किया जाता था। लोगों का कहना था कि महापौर स्वयं मौके पर पहुंचकर जलस्तर की स्थिति का आकलन कर रहे हैं, जिससे शहर की पेयजल समस्या के समाधान के प्रति उनकी गंभीरता स्पष्ट होती है। नागरिकों ने उम्मीद जताई कि महापौर के प्रयासों से जलापूर्ति व्यवस्था और अधिक मजबूत होगी तथा भविष्य में संभावित जल संकट से निपटने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर निगम के संबंधित कर्मी एवं अन्य लोग भी उपस्थित थे। महापौर ने शहरवासियों से भी पानी का सदुपयोग करने और जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही भविष्य में जल संकट की चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है।

## बीईईओ ने दिया प्रिया सिंह को प्रभार ग्रहण का आदेश

**कटकमसांडी।** बीईईओ द्वारा प्रभार ग्रहण के आदेश दिए जाने के बाद भी सहायक शिक्षिका प्रिया सिंह को निवर्तमान सचिव महेश सिंह द्वारा प्रभार नही सौंपे जाने का मामला तूल पकड़ता दिख रहा है। आदेशित पत्र मे कहा गया है कि वरीय सहायक अध्यापिका प्रिया सिंह विगत 21 वर्षो से नव प्राथमिक विद्यालय बसंतपुर में सचिव पद पर कार्यरत थी। मगर दो वर्ष पूर्व बगैर कारण के सचिव पद से हटाकर ,जेनियर सहायक अध्यापक महेश सिंह को सचिव कार्यभार सौंपा गया था,लेकिन विद्यालय संचालन में कोताही बरतने के कारण फिर से बिईईओ के द्वारा पत्र निर्गत कर एक सप्ताह के अंदर सचिव महेश सिंह को प्रभार सौंपने, बल्कि वित्तीय व गैर वित्तीय प्रभार लेकर विभाग को सूचित करना सुनिश्चित हो। दिनांक 08 जून को आदेशित पत्र में वर्तमान सचिव महेश सिंह को भी वरीय अध्यापिका प्रिया सिंह को अद्यतन वित्तीय व गैर वित्तीय प्रभार सौंपे जाने का निर्देश दिया गया है। मगर अभी तक वर्तमान सचिव द्वारा प्रभार नही सौंपा जाना विभागीय आदेश का उल्लंघन बताया जा रहा है।

## आरकेएस कंपनी द्वारा निजी भूमि पर बिना अनुमति निर्माण का आरोप, कार्रवाई की मांग



**चतरा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत होन्हे ग्राम में सीसीएल परियोजना से जुड़े एक निर्माण कार्य को लेकर विवाद सामने आया है। स्थानीय भूमि स्वामी परिवार ने निर्माण कंपनी आरकेएस पर उनकी पैतृक भूमि पर बिना अनुमति, बिना मुआवजा और बिना किसी वैध अधिग्रहण प्रक्रिया के निर्माण कार्य करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार प्लॉट संख्या 516 एवं 517 को लेकर यह विवाद उत्पन्न हुआ है, जो लीलावती देवी के नाम पर दर्ज बताया जा रहा है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि संबंधित कंपनी द्वारा उक्त भूमि पर बाउंड्री निर्माण, मिट्टी भराई तथा निर्माण सामग्री—जैसे गिट्टी, बालू, सीमेंट और लोहे के सामान—रखकर कार्य किया जा रहा है, जबकि भूमि स्वामी से किसी प्रकार की सहमति या लिखित अनुमति नहीं ली गई है। भूमि स्वामी पक्ष का कहना है कि न तो किसी प्रकार की नोटिस दी गई है और न ही अधिग्रहण या मुआवजा प्रक्रिया की कोई जानकारी उपलब्ध कराई गई है। इस स्थिति को उन्होंने "अवैध और मनमाना कब्जा" बताते हुए तत्काल कार्य रोकने और भूमि से सभी सामग्री हटाने की मांग की है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि यदि कंपनी के पास किसी प्रकार का वैध अधिग्रहण आदेश, एनओसी या अनुमति उपलब्ध है, तो उसकी सत्यापित प्रति उपलब्ध कराई जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि निर्माण कार्य नहीं रोका गया, तो मामले की शिकायत जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मानवाधिकार आयोग और सक्षम न्यायालय में की जाएगी। इस पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है। हालांकि संबंधित कंपनी की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

# मशरूम उत्पादन से महिलाएं बन रही हैं आत्मनिर्भर - अमित सतीजा

नई सोच एक्सप्रेस



**गुमला।** आकांक्षी प्रखण्ड, डुमरी के औरापाट में जिला प्रशासन की अद्भुत पहल पर जिला योजना कार्यालय, गुमला और नीति आयोग के सौजन्य से मशरूम उत्पादन , विपणन, मूल्यसंबर्धन, प्रसंस्करण और बाजारीकरण के समीक्षात्मक सभा को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त, अनिमेश रंजन ने कहा कि मशरूम उत्पादन और बिक्री से आदिम जनजाति और जनजातियों की महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। उन्होंने मशरूम उत्पादों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मशरूम प्रसंस्करण से इनकी आमदनी में काफी इजाफा हुआ है। मुख्य अतिथि के रूप में नीति आयोग, भारत सरकार के संयुक्त सचिव, अमित सतीजा ( भाप्रसे ) ने परियोजना निरीक्षण करने के बाद कहा कि मशरूम उत्पादन से ना केवल आयसृजन में मदद मिलेगी बल्कि आदिम जनजाति और जनजातियों के जीवन में काफी सुधार होगा। उन्होंने ने लाभार्थियों से प्रश्नोत्तर के माध्यम से लाभकारी योजनाओं की समीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मशरूम उत्पादन के आय से आप लगातार आमदनी बनाएं। कार्यक्रम का संचालन, जिला योजना पदाधिकारी, रमण कुमार ने किया। साथ ही उन्होंने योजना का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस मौके पर जेएसपीएस के जिला परियोजना प्रबंधक, शैलेन्द्र जारिका चैनपुर के अनुमण्डल पदाधिकारी,हरि उराँव ने आकांक्षी प्रखण्ड के पहल परियोजना का रिपोर्ट विस्तार से प्रस्तुत किया।प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, उमेश कुमार स्वांसी सहित कई लोगों ने संबंधित किया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी एजेंसी, एपीपी एग्रीगेट खूंटी द्वारा किया गया। एपीपी एग्रीगेट खूंटी के राज्य प्रमुख, डॉ अनमोल कुमार, प्रशिक्षक, नवीन कुमार पाण्डेय, और गजाला पर बीन, प्रदान के अभय कुमार, बीपीएम, दिलशाद ने भी विचारों की अभिव्यक्ति किया।

# सांसद मनीष जायसवाल का टाटीझरिया दौरा, चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

नई सोच एक्सप्रेस



**टाटीझरिया।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने अपने सघन प्रवास कार्यक्रम के तहत मांडू विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया और विष्णुगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांवों का तूफानी दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण चौपालों के जरिए प्रबुद्धजनों और स्थानीय जनता से सीधा संवाद स्थापित किया। सत्रह माइल चौक पहुंचने पर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। सांसद मनीष जायसवाल ने टाटीझरिया प्रखंड के डहरभंगा पंचायत अंतर्गत गोधिया, घुघुलिया, केसडा, बौधा, छोटा डहरभंगा और टाटीझरिया का दौरा किया। गोधिया गांव में ग्रामीणों ने तालाब, सड़क और मंदिर की समस्याएं उनके समक्ष रखीं, जिसके त्वरित समाधान का उन्होंने भरोसा दिया। छोटा डहरभंगा में उन्होंने विशिष्ट भाजपा नेत्री गोमदी देवी से मुलाकात कर क्षेत्र के विकास पर चर्चा की, वहीं टाटीझरिया शिव मंदिर परिसर में जनसंवाद कर कई जनसमस्याओं का ऑन द स्पॉट निराकरण किया। दौरे के दौरान डूमर ग्राम पंचायत के निवासी व सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी रामेश्वर पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सांसद मनीष जायसवाल ने टाटीझरिया शिव मंदिर प्रांगण में उन्हें भाजपा का पट्टा और माला पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। जनता को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साल 2014 से 2026 तक का 12 वर्षों का कार्यकाल देश के लिए अभूतपूर्व बदलाव, विकास और जनकल्याण का काल रहा है। वे शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जनता के बीच जाकर इन कार्यों का लेखा-जोखा रख रहे हैं। जनता का मिल रहा स्नेह दर्शाता है कि उनका भरोसा भाजपा पर अडिग है। इस दौरे में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, अजय कुमार साहू, द्वारिका सिंह, रंजन चौधरी, मंडल अध्यक्ष कैलाशपति सिंह, प्रमुख संतोष मंडल सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# हजारीबाग में स्वास्थ्य विभाग पार्षदों की अहम बैठक आयोजित

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने तथा उनके बेहतर क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गुरुवार को महापौर कार्यालय में स्वास्थ्य विभाग एवं वार्ड पार्षदों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग के नोडल पदाधिकारी डॉ. सुभाष प्रसाद, अर्बन मैनेजर सनी राम तथा नगर निगम के विभिन्न वार्डों के पार्षद मौजूद रहे । शहरी क्षेत्र में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई, जिनमें मुख्य रूप से शामिल हैं मलेरिया, फाइलेरिया और टीबी (TB) उन्मूलन कार्यक्रम। विकलांगता प्रमाण पत्र और स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन। आरोग्यम दीदी समिति और आयुष्मान भारत योजना का क्रियान्वयन। मदर टेरेसा एडवांस्ड हेल्थ सेंटर तथा नगर क्षेत्र में संचालित तीन प्रसव केंद्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं की समीक्षा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए विभाग और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल बेहद जरूरी है।इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग और पार्षदों की एक संयुक्त समिति गठित करने का निर्णय लिया गया। यह समिति योजनाओं के क्रियान्वयन की निगरानी करेगी और वार्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान में सहयोग करेगी। इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि सहिया दीदियां संबंधित वार्ड पार्षदों के साथ सीधा समन्वय स्थापित कर कार्य करेंगी, ताकि स्वास्थ्य संबंधी जानकारी और सुविधाएं जरूरतमंद लोगों तक समय पर पहुंच सकें।करीब दो घंटे तक चली इस बैठक में पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी चुनौतियों और सुझावों को विस्तार से रखा।जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य विभाग को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा जताते हुए संयुक्त रूप से कार्य करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।बैठक के दौरान सेवा समिति के सदस्यों के प्रथम आगमन पर महापौर अरविंद कुमार राणा ने पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर उनका स्वागत और सम्मान किया। अर्बन मैनेजर सनी राम ने कहा कि नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाएगा, ताकि शहरी क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक तक योजनाओं का लाभ प्रभावी रूप से पहुंच सके। बैठक के दौरान वार्ड पार्षद विकास कुमार यादव, प्रमिता सिन्हा, सोनी क्षेत्री, अनीता देवी, डॉ. अंशिका प्रभा गुप्ता, रिंकू वर्मा, रीता नाथ, निशा सिंह सहित कई अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राहुल गांधी का 56वां जन्मदिन आज, लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष को बताया प्रेरणा

नई सोच एक्सप्रेस



कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता Rahul Gandhi का आज 56वां जन्मदिन मनाया जा रहा है। इस अवसर पर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राहुल गांधी की राजनीति जनता, सामाजिक न्याय, संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित रही है। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से राहुल गांधी ने देशभर में लाखों लोगों से संवाद स्थापित किया तथा बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं, शिक्षा और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों को राष्ट्रीय बहस का विषय बनाया। नायक ने कहा कि राहुल गांधी लगातार युवाओं के रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, किसानों के अधिकार तथा संविधान की रक्षा की बात करते रहे हैं। उनका मानना है कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र संस्थाओं, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और जनता के प्रति जवाबदेही से सुनिश्चित होती है। उन्होंने कहा कि झारखंड जैसे आदिवासी बहुल राज्य में जल, जंगल, जमीन, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक न्याय के मुद्दे विशेष महत्व रखते हैं तथा राहुल गांधी इन विषयों पर लगातार अपनी आवाज उठाते रहे हैं।

# तपती गर्मी में वन्यजीवों का साधन बना जम्मूहवा नदी



नई सोच एक्सप्रेस

**कुंदा (चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के वनांचल में स्थित जममूहवा नदी इन दिनों भीषण गर्मी के बीच वन्यजीवों के लिए जीवन का महत्वपूर्ण सहारा बनी हुई है। जहां क्षेत्र की अधिकांश छोटी-बड़ी नदियां और जलस्रोत सूख चुके हैं, वहीं इस नदी में आज भी पत्थरों के बीच से निकलने वाला शीतल एवं स्वच्छ जल लगातार प्रवाहित हो रहा है। यही कारण है कि यह नदी जंगल में रहने वाले जंगली जानवरों के लिए प्यास बुझाने और जीवन बनाए रखने का प्रमुख स्रोत बनी हुई है। घने और विशाल वन क्षेत्र से घिरी जममूहवा नदी प्राकृतिक सुंदरता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती है। चारों ओर फैले ऊंचे-ऊंचे वृक्ष, शांत वातावरण और शुद्ध वायु इस स्थान को विशेष बनाते हैं। वन क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की जड़ी-बूटियां और प्राकृतिक वन संपदा मौजूद है, जो इस इलाके की जैव विविधता को और समृद्ध बनाती है। स्थानीय लोगों के अनुसार, भीषण गर्मी और तेज धूप के दौरान भी यहां का वातावरण अपेक्षाकृत ठंडा और शांत बना रहता है। नदी के आसपास का क्षेत्र कई प्रकार के जंगली जीवों का प्राकृतिक आवास माना जाता है, जहां वे सुरक्षित वातावरण में विचरण करते हैं। प्राकृतिक सौंदर्य और वन संपदा से भरपूर जममूहवा नदी क्षेत्र न केवल वन्यजीवों के संरक्षण का उदाहरण है, बल्कि प्रकृति प्रेमियों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन सकता है। पर्यावरण संरक्षण और जल स्रोतों के संरक्षण की दृष्टि से यह स्थान आने वाली पीढ़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण धरोहर माना जा रहा है।

## भूमि दानकर्ता दंपती सम्मानित, शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** मटवारी स्थित कुम्हार टोली दुर्गा स्थान में सनातन मंडल द्वारा आयोजित पांच दिवसीय शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सह शिव पुराण कथा का समापन भव्य भंडारे और सम्मान समारोह के साथ हुआ। समारोह में मंदिर निर्माण के लिए भूमि दान करने वाले समाजसेवी टिकाधर प्रजापति और उनकी पत्नी विजवा देवी को शॉल व चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। दंपती ने इसे अपना सौभाग्य बताया। समिति के सदस्यों के अनुसार, इस भूमि दान से एक ही परिसर में शिवालय, दुर्गा मंदिर और हनुमान मंदिर की स्थापना संभव हो सकी है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दुर्गेश प्रजापति, सचिव कुलेश्वर कुमार पंडित, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र बनेगा।

# गुरुद्वारे में मनाया गया गुरु अर्जन देव शहीदी दिवस



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग।** शहर के गुरुद्वारा साहिब में गुरु सिंह सभा एवं गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में सिख धर्म के पांचवें गुरु, गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिख श्रद्धालुओं ने गुरुद्वारे में मत्था टेका। पटना साहिब से आए हजूरी रागी भाई कविंदर सिंह के जत्थे, स्थानीय ग्रंथि भाई परमजीत सिंह और मनप्रीत कौर ने शबद-कीर्तन प्रस्तुत किया। तबले पर संतोष कुमार ने संगत की। कीर्तन के माध्यम से गुरु अर्जन देव जी के त्याग, बलिदान, मानवता और धार्मिक स्वतंत्रता के लिए दिए गए सर्वोच्च योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी श्रद्धालुओं के बीच गुरु का अटूट लंगर और कच्ची लस्सी का प्रसाद वितरित किया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार रौशन सिंह कालरा एवं सचिव सरदार आनंद राज सिंह कालरा ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी का शहीदी दिवस त्याग और मानव सेवा की प्रेरणा देता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त साध-संगत का आभार व्यक्त किया।

# रॉबिन राज ने चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा में पाई सफलता,बढ़ाया जिले का मान

नई सोच एक्सप्रेस



**इटखोरी (चतरा)।** इटखोरी निवासी एवं सीमेंट व्यवसायी ब्रजेश कुमार सिंह तथा तृप्ति देवी के पुत्र रॉबिन राज ने चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) की फाइनल परीक्षा उत्तीर्ण कर चतरा जिले का मान बढ़ाया है। गुरुवार को घोषित हुए सीए फाइनल परीक्षा परिणाम में रॉबिन राज ने तीसरे प्रयास में सफलता हासिल की। रॉबिन राज मयूरहंड प्रखंड के मँधनिया गांव निवासी रामरक्षा सिंह एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका मीरा देवी के पोते हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे जिले में खुशी का माहौल है और लोग उन्हें बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ दे रहे हैं। रॉबिन राज ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा महाराजगंज स्थित मुन एम पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने हजारीबाग के स्वामी विवेकानंद स्कूल से दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण की तथा आगे की पढ़ाई दिल्ली में पूरी की। कठिन परिश्रम और लगन के बल पर उन्होंने देश की सबसे कठिन परीक्षाओं में शामिल सीए फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त की। अपनी सफलता पर रॉबिन राज ने कहा कि इस उपलब्धि का पूरा श्रेय उनके माता-पिता, दादा-दादी और परिवार के सदस्यों के निरंतर सहयोग एवं प्रेरणा को जाता है। उन्होंने कहा कि दृढ़ संकल्प, नियमित अध्ययन और आत्मविश्वास के बल पर किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। रॉबिन राज की इस सफलता से इटखोरी सहित पूरे चतरा जिले में गर्व और उत्साह का माहौल है। क्षेत्र के बुद्धिजीवियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ देते हुए उनकी उपलब्धि को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बताया है।

# हजारीबाग में लघु कुटीर उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा, आर्टिजंस मेला का होगी आयोजन

नई सोच एक्सप्रेस



**हजारीबाग।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में उद्योग विभाग, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड और जनजागरण मंच की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त ने सभी पात्र कारीगरों का पंजीकरण सुनिश्चित कर आर्टिजंस कार्ड बनाने का निर्देश दिया। सभी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर को एक माह में न्यूनतम 20 आर्टिजंस कार्ड तैयार करने को कहा गया है। स्थानीय हस्तशिल्प (जूट उत्पाद, सोहराई कला, बांस उत्पाद आदि) के विपणन के लिए 13 से 15 जुलाई 2026 और 05 से 07 अगस्त 2026 तक ओपन एम्फीथिएटर, झील परिसर में आर्टिजंस मेला लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन के लिए प्रशिक्षु आईएएस श्रीमती पूर्वा अग्रवाल को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। चौपारण के ऊलेन मार्केट को बढ़ावा देने के लिए सहकारी समिति का गठन करने और कॉमन फैसिलिटी सेंटर सीएफसी के लिए स्थलों का चयन करने की बात कही गई। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, प्रशिक्षु आईएएस पूर्वा अग्रवाल, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक और विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### परिमल नाथवानी जी की जीत पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री किशुन कुमार दास जी ने दी बधाई



**चतरा**।झारखंड राज्यसभा चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्री परिमल नाथवानी जी की शानदार विजय पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक माननीय श्री किशुन कुमार दास जी ने उनसे भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। श्री किशुन कुमार दास जी ने कहा कि यह विजय श्री परिमल नाथवानी जी के अनुभव, नेतृत्व एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री परिमल नाथवानी जी का मार्गदर्शन झारखंड एवं देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता रहेगा।

### एनएमएमएस परीक्षा में डीएवी शिक्षादीप के छात्र ने मारी बाजी, मिलेगी 48 हजार की छात्रवृति



**लावालौंग**।प्रखंड मुख्यालय स्थित डीएवी शिक्षादीप स्कूल के विद्यार्थी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है।केंद्र सरकार द्वारा अप्रैल माह में आयोजित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति योजना (एनएमएमएस) परीक्षा में विद्यालय के आठवीं कक्षा के छात्र नितिश कुमार ने सफलता हासिल की है।इस सफलता के बाद नितिश कुमार को सरकार की ओर से पुरस्कार स्वरूप 48 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहायता मिलेगी।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार,डीएवी शिक्षादीप के छात्र इससे पूर्व भी ओलंपियाड, स्ट्रेमेक्स एवं एनएमएमएस समेत विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं।विद्यालय की प्राचार्या कुमारी अनुप्रिया पांडेय ने छात्र की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं।उन्होंने बताया कि विद्यालय के लगभग 50 पूर्व छात्र वर्तमान में इंजीनियर,दारोगा,सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।नितिश कुमार की इस सफलता से विद्यालय परिवार, शिक्षकों एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है।विद्यालय के शिक्षकों ने इसे विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिणाम बताते हुए छात्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नाथवानी की जीत पर आजसू का इंडिया गठबंधन पर हमला



प्रवीण प्रभाकर

**रांची**। झारखंड से राज्यसभा के लिए एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी के निर्वाचित होने पर आजसू पार्टी ने उन्हें बधाई दी है। पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा कि नाथवानी की जीत और कांग्रेस प्रत्याशी प्रणव झा की हार से इंडिया गठबंधन की वास्तविक स्थिति सामने आ गई है। वहीं केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर ने कहा कि इस परिणाम ने सत्तारूढ़ गठबंधन की एकता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन में बिखराव शुरू हो चुका है और एनडीए को राजनीतिक बढ़त मिल रही

### राज्यसभा चुनाव में परिमल नाथवानी की जीत पर भाजपा में उत्साह



**रांची**।झारखंड राज्यसभा चुनाव में एनडीए समर्थित प्रत्याशी परिमल नाथवानी की जीत पर भाजपा नेताओं ने खुशी जताई और उन्हें बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने इसे एनडीए की एकजुटता और मजबूत संगठन की जीत बताया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में नाथवानी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर नाथवानी ने कहा कि झारखंड उनकी कर्मभूमि है और वे राज्य के विकास, ग्रामीण रोजगार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करने को प्राथमिकता देंगे।

### दारू थाना प्रभारी के नेतृत्व में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान आयोजित



**दारू (हजारीबाग)**। नशा एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसके अंतर्गत दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह के नेतृत्व में झुमरा बाजार में लोगों को जागरूक किया गया. अभियान के दौरान स्थानीय ग्रामीणों और दुकानदारों को मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई और समाज को नशामुक्त बनाने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र के कई समाज सेवी और ग्रामीण मौजूद थे।

### अवैध शराब के खिलाफ उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई,700 किग्रा जावा महुआ नष्ट, 300 लीटर शराब जब्त



**हजारीबाग**। उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद विभाग ने कटकमदाग थाना क्षेत्र के कूद और रेवाली गांव में सघन छापेमारी की। छापेमारी के दौरान भट्ठियों और घरों से करीब 700 किलोग्राम जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण व बर्तन नष्ट किए गए । मौके पर लगभग 300 लीटर अवैध महुआ चुलाई शराब जब्त की गई। इस अवैध कारोबार में संलिप्त आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा रही है। उत्पाद विभाग ने चेतावनी दी है कि जिले में अवैध शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। इस छापेमारी दल में मुख्य रूप से निरीक्षक उत्पाद सौरव कुमार झा, अवर निरीक्षक भुवनेश्वर नायक, सहायक अवर निरीक्षक एंटोनी बागे और गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे।

## भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा खेत बचाओ जागरूकता अभियान शुभारंभ

नई सोच एक्सप्रेस



**चौपारण (हजारीबाग)**। संतुलित उर्वरक उपयोग अभियान के तहत बच्छई पंचायत में 'खेत बचाओ अभियान' के अंतर्गत एक दिवसीय किसान जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 170 किसानों ने भाग लिया।यह कार्यक्रम निदेशक डॉ. सी.एच. श्रीनिवास राव के संरक्षण, परिसर प्रभारी डॉ. एस.के. महंता के मार्गदर्शन और वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विजय बहादुर सिंह चौहान के नेतृत्व में संपन्न हुआ। किसानों को मिट्टी जांच के आधार पर पोटाश व अन्य उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी गई। इसके साथ ही जैविक उर्वरकों की उपयोगिता, मृदा स्वास्थ्य जांच, प्राकृतिक खेती और आधुनिक कृषि तकनीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वैज्ञानिक डॉ. विजय बहादुर सिंह चौहान, डॉ. आशा कुमारी, डॉ. ओम प्रकाश और तकनीशियन अरुण कुमार रजक ने मुख्य भूमिका निभाई। बच्छई पंचायत के मुखिया बीरेंद्र रजक और सीएससी चौपारण एफपीओ निदेशक दीपक कुमार एवं कैलाश साव के विशेष सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। किसानों ने इस पहल की सराहना करते हुए वैज्ञानिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां तेज, 16 जुलाई को ,विदेशी भक्तों का कार्यक्रम होगा मुख्य आकर्षण

नई सोच एक्सप्रेस



**चौपारण (हजारीबाग)** । चौपारण प्रखंड में आगामी जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव को लेकर प्रबंधन समिति की ओर से होटल चेतना पैलेस में एक प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें महोत्सव की रूपरेखा और तैयारियों की विस्तृत जानकारी दी गई। **महोत्सव के मुख्य आकर्षणः16 जुलाईः** रथयात्रा के दिन विदेशी भक्तों द्वारा विशेष भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जो मुख्य आकर्षण होगा। **17 जुलाईः** क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और जनकल्याण के लिए महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि 16 जुलाई को गुरुवार होने के कारण बिगहा का साप्ताहिक बाजार भी लगेगा, जिससे भारी भीड़ जुटने की संभावना है। समिति ने प्रशासन से यातायात नियंत्रण और सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की मांग की है। साथ ही दुकानदारों से अपील की है कि वे रथयात्रा मार्ग पर दुकानें न लगाएं। प्रेसवार्ता में आयोजन समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह, सचिव राजदेव यादव, संयोजक अभिषेक सिंह, उपाध्यक्ष संजय सिंह, कोषाध्यक्ष मुनेश्वर गुप्ता, सुमन सिंह और इंदीवर सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता व जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां दर्ज कीः समीर उरांव

नई सोच एक्सप्रेस



**लोहरदगा**।भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों का विस्तृत उल्लेख किया। गुरूवार को लोहरदगा स्थित नॉवेल्टी होटल में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बीते 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, पारदर्शिता व जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, महिला, युवा, अनुसूचित जनजाति व वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक जनहितकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है, जिसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने आदिवासी समुदाय के सामाजिक, शैक्षणिक व आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान, वन धन विकास केंद्र, जनजातीय छात्रवृत्ति योजनाओं सहित अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से आदिवासी समाज के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने का कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। केंद्र सरकार की नीतियों के कारण गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना विकास व सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिला है। समीर उरांव ने झारखंड में केंद्र सरकार की संचालित विकास परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य में रेलवे, सड़क, ऊर्जा व आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने झारखंड में चल रही विभिन्न रेल परियोजनाओं, नई रेल लाइनों, स्टेशन आधुनिकीकरण तथा कनेक्टिविटी विस्तार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य के विकास को नई गति मिली है व रोजगार के अवसरों में वृद्धि हुई है। लोहरदगा से धनंजयगढ़ 293 किलोमीटर रेल लाइन की स्वीकृति केंद्र सरकार ने इसके लिए लगातार जनप्रतिनिधियों ने प्रयास किया 2 वर्ष पूर्व ही इस रेल परियोजना का सर्वे पूरा कर लिया गया था। मैं भी एक राज्यसभा का प्रतिनिधि होने के नाते तीन-तीन बार सदन पटल पर इस परियोजना को लागू करने की बात रखी व स्वयं रेल मंत्री से जाकर मिला। यह परियोजना बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत आती है। लोहरदगा में जनप्रतिनिधि के आग्रह पर केंद्र सरकार का इन्हीं 12 वर्षों के अंदर राजधानी जैसी ट्रेन का परिचालन भी शुरू हुआ। वहीं झारखंड सरकार की कई परियोजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं। राज्य सरकार ने अपने विचार प्रबंधन से योजनाओं को हासिये पर रख दिया है। देश में इससे अपने प्रदेश की छवि खराब हो रही है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हर घर नल जल योजना में व्याप्त भ्रष्टाचार है, सड़कें अधूरी हैं। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री मनीर उरांव, जिलाध्यक्ष अजय कुमार पंकज, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, रिपुसूदन साहू, राजीव रंजन अग्रवाल, पशुपति नाथ पारस, मिथुन तमेड़ा, मनीष शिखर व सुरेश बैठा सहित भाजपा के अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निर्मल जैन ने रक्तदान कर किया शिविर का उद्घाटन



नई सोच एक्सप्रेस

**हजारीबाग**।नोएडा सेक्टर-79 स्थित गौर स्पोर्ट्स वुड परिवार द्वारा थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों की सहायता के लिए एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 'वोलंटरी ब्लड डोनर्स एसोसिएशन' और 'पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्प हॉस्पिटल' के संयुक्त सहयोग से लगाया गया था। शिविर का विशेष उद्घाटन विख्यात 'ब्लड मैन' निर्मल जैन ने स्वयं 101वीं बार रक्तदान करके किया। उनके इस जज्बे को देख बड़ी संख्या में लोग प्रेरित हुए। इसके बाद सुनील भट्ट, रमेश यादव, सुशांत जैन, संजय कपूर, आस्था, और आर.के. भारती सहित दर्जनों रक्तदाताओं ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। निर्मल जैन के इस ऐतिहासिक 101वें रक्तदान पर हजारीबाग के सांसद मनीष जैसवाल, विधायक प्रदीप प्रसाद और कई सामाजिक संस्थाओं ने उन्हें बधाई दी। एसोसिएशन के सदस्यों ने अपने अध्यक्ष पर गर्व जताते हुए कहा कि वे समाज के लिए असली प्रेरणास्त्रोत हैं। रक्तदान के बाद एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन और गौर स्पोर्ट्स वुड परिवार के डॉ. डी.डी. अग्रवाल, शैलेंद्र सिन्हा व उमेश कुमार ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया और उनका आभार जताया। शिविर को सफल बनाने में डॉ. मीनाक्षी, डॉ. राकेश और डॉ. आराध्या सहित चाइल्ड हेल्प अस्पताल की मेडिकल टीम का विशेष योगदान रहा।

## आदिवासी युवाओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान, धर्म, संस्कृति परंपरा का गहन अध्यन अतिआवश्यकः जगदीप भगत

नई सोच एक्सप्रेस



**लोहरदगा**।जिला राजी पड़हा व्यवस्था लोहरदगा मीडिया प्रवक्ता व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जगदीप भगत ने कहा है कि आज के समय में आदिवासी युवाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल बेरोजगारी नहीं, बल्कि दिशा की कमी, नशाखोरी, सामाजिक विघटन व पारंपरिक मूल्यों से दूरी भी है। यदि आदिवासी जेनजी (नई पीढ़ी) अपनी ऊर्जा को नशा, दिखावा व भटकाव में खर्च करने के बजाय शिक्षा, रोजगार, आर्थिक स्वावलंबन व परिवार-सामाजिक जिम्मेदारी की ओर लगाए, तो समाज का भविष्य मजबूत व सम्मानजनक बन सकता है। आदिवासी समाज की पहचान उसकी मेहनत, सामूहिकता, प्रकृति प्रेम, पारंपरिक व्यवस्था व आत्मसम्मान रही है। लेकिन आज शराब, ड्रग्स, मोबाइल की लत, फिजूल खर्ची व बिना लक्ष्य की जीवनशैली युवाओं को कमजोर बना रही है। इसका प्रभाव केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि पूरे परिवार व समाज पर पड़ता है। कई घर आर्थिक संकट, घरेलू कलह, अपराध, स्वास्थ्य समस्या व शिक्षा से दूरी के कारण टूट रहे हैं। नई पीढ़ी को समझना होगा कि शिक्षा केवल नौकरी पाने का माध्यम नहीं, बल्कि अधिकार, पहचान व नेतृत्व की शक्ति है। रोजगार व कौशल विकास से आत्मनिर्भरता आती है। आर्थिक स्वावलंबन से परिवार मजबूत होता है व समाज में सम्मान बढ़ता है। घर-परिवार, माता-पिता, बुजुर्ग व पारंपरिक व्यवस्था के प्रति संवेदनशीलता समाज को एकजुट रखती है। आज जरूरत है कि आदिवासी युवा प्रतियोगी परीक्षा, तकनीकी शिक्षा, कृषि, खेल, व्यवसाय व स्वरोजगार की ओर बढ़ें। सरकारी योजनाओं, छात्रवृत्ति व प्रशिक्षण का लाभ लें। अपनी भाषा, संस्कृति, सरना-मसना, अखड़ा व पड़हा व्यवस्था से जुड़े रहें। नशामुक्ति अभियान व सामाजिक जागरूकता में भाग लें। सोशल मीडिया पर केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि ज्ञान व समाजहित की बातों को प्राथमिकता दें। समाज, परिवार, शिक्षक, जनप्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों की भी जिम्मेदारी है कि वे युवाओं को सही मार्गदर्शन दें। केवल आलोचना करने से बदलाव नहीं आएगा, सामाजिक राजनेता, सांसद, विधायक, अन्य जनप्रतिनिधि, आर्थिक रुप से संपन्न लोगों से प्राप्त अवसर, प्रेरणा व सकारात्मक वातावरण देना भी जरूरी है। यदि आदिवासी युवा शिक्षा व आत्मनिर्भरता को अपना लक्ष्य बना लें, तो आने वाले समय में वे केवल अपने परिवार ही नहीं, बल्कि पूरेबी समाज के नेतृत्वकर्ता बन सकते हैं। नशाखोरी समाज को कमजोर करती है, जबकि शिक्षा व स्वावलंबन समाज को मजबूत, संगठित व सम्मानित बनाते हैं।

## झरिया की बागडीगी बस्ती में पेयजल संकट को लेकर लोगों का आक्रोश सड़क पर उतरा



नई सोच एक्सप्रेस

**धनबाद**। झरिया स्थित बागडीगी बस्ती में पेयजल संकट को लेकर लोगों का आक्रोश सड़क पर उतर आया। पिछले छह महीने से नियमित पानी की आपूर्ति बंद होने से परेशान हजारों लोगों ने बीसीसीएल एरिया-10 के महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया। गैलन और बाल्टियां लेकर पहुंचे लोगों ने बीसीसीएल प्रबंधन के खिलाफ नारेबाजी की और जल्द समस्या के समाधान की मांग की। इस दौरान लोगों ने महाप्रबंधक कार्यालय का मुख्य गेट जाम कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि परियोजना विस्तारीकरण के बाद से बस्ती में पानी और बिजली की समस्या लगातार बनी हुई है। छह महीने पहले पेयजल कनेक्शन काट दिए जाने के कारण हजारों परिवारों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में खाली गैलन और बाल्टियां लेकर बीसीसीएल के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की और मुख्य गेट को जाम कर दिया। उनका कहना है कि जब तक बस्ती में नियमित पेयजल आपूर्ति बहाल नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## समाज कल्याण विभाग की योजनाओं एवं आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थिति की उपायुक्त ने की विस्तृत समीक्षा

नई सोच एक्सप्रेस



**» रिक्त पदों पर तीन माह के भीतर नियुक्ति पूर्ण करने एवं निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश**

**साहिबगंज**। उपायुक्त दीपक कुमार दूबे की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में समाज कल्याण विभाग की विस्तृत समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों की आधारभूत सुविधाओं, निर्माणाधीन भवनों, सेविका-सहायिका नियुक्ति, पोषण ट्रैकर, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना समेत अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में उपायुक्त ने हाल ही में नियुक्त महिला पर्यवेक्षिकाओं से परिचय प्राप्त किया तथा उन्हें आवंटित प्रखंड एवं सेक्टर की जानकारी ली। जिन पर्यवेक्षिकाओं को अब तक सेक्टर आवंटित नहीं किया गया है, उनके लिए दो दिनों के भीतर सेक्टर आवंटन सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त ने सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं को अपने-अपने क्षेत्रों के आंगनबाड़ी केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने और वहां उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, भवन की स्थिति, सेविका एवं सहायिका की नियुक्ति तथा रिक्त पदों एवं सेवानिवृत्ति संबंधी मामलों पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में नव निर्मित आंगनबाड़ी भवनों में किराये अथवा जर्जर भवनों में संचालित केंद्रों के स्थानांतरण की भी समीक्षा की गई। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के निकट स्थित लगभग 390 विद्यालयों की पहचान की गई है, जहां ऐसे केंद्रों को स्थानांतरित किया जा सकता है। उपायुक्त ने महिला पर्यवेक्षिकाओं को संबंधित केंद्रों एवं विद्यालय परिसरों का स्थलीय निरीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जा सके। प्रधानमंत्री जनमन एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवनों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्वीकृत सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करना आवश्यक है। इसके लिए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को नियमित समीक्षा करने एवं कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्रों में विद्युत, पेयजल एवं शौचालय सुविधाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने सभी केंद्रों में इन मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जिन केंद्रों में सुविधाओं का अभाव है, उनका प्रतिवेदन तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री जनमन के तहत नव स्वीकृत आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका चयन तथा सामान्य स्वीकृत केंद्रों में सेविका-सहायिका नियुक्ति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया आगामी तीन माह के भीतर पूर्ण कर ली जाए, ताकि लाभुकों को योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके।बैठक में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, सेविका-सहायिका मानदेय भुगतान, पोषण ट्रैकर, आभा आईडी तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पोषण ट्रैकर के अंतर्गत गंभीर कुपोषित (SAM) बच्चों के समर सेम कार्यक्रम की अपेक्षाकृत धीमी प्रगति पर उपायुक्त ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने विशेष अभियान चलाकर गंभीर कुपोषित बच्चों की पहचान एवं नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि कुपोषण उन्मूलन के लक्ष्य को प्रभावी ढंग से हासिल किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि समाज कल्याण विभाग की सभी योजनाएं समाज के जरूरतमंद वर्गों के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही हैं। इसलिए सभी अधिकारी एवं कर्मी संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, परियोजना निदेशक आईटीडीए-सह-प्रभारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संजय कुमार दास, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिकाएं एवं संबंधित विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### खनन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला,ओवरलोड ट्रक ने सरकारी वाहन में मारी टक्कर

**वाराणसी /गाजीपुर।** अवैध खनन एवं ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के दौरान खनन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है | कार्रवाई से बचने के लिए भाग रहे ओवरलोड ट्रक चालक ने खनन अधिकारियों के सरकारी वाहन में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी | घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया जबकि अधिकारी एवं कर्मचारी बाल-बाल बच गए | पुलिस ने मामले में गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है | प्राप्त जानकारी के अनुसार खनन अधिकारी वाराणसी प्रशांत शर्मा की ओर से खानपुर थाने में दर्ज कराई गई तहरीर में बताया गया है कि विभागीय टीम अवैध खनन सामग्री के परिवहन की रोकथाम के लिए कैथी टोल प्लाजा के समीप वाहनों की जांच कर रही थी | इसी दौरान दो संदिग्ध ओवरलोड ट्रक तेज गति से गुजरते दिखाई दिए | टीम द्वारा रुकने का संकेत दिए जाने के बावजूद दोनों चालक वाहन लेकर फरार हो गए | खनन विभाग की टीम ने जब वाहनों का पीछा किया तो एक ट्रक चालक ने सरकारी बोलेरो वाहन को निशाना बनाते हुए पीछे से जोरदार टक्कर मार दी | टक्कर इतनी भीषण थी कि सरकारी वाहन क्षतिग्रस्त हो गया | विभागीय अधिकारियों का आरोप है कि यह घटना सरकारी कार्यवाही में बाधा उत्पन्न करने और टीम को नुकसान पहुंचाने की मंशा से की गई | बताया गया है कि संबंधित ट्रक पूर्व में भी ओवरलोडिंग एवं अवैध परिवहन के मामलों में पकड़ा जा चुका है इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर उसका संचालन किया जा रहा था | घटना के बाद विभाग ने इसे सरकारी कार्य में बाधा एवं अधिकारियों की जान जोखिम में डालने का गंभीर मामला बताया है | पुलिस ने ट्रक चालक समेत संबंधित आरोपितों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं,सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम तथा खनन संबंधी प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है | मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है और आरोपितों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं | प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन,ओवरलोडिंग तथा सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा | बताते चले की खनन अधिकारी वाराणसी प्रशांत शर्मा एक होनहार और निडर अधिकारी है जिस जिले में इनकी पोस्टिंग रहीं अपने कार्यों को लेकर चर्चा में रहे ||

### संगठन में अनुशासन एवं सक्रियता को लेकर बड़ा फैसला

» आल इंडिया ह्यूमन राइट्स आर्गनाइजेशन ने गोरखपुर जिला एवं महानगर कार्यकारिणी भंग की, समीक्षा के बाद होगा नई कार्यकारिणी का गठन

**गोरखपुर।** आल इंडिया ह्यूमन राइट्स आर्गनाइजेशन ने संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय एवं प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा संगठनात्मक निर्णय लिया है। राष्ट्रीय कार्यालय गोरखपुर द्वारा जारी आदेश के अनुसार संगठन की गोरखपुर जिला कार्यकारिणी एवं महानगर गोरखपुर कार्यकारिणी को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। संगठन द्वारा जारी सूचना के अनुसार सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के आई०डी० कार्ड की वैधता दिनांक 11 जून 2026 को समाप्त हो चुकी थी। आई०डी० कार्ड नवीनीकरण के लिए संगठन के आधिकारिक माध्यमों से लगातार सूचना एवं निर्देश जारी किए गए थे, इसके बावजूद निर्धारित समय के बाद भी कई साथियों द्वारा आवश्यक प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। संगठनात्मक अनुशासन, पारदर्शिता एवं बेहतर कार्यप्रणाली को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री पन्ने लाल यादव के निर्देश पर दिनांक 14 जून 2026 से गोरखपुर जिला एवं महानगर कार्यकारिणी को भंग करने का निर्णय लिया गया। राष्ट्रीय कार्यालय द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि नई कार्यकारिणी के गठन तक पूर्व पदाधिकारी अपने पूर्व पदनाम, संगठनात्मक पहचान, आई०डी० कार्ड अथवा पद से संबंधित किसी भी अधिकार का प्रयोग नहीं करेंगे। संगठन के नाम या पद का अनधिकृत प्रयोग नियमों के विरुद्ध माना जाएगा। संगठन ने स्पष्ट किया है कि वर्ष 2026 में नई कार्यकारिणियों का गठन सक्रियता, सदस्य संख्या में वृद्धि, संगठन विस्तार, जनहित कार्यों में भागीदारी एवं जिम्मेदारियों के निर्वहन की समीक्षा के आधार पर किया जाएगा। संगठन का उद्देश्य मानव अधिकारों की रक्षा, आम जनमानस में जागरूकता बढ़ाना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाना है। इसी उद्देश्य से नई व्यवस्था लागू की गई है, जिससे जिम्मेदार एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे आने का अवसर मिलेगा। आल इंडिया ह्यूमन राइट्स आर्गनाइजेशन ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता साथियों से अपील की है कि संगठन की गरिमा, अनुशासन एवं नियमों का पालन करते हुए मानव अधिकारों के प्रति जागरूकता एवं जनसेवा के कार्यों में अपना योगदान दें। उक्त निर्णय की जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री बी० एन० शर्मा द्वारा दी गई।

### गोरखपुर पुलिस महकमे में आंशिक फेरबदल, नवागत PPS आभा सिंह बनीं सीओ कैंट एसएसपी ने महत्वपूर्ण सर्किल की सौंपी जिम्मेदारी


आभा सिंह ,सीओ कैंट

**गोरखपुर।** जनपद में पुलिस महकमे में आंशिक फेरबदल करते हुए 2016 बैच की पीपीएस अधिकारी नवागत आभा सिंह को कैंट सर्किल का क्षेत्राधिकारी (सीओ) नियुक्त किया गया है। वहीं सहायक पुलिस अधीक्षक अरुणकुमार एस को सीओ लाइन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया यह फेरबदल प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आभा सिंह मूल रूप से सुल्तानपुर की निवासी हैं और गोरखपुर में उनकी यह नई तैनाती है। इससे पूर्व वह झांसी और महाराजगंज जनपद में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराध नियंत्रण में सक्रिय भूमिका निभाई है। उनके कार्यों को देखते हुए उन्हें एक जिम्मेदार और सक्षम अधिकारी के रूप में जाना जाता है। एसएसपी ने उनके पूर्व अनुभव और कार्यशैली को ध्यान में रखते हुए उन्हें शहर के सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल कैंट सर्किल का प्रभार सौंपा है। कैंट क्षेत्र में वीआईपी मूवमेंट, प्रमुख बाजार और विभिन्न महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं, जिसके कारण यहां की जिम्मेदारी चुनौतीपूर्ण मानी जाती है। नवागत सीओ आभा सिंह से उम्मीद जताई जा रही है कि वह अपने अनुभव के बल पर क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत करेंगी और आम जनता के साथ बेहतर संवाद स्थापित करेंगी। उनके नेतृत्व में अपराध नियंत्रण और पुलिसिंग व्यवस्था में और सुधार की संभावना जताई जा रही है। वहीं सहायक पुलिस अधीक्षक अरुणकुमार एस को सीओ लाइन का प्रभार दिया गया है। पुलिस लाइन में प्रशासनिक व्यवस्था, प्रशिक्षण और अनुशासन से जुड़े कार्यों का संचालन उनके जिम्मे रहेगा। पुलिस विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह आंशिक फेरबदल प्रशासनिक व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किया गया है। इससे जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी।

# महिलाओं की भागीदारी से ही मजबूत होगा लोकतंत्र : रमा खलखो

नई सोच एक्सप्रेस



**गुमला।** सर्किट हाउस गुमला में महिला कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक सिसई प्रखंड प्रमुख मीणा टोप्पो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष रमा खलखो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव बॉबी भगत उपस्थित थीं। बैठक को संबोधित करते हुए रमा खलखो ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी के बिना समाज और लोकतंत्र की मजबूती की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा महिलाओं के अधिकार, सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संघर्ष करती रही है। आज जरूरत है कि महिलाएं गांव से लेकर जिला और राज्य स्तर तक संगठन को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस का उद्देश्य केवल राजनीतिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक न्याय के प्रति जागरूक करना भी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि वे घर-घर जाकर महिलाओं को संगठन से जोड़ें तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों और जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं। रमा खलखो ने कहा कि बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और महिलाओं के खिलाफ हो रही घटनाएं चिंता का विषय हैं। इन मुद्दों पर महिला कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रही है और आगे भी संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने संगठन की मजबूती के लिए बूथ स्तर तक कमेटियों का गठन करने तथा अधिक से अधिक महिलाओं को नेतृत्व की जिम्मेदारी देने पर बल दिया। राष्ट्रीय सचिव बॉबी भगत ने भी महिला कार्यकर्ताओं को संगठित होकर समाज और संगठन के हित में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में महिला कांग्रेस के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों तथा संगठनात्मक रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आई महिला कांग्रेस की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

## 19 जून को 'राष्ट्रीय घरवापसी दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान



नई सोच एक्सप्रेस

**कोलकाता/नई दिल्ली।** हिंदू जनजागृति समिति ने 19 जून 2026 को 'राष्ट्रीय घरवापसी दिवस' के रूप में मनाने का आह्वान किया है। समिति के अनुसार, 19 जून 1676 को छत्रपति शिवाजी महाराज ने अपने सेनापति नेताजी पालकर का शुद्धीकरण कर उन्हें पुनः हिंदू धर्म में ससम्मान स्वीकार किया था। इस ऐतिहासिक घटना के 350 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर देशभर में इसे स्मरण करने की अपील की गई है। समिति के राष्ट्रीय प्रवक्ता रमेश शिंदे ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल महान योद्धा ही नहीं, बल्कि धर्मरक्षक और दूरदर्शी शासक भी थे। उन्होंने कहा कि इतिहास की यह घटना समाज को एकता, स्वीकार्यता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा का संदेश देती है। समिति ने सभी हिंदू संगठनों, संतों और सामाजिक संस्थाओं से इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित कर जनजागरण करने का आग्रह किया है।

## सरदार पटेल एकता रथ के साथ वाराणसी में निकली न्याय यात्रा, सामाजिक न्याय व रोजगार की उठी मांग

नई सोच एक्सप्रेस




**वाराणसी।** जनहित संकल्प पार्टी द्वारा सामाजिक न्याय, महिला भागीदारी, रोजगार और संवैधानिक अधिकारों को लेकर सरदार पटेल एकता रथ के माध्यम से न्याय यात्रा निकाली गई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आर.एस. पटेल के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा का वाराणसी में शुभारंभ शिवपुर विधानसभा क्षेत्र से हुआ। डॉ. पटेल ने सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बढ़ते अन्याय, अत्याचार और महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर रोक लगाने के लिए जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने संसद और विधानसभाओं में महिलाओं की आबादी के आधार पर 50 प्रतिशत भागीदारी तथा ओबीसी महिलाओं के लिए विशेष आरक्षण की मांग उठाई। यात्रा के दौरान जातीय जनगणना, समान एवं निःशुल्क शिक्षा, रोजगार की गारंटी तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता की मांग भी की गई। डॉ. पटेल ने कहा कि सरकार को जातीय जनगणना कराकर सभी वर्गों के लिए वर्गीकृत आरक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने छात्रों के हित में यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन-2026 लागू करने की भी मांग की। न्याय यात्रा धनपत्ती इंटर कॉलेज, लखरांव से शुरू होकर सथवां चौराहा, घुरीपुर, महावीर चौराहा, पांडेयपुर और कचहरी होते हुए शास्त्री घाट पहुंची। यहां आयोजित गोष्ठी के बाद जिलाधिकारी वाराणसी को विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। पार्टी के अनुसार, यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समर्थकों और सामाजिक न्याय के पक्षधर लोगों ने भाग लिया। अभियान का मुख्य नारा "हर घर नौकरी, हर हाथ को रोजगार" रहा।

## नफरत के दौर में उम्मीद की आवाज बना एक नायक, 'बटवारा 1947' का टीजर आया सामने

नई सोच एक्सप्रेस




**जित मुंबई।** बंटवारा 1947' (BATWARA 1947) इस साल की सबसे बेसब्री से इंतजार की जाने वाली फिल्मों में से एक है। अपने शानदार मोशन पोस्टर और किरदारों के दमदार पोस्टर्स के रिलीज होने के बाद से ही, इस फिल्म ने हर तरफ लोगों का ध्यान खींचा है। यह एक ऐसी कहानी के लिए उत्सुकता बढ़ा रही है जो हिम्मत, बलिदान और कभी न टूटने वाले इंसानी जज्बे से जुड़ी है। अब, इसके दमदार टीज़र के रिलीज होने के साथ ही, फिल्म को लेकर बना हुआ एक्साइटमेंट एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। 'बंटवारा 1947' का यह दिलचस्प और इंटेंस टीज़र दर्शकों को इतिहास के सबसे बड़े मोमेंट्स में से एक में ले जाता है, भारत की आजादी और वो दर्दनाक बंटवारा जिसने एक देश को बांट दिया और हमेशा के लिए करोड़ों जिंदगियों को बदल कर रख दिया। दमदार डायलॉग्स और दिल को छू लेने वाले इमोशनल बैकग्राउंड स्कोर से भरा यह टीज़र इतिहास के सबसे उथल-पुथल भरे चैप्टर के दौरान उम्मीद और लचीलेपन के जज्बे को दिखाता है। हमारी इस कहानी के केंद्र में एक ऐसा हीरो है जो डर और नफरत से ऊपर उठकर असाधारण बहादुरी की मिसाल बनता है। 'बंटवारा 1947' में शबाना आजमी, सनी देओल, प्रीति जी जिंटा, करण देओल, अली फजल और अभिमन्यु सिंह जैसे शानदार कलाकारों की फौज है। यह फिल्म करीब तीन दशकों के बाद राजकुमार संतोषी और सनी देओल की बहुप्रतीक्षित (मोस्ट-अवेडेट) वापसी को भी दिखाती है। 'आमिर खान प्रोडक्शंस' के बैनर तले बनी 'बंटवारा 1947' को नेशनल अवार्ड विनर फिल्ममेकर राजकुमार संतोषी ने डायरेक्ट किया है। इसका म्यूजिक ए. आर. रहमान ने तैयार किया है, जबकि गाने जावेद अख्तर ने लिखे हैं। आमिर खान और अपर्णा पुरोहित द्वारा प्रोड्यूस की गई यह फिल्म 'पार्टीशन डे' के मौके पर 14 अगस्त 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## 51वें श्री सतचंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 22 जून से,धूमधाम से निकलेगी भव्य कलश शोभायात्रा

नई सोच एक्सप्रेस



» नेपाली माता भगवती धाम में 22 जून से श्री सतचंडी महायज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन, 64 गांवों के श्रद्धालु होंगे सहभागी

» छीतमपुर में सजेगा भक्ति का महाकुंभ 51वें श्री सतचंडी महायज्ञ,कलश यात्रा,कथा और विशाल भंडारे का होगा भव्य आयोजन

**वाराणसी।** चौबेपुर क्षेत्र के छीतमपुर स्थित नेपाली माता भगवती धाम में 51वें श्री सत चंडी महायज्ञ एवं श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन 22 जून से 30 जून 2026 तक किया जाएगा इस आयोजन को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है | कार्यक्रम में प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान,यज्ञ,कथा एवं विशाल भंडारे का आयोजन होगा | 18 जून गुरुवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में आयोजन समिति के द्वारा बताया गया की 22 जून 2026 सोमवार को प्रातः सात बजे भव्य कलश शोभायात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा | इसके उपरांत 23 जून से श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन प्रतिदिन सायं चार बजे से हरि इच्छा तक किया जाएगा | कथा वाचन का दायित्व योगी श्यामनयन जी महाराज (श्रीधाम वृन्दावन) निभाएंगे | सत चंडी महायज्ञ यज्ञाचार्य के रूप में राजेंद्र जी महाराज (श्री धाम अयोध्या ) अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे जबकि कार्यक्रम में परमहंस श्री श्री 1008 श्री मोनी गिरि नागा बाबा (कस्तूरबा नाथ धाम जौनपुर) का सानिध्य भी प्राप्त होगा | कार्यक्रम के अंतर्गत 24 जून 2026 बुधवार को अरणी मंथन आयोजित किया जाएगा | प्रतिदिन प्रातः सात बजे से दोपहर बारह बजे तक यज्ञ एवं हवन संपन्न होगा | 29 जून 2026 सोमवार को पूर्णाहुति एवं पूजन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों का समापन होगा | आयोजन समिति द्वारा 30 जून 2026 मंगलवार को 64 गांवों के श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है | समस्त ग्रामवासियों द्वारा आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है ||

## आईसीसीआर में 'सनातनी योद्धा सम्मान' का भव्य आयोजन



नई सोच एक्सप्रेस

**कोलकाता।** आईसीसीआर सभागार में 'सनातनी योद्धा सम्मान' समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विशोखानंद महाराज, पूर्व राज्यसभा सांसद राहुल सिन्हा, इस्कॉन के उपाध्यक्ष राधारमण दास एवं आयोजक डॉ. अशोक पोद्दार ने भगवान जगन्नाथ को पुष्प अर्पित कर किया। समारोह में मंत्री पूर्णिमा चक्रवर्ती, विधायक विजय ओझा, दिलीप सिंह, पापिया अधिकारी, भाजपा नेता राकेश सिंह और अधिवक्ता प्रियंका टिबड़ेवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाज, स्वास्थ्य, शिक्षा और धार्मिक क्षेत्र में योगदान देने वाले कई व्यक्तियों एवं संस्थाओं को 'सनातनी योद्धा सम्मान' से सम्मानित किया गया। डॉ. अशोक पोद्दार ने सनातन समाज की एकजुटता और संस्कृति संरक्षण पर बल दिया। कार्यक्रम के संयोजक विवेक शुक्ला ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समारोह में रामकृष्ण मिशन, भारत सेवाश्रम संघ, इस्कॉन सहित विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश, 28 मामलों की हुई सुनवाई

नई सोच एक्सप्रेस



**वाराणसी।** राज्य महिला आयोग की सदस्य गीता विश्वकर्मा ने सर्किट हाउस सभागार में आयोजित महिला जनसुनवाई में महिलाओं की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में कुल 28 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, जबकि शेष मामलों को आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागों को भेजा गया। जनसुनवाई में भूमि विवाद, महिला उत्पीड़न, नौकरी दिलाने के नाम पर धन उगाही, मकान पर अवैध कब्जा तथा उपचार संबंधी मामले प्रमुख रूप से सामने आए। गीता विश्वकर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि महिलाओं एवं बालिकाओं से जुड़ी सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए गांव और वार्ड स्तर पर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट रवि शंकर सिंह, अपर पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध) नम्रता श्रीवास्तव, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्र सहित महिला कल्याण, स्वास्थ्य, पंचायत, श्रम, समाज कल्याण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण एवं पिछड़ा कल्याण विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## मोहनलाल गिहारा बोले पंच तीर्थ यात्रा का जत्था चौथे चरण में दादर मुंबई में पहुंचने पर भव्य स्वागत

नई सोच एक्सप्रेस



» गिहारा ने कहा यह देश बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की राह सिद्धांतों पर चल रहा है

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा यह देश बाबा साहब भीमराव डॉक्टर अंबेडकर साहब के बताए हुए रास्तों पर चल रहा है और उसके सिद्धांतों को देश का बच्चा-बच्चा अनुसरण कर रहा है आज तभी हमारा देश तरक्की कर रहा है आज पंचतीर्थ यात्रा के पड़ाव पर कल सुबह 5 बजे अपने 4th चरण महापरिनिर्वाण स्थल के दर्शन के लिए दादर मुंबई से दिल्ली के लिए रवाना होगी जिसमे 150 यात्री दिल्ली पहुँचेंगे यात्रा का नेतृत्व यात्रा के सह सयोजक और पंजाब अनुसूचित जाति भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चंदेल कर रहे है यात्रा में एस आर लद्धर जी प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा भाजपा पंजाब, संजीव अटवाल जी प्रदेश उपाध्यक्ष, डॉ भारती प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हैं इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल गिहारा ने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के पास तीर्थ की यात्रा पर पंजाब से यह जाता निकला हुआ है अब अपने अंतिम पढ़ाओ दिल्ली पहुंचेंगे जहां प्रदेश भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की तरफ से उनका भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया गया है तमाम श्रद्धालुओं के लिए बेहतरीन सुविधा उपलब्ध कराई गई है तमाम मोर्चा पुरी ताकत के साथ सेवा भाव से लगा हुआ है किसी भी तीर्थ यात्रियों को कोई असुविधा न हो इसके लिए प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक टीम लगी हुई है तीर्थ जातियों की सेवा के लिए जिसमें दिल्ली प्रदेश के तीनों महामंत्री जिसमें प्रमुख अधिवक्ता लाजपत राय रुपेश मेहरा, मनोज कुमार सिंह पूर्व विधायक , मोर्चे के उपाध्यक्ष प्रभारी संयोजक प्रवक्ता जिला अध्यक्ष जिला महामंत्री आदि तमाम कार्यकर्ता सेवा भाव से लगे हुए हैं



# थायराइड को कंट्रोल कर सकते हैं ये मसाले

**थायराइड जीवनशैली से जुड़ी परेशानी है जिससे आजकल हर व्यक्ति ग्रस्त है। इस कारण शरीर में काफी बदलाव आने लगता है। कुछ लोगों का वजन काफी ज्यादा बढ़ जाता है। कुछ लोगों को हेयर फॉल की शिकायत हो जाती है। अगर आप भी थायराइड की समस्या से परेशान हैं तो मम्मी के किचन में रखे कुछ मसाले थायराइड कंट्रोल करने में उपयोगी साबित हो सकते हैं। आइए जानते हैं वो कौन से मसाले हैं जो थायराइड लेवल को फिक्स करने में आपके काम आ सकते हैं।**

## हल्दी

थायराइड में हल्दी का सेवन आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। हल्दी एक औषधि के रूप में जानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण मौजूद होते हैं जो शरीर की सूजन को कम करने में मदद करते हैं। इसमें करक्यूमिन नाम का यौगिक पाया जाता है जो थायराइड ग्लैंड की सूजन कम करने में मदद करता है। आपको बता दें कि हल्दी में बहुत ही शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो शरीर में होने वाले ऑक्सीडेशन की प्रक्रिया को न्यूट्रल कर देते हैं।

## जीरा

जीरा हमेशा से ही खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए जाना जाता है। वहीं इसमें मौजूद फाइटोकेमिकल्स थायराइड फंक्शन को बैलेंस रखने में मदद करते हैं। जीरा आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ाता है जिससे थायराइड लेवल को फिक्स करने में मदद मिलती है।

## दालचीनी

दालचीनी का नियमित इस्तेमाल भी थायराइड को कंट्रोल करने में मददगार है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं जो सूजन को कंट्रोल करते हैं। दालचीनी में सिनामाल्डिहाइट नाम का केमिकल मौजूद होता है,जो शरीर में प्रोजेस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाने में मदद करता है। यह महिलाओं में टेस्टोस्टेरोन के उत्पादन को कम करने में मदद करती है ।जिससे शरीर में हार्मोन्स के संतुलन को बनाए रखने में मदद मिलती है।

## धनिया

थायराइड में धनिया के बीज का सेवन भी आपको फायदे पहुंचा सकता है। धनिया के बीजों में एंटीऑक्सीडेंट होता है थायराइड फंक्शन को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इससे शरीर का सूजन कम होता है ।आप धनिया के बीजों को एक गिलास पानी में भिगोकर रखे और इसे सुबह खाली पेट पी लें।



# जागरूकता से ग्लूकोमा को हराया जा सकता है

**परिवार के किसी सदस्य को ग्लूकोमा यानी काला मोतिया बीमारी हो तो सावधानी जरूरी है। इस स्थिति में परिवार के सभी सदस्यों को नियमित रूप से आंखों की जांच कराना चाहिए। 40 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को वर्ष में एक बार अनिवार्य रूप से आंखों की जांच कराते हुए आई प्रेशर का पता लगाना चाहिए। जागरूकता से ग्लूकोमा को हराया जा सकता है।**

### अंधत्व के खतरे को टाला जा सकता है

यदि समय रहते बीमारी का पता चल जाए तो अंधत्व के खतरे को टाला जा सकता है। उदाहरण के लिए यदि पिता को काला मोतिया है तो बच्चों की आंखों की जांच जरूर नियमित रूप से कराते रहें। आई प्रेशर से ग्लूकोमा के खतरे का पता चल जाता है। काला मोतिया ऐसी स्थिति है जो आंख के पिछले हिस्से में आप्टिव नर्व को प्रभावित करती है। इससे आंखों को गंभीर नुकसान हो सकता है। आप्टिक नर्व आंख से मस्तिष्क को जानकारी भेजने का काम करती है।

### आंखों की बनावट गुब्बारे की तरह होती है

आंखों की बनावट गुब्बारे की तरह होती है। जिसके भीतर तरल पदार्थ भरा होता है। आंखों के भीतर यह तरल पदार्थ बनता रहता है, जो आंखों को नमी प्रदान करती है। परंतु जब आंखों में तरल पदार्थ बनने व बाहर निकलने की प्रक्रिया बाधित होने लगती है तो आंखों पर दबाव बढ़ता है और आप्टिक नर्व को नुकसान पहुंचता है। इस दशा में आंखों की रोशनी कम होने लगती है तथा ग्लूकोमा की स्थिति बनती है। ग्लूकोमा में मरीज को ज्यादा तकलीफ नहीं होती है इसलिए इस बीमारी को नजरअंदाज किया जाता है।

# शरीर में इस विटामिन की कमी के कारण होता है पीलिया



जॉन्डिस एक मेडिकल कंडीशन है जिसे हम पीलिया के नाम से जानते हैं। इसमें व्यक्ति की आंखें और त्वचा का रंग पीला पड़ने लगता है। ये एक गंभीर समस्या है जो नवजात से लेकर किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। पीलिया के कारण आपकी आंखों का सफेद भाग, झिल्ली,चेहरे और शरीर की त्वचा धीरे-धीरे पीली पड़ने लगती है।

एक्सपर्ट की माने तो पीलिया तब होता है जब शरीर में बिलीरुबिन नाम का पदार्थ बहुत अधिक हो जाता है जिससे लिवर पर प्रभाव पड़ता है इससे लिवर के काम करने की क्षमता कमजोर हो जाती है। बिलीरुबिन शरीर में फैल जाता है जिससे व्यक्ति पीलिया रोग का शिकार हो जाता है। हेल्थ एक्सपर्ट की माने तो बिलीरुबिन बढ़ने और पीलिया की समस्या के लिए कुछ विटामिन जिम्मेदार होते हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक शरीर में विटामिन के की कमी के कारण भी यह समस्या हो सकती है। विटामिन के की कमी से बाइल डक्ट ब्लॉक हो जाता है जिससे बिलीरुबिन को लिवर से बाहर निकलने में रुकावट होती है। वहीं विटामिन के की कमी से रक्तस्राव भी अधिक होता है जिससे खून की कमी होती है। विटामिन बी 12 की कमी के कारण भी पीलिया हो सकता है। दरअसल जब विटामिन बी 12 की कमी होती है तब लाल रक्त कोशिकाओं की कमी भी हो जाती है। और बिलीरुबिन तब बनता है जब लाल रक्त कोशिकाएं नष्ट होने लगती हैं।



# रखें अपनी ओरल हेल्थ का ख्याल

अगर डेंटिस्ट के पास नहीं जा पा रहे हैं तो खुद ही अपनी ओरल हेल्थ का ध्यान रखना बहुत ही जरूरी होता है और अगर हमारी ओरल हेल्थ सही न रहे तो ये आगे चलकर कई बीमारियों का कारण बन सकती है। यहां सिर्फ दांतों की सफाई नहीं बल्कि मसूढ़ों की सेहत, जीभ की सफाई और हमारे मुंह में मौजूद ग्लैंड्स की सफाई और उनके स्वास्थ्य का ध्यान भी रखना जरूरी है। ओरल हेल्थ का ख्याल रखना हर उम्र के इंसान के लिए जरूरी है। स्टडी कहती है कि दुनिया भर में 3.5 बिलियन लोग ओरल समस्याओं से जूझ रहे हैं। वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन की तरफ से ओरल हेल्थ को मैनेज करने के लिए कुछ खास टिप्स भी दी गई हैं। आज हम ऐसी ही कुछ टिप्स के बारे में बात करेंगे जो हमारी ओरल हेल्थ को सुधारने के लिए जरूरी है।

### कम शक्कर वाले फूड्स, जूस आदि खाएं

गाइडलाइन्स कहती हैं कि आपको अपनी डाइट में जितना हो सके उतना कम शक्कर युक्त खाना खाएं। ये दवाओं के लिए भी लागू होता है। अगर हो सके तो ऐसे कफ सिरप आदि का चुनाव करें जिनमें शक्कर का इस्तेमाल कम हो रहा हो। शक्कर चाहें किसी भी फॉर्म में अंदर जाए वो हमारे मुंह की हेल्थ को खराब कर सकती है। इससे कैविटीज आदि भी हो सकती हैं। इसलिए ये जरूरी है कि हम कम शक्कर वाला खाना खाएं और जितना हो सके नेचुरल फ्रूट्स और ड्रिंक्स का सेवन करें।

### दिन में 2-3 बार गरारा करें

ये जरूरी है कि आप अपने मुंह को साफ रखें इसके लिए आप दिन में 2-3 बार गरारा कर सकते हैं। आप अपने पास एक अच्छा माउथवॉश रखें और अगर माउथवॉश नहीं है तो आप गुनगुने पानी में नमक मिलाकर उससे गरारा कर सकती हैं। आप चाहें तो छद्धड्ढ माउथवॉश भी बना लें जिसमें काली मिर्च, अदरक, हल्दी और तुलसी की पत्तियां शामिल हों। ये आपकी ओरल कैविटी को दूर करने में मदद करेगा।

### पानी की कमी न होने दें

ओरल हेल्थ ही नहीं बल्कि शरीर की कई समस्याओं को दूर करने के लिए ये जरूरी है कि आप अपने शरीर को हाइड्रेटेड रखें। ये अच्छा होगा कि आप पानी पीते रहें ताकि मुंह सूखे नहीं और मुंह के अंदर सलाइवा, मसूढ़े आदि साफ होते रहें। पानी पीने से दांतों के अंदर फंसे खाने के कण भी निकल जाते हैं और साथ ही साथ ये कैविटीज को खत्म करने और मुंह की दुर्गंध से लड़ने में भी सहायक होगा। आप नींबू पानी या सब्जियों और फलों का जूस भी पी सकते हैं।

### एल्कोहॉल और स्मोकिंग से रहें दूर

अगर आप इसका सेवन नहीं करते तो ठीक, लेकिन अगर आप करते हैं तो इसे थोड़ा कम कर दीजिए। ये ओरल हेल्थ को खराब करने के सबसे अहम कारणों में से एक होते हैं। अकेले इस एक स्टेप को लेने से ही आपकी ओरल हेल्थ में कमाल का सुधार दिख सकता है।

### डाइट का रखें ध्यान

हमारी ओरल हेल्थ को निर्धारित करने में हमारी डाइट का बहुत बड़ा योगदान होता है। ये बहुत जरूरी है कि हम सही विटामिन और मिनरल अपनी डाइट में शामिल करें ताकि शरीर को पोषण मिले। अगर हम बहुत ज्यादा चिपचिपा और स्टार्च वाला खाना खाएंगे तो ये हमारी ओरल हेल्थ पर असर डालेगा।

# बढ़ती उम्र के साथ जरूरी है दांतों की सही देखभाल

हेल्दी रहने के लिए शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों की देखभाल भी बहुत जरूरी है। लेकिन अक्सर हम ओरल हाइजीन पर ध्यान नहीं देते हैं। जिसकी वजह से बढ़ती उम्र के साथ दांतों की दिक्कतें शुरू हो जाती हैं। कई बार कम उम्र में ही आपको दांतों की परेशानियां हो सकती हैं। इसलिए, दांतों की सही तरह से देखभाल करना बहुत जरूरी है। एक्सपर्ट के मुताबिक, उम्र बढ़ने के साथ कई कारणों से ओरल हेल्थ से जुड़ी कई दिक्कतें आपको परेशान कर सकती हैं। कई लोग इस बात को नहीं जानते हैं कि अगर आपकी ओरल हेल्थ ठीक नहीं है, तो इसका असर आपके पूरे स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों पर भी अधिक ध्यान देना जरूरी हो जाता है। बढ़ती उम्र में एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स को फॉलो कर आप दांतों को हेल्दी और मजबूत बनाए रख सकते हैं।

- उम्र बढ़ने के साथ-साथ हमारे मुंह में कुछ नेचुरल बदलाव आते हैं। जैसे कि सलाइवा का प्रोडक्शन कम हो जाता है। उम्र के साथ दांतों की मजबूती पर भी असर होता है।
- कई अन्य बीमारियों और दवाईयों के कारण भी डेंटल हेल्थ पर असर होता है। बढ़ती उम्र में मसूड़ों से जुड़ी परेशानियां भी हो सकती हैं।
- डायबिटीज, दिल की बीमारियों और अर्थराइटिस से भी ओरल हेल्थ प्रभावित हो सकती है। इसलिए, उम्र बढ़ने के साथ दांतों का अधिक ख्याल रखना जरूरी हो जाता है।
- घर पर दांतों की सही तरह की सफाई का ध्यान रखें।
- इसके अलावा, समय-समय पर डेंटिस्ट के पास जाकर रूटीन चेकअप करवाएं।
- दिन में दो बार फ्लोरॉइड टूथपेस्ट से दांतों का साफ करें और डेंटल फ्लॉस से दांतों के बीच का हिस्सा भी साफ करें। इससे कैविटीज और मसूड़ों की सड़न के बचाव हो सकता है।
- मुंह के बैक्टीरिया को दूर करने के लिए एंटीसेप्टिक माउथवॉश से कुल्ला करें।
- अगर आप डेंचर यूज करते हैं, तो इसकी भी सही देखभाल जरूरी है।
- डेंचल को सोते समय निकाल दें। इसे सही से साफ करें और इसे बैक्टीरियल ग्रोथ से बचाने के लिए डेंटल सल्यूशन पर डुबोकर रखें।
- बड़े-बुजुर्गों की ओरल हेल्थ को दुरुस्त रखने के लिए सही हाइड्रेशन भी जरूरी है। क्योंकि उम्र बढ़ने के साथ लार बनना कम हो जाती है। ऐसे में सही मात्रा में पानी पीना जरूरी है।
- लार एसिड को न्यूट्रिलाइज करने और फूड पार्टिकल्स को धोने के लिए जरूरी है।
- पानी पीने से ड्राई माउथ की प्रॉब्लम नहीं होती है। ड्राई माउथ की वजह से दांत का घिसना और ओरल हेल्थ से जुड़ी परेशानी हो सकती हैं।



**उम्र बढ़ने के साथ शरीर के बाकी अंगों की तरह दांतों पर भी अधिक ध्यान देना जरूरी हो जाता है। बढ़ती उम्र में एक्सपर्ट के बताए इन टिप्स को फॉलो कर आप दांतों को हेल्दी और मजबूत बनाए रख सकते हैं।**



# काली गाजर के सेवन से दूर होती है ये बीमारियां

**काली गाजर में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। काली गाजर में बीटा कैरोटीन और ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों के काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। ये एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से आंखों को सुरक्षित रखते हैं। काली गाजर का सेवन मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसी समस्या नहीं होती है। काली गाजर में फाइबर अधिक होने के कारण यह वजन घटाने में मददगार हो सकती हैं।**

गाजर खाने के कई फायदे होते हैं। गाजर विटामिन-ए से भरपूर होती है। लेकिन बहुत कम लोगों ने काली गाजर के बारे में सुना होगा। डायटिशियन मीना कोरी यहां हमें काली गाजर के फायदों के बारे में बता रही है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

काली गाजर में बीटा कैरोटीन और ल्यूटिन जैसे एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो आंखों के काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। ये एंटीऑक्सीडेंट फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से आंखों को सुरक्षित रखते हैं। काली गाजर का सेवन मोतियाबिंद, ग्लूकोमा जैसी समस्या नहीं होती है।

कैंसर से बचाव करती है काली गाजर

काली गाजर में एंथोसायनिन नामक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो कैंसर से भी शरीर को सुरक्षित रखती है। मीना कोरी का कहना है कि एंथोसायनिन वाले खाद्य पदार्थों का सेवन स्तन कैंसर, फेफड़ों के कैंसर, और कोलोरेक्टल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियां नहीं होती है।

### डायबिटीज में फायदेमंद

जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है, उन्हें काली गाजर का सेवन जरूर करना चाहिए। काली गाजर में फाइबर की उच्च मात्रा होती है, जो रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद कर सकती है। यह टाइप 2 मधुमेह के जोखिम को कम करती है।

### वजन घटाती है काली गाजर

काली गाजर में फाइबर अधिक होने के कारण यह वजन घटाने में मददगार हो सकती हैं। फाइबर लंबे समय तक पेट को भरा हुआ रखता है। ज्यादा भूख नहीं लगती है। आप कम कैलोरी खाते हैं तो इससे शरीर का मेटाबॉलिज्म भी बढ़ता है। इससे शरीर मोटापा नहीं बढ़ता है। शरीर का वजन भी नहीं बढ़ता है। काली गाजर के सेवन से कोलेस्ट्रॉल का लेवल नहीं बढ़ता रहता है और इससे हार्ट अटैक का खतरा नहीं होता है।



# पेद्दी बॉक्स ऑफिस: वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से कुछ कदम दूर, भारत में 220.18 करोड़ हुआ राम चरण की फिल्म का कलेक्शन



राम चरण स्टारर पेद्दी, जिसमें जाह्नवी कपूर और जगपति बाबू भी अहम भूमिकाओं में हैं, दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर लगातार तहलका मचा रही है. यह फिल्म न केवल इस साल की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में से एक बनकर उभरी है, बल्कि यह 2026 की साउथ इंडिया की नंबर 1 ग्रॉसर (सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म) भी बन गई है. दर्शकों की शानदार तारीफ, ब्लॉकबस्टर वर्ड-ऑफ-माउथ और खचाखच भरे सिनेमाघरों के दम पर पेद्दी अपनी रिलीज के बाद से ही लगातार असाधारण आंकड़े दर्ज कर रही है. फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अपनी ब्लॉकबस्टर रफ्तार को और मजबूत करते हुए एक और जबरदस्त वीकेंड देखा है. महज 11 दिनों में पेद्दी ने दुनिया भर में ?393 करोड़ से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है, जो दर्शकों से मिल रहे असीम प्यार को साफ दिखाता है. अपने सनसनीखेज दूसरे हफ्ते के परफॉर्मेंस के साथ, यह फिल्म थिएटर्स में लगातार अपना दबदबा बनाए हुए है और इसके धीमे होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं. इस खबर को शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, ''पेद्दी ने 11 दिनों में दुनिया भर में 393 करोड़ से ज़्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है , अपने दूसरे हफ्ते में भी दुनिया भर में सफलतापूर्वक चल रही है. पेद्दी ने 12वें दिन 20.09 फीसदी गिरावट के साथ भारत में 4.10 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया.फिल्म के 13वें दिन 640 शोज चल रहे हैं और फिल्म ने खबर लिखेन जाने तक 0.08 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है. फिल्म भारत में ग्रॉस कलेक्शन 261.05 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं, इंडिया में फिल्म का नेट कलेक्शन 220.18 करोड़ रुपये हो गाय है. इधर 13 दिनों में पेद्दी वर्ल्डवाइड 400 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है. बुची बाबू सना द्वारा लिखित और डायरेक्टेड पेद्दि में राम चरण लीड रोल में हैं, जिनके साथ शिव राजकुमार, जाह्नवी कपूर, दिव्येंदु शर्मा और जगपति बाबू मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह दमदार स्टार कास्ट फिल्म के स्केल और इसके इम्पैक्ट को एक अलग ही लेवल पर ले जाती है। वेंकट सतीश किलारु द्वारा वृद्धि सिनेमाज के तहत, मैत्री मूवी मेकर्स, सुकुमार राइटिंग्स और आइवी एंटरटेनमेंट के सहयोग से प्रड्यूस की गई इस फिल्म के को-प्रड्यूसर ईशान सक्सेना हैं। आइवी एंटरटेनमेंट की शुरुआत 2020 में हुई थी और इसने भारत में सबसे पॉपुलर प्रोडक्शन हाउसेस और फिल्म राइट्स एक्वायर (हासिल) करने वाली कंपनियों में से एक के रूप में अपनी स्थिति मजबूत की है. यह कंपनी लगातार क्रिएटिव प्रोडक्शन हाउसेस को बढ़ावा देते हुए प्रीमियम आईपी और फिल्म राइट्स की भारत की सबसे बड़ी फिल्मोग्राफी तैयार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है, ताकि दुनिया भर के दर्शकों को पसंद आने वाली बेहतरीन फिल्में पेश की जा सकें. फिल्म में एक दमदार टेक्निकल टीम भी शामिल है, जिसमें ए. आर. रहमान का म्यूजिक, आर. रथनावेलु की सिनेमैटोग्राफी, अविनाश कोल्ला का प्रोडक्शन डिजाइन, नवीन नूली की एडिटिंग और वी. वाई. प्रवीण कुमार का एग्जीक्यूटिव प्रोडक्शन शामिल है, जो इसके सिनेमाई स्तर और दर्शकों की उत्सुकता को और ज्यादा मजबूत बनाता है. धुरंधर, धुरंधर द रिवेंज और राजा शिवाजी की शानदार सफलता के बाद जियो स्टूडियोज द्वारा पेद्दि को उत्तर भारत में रिलीज किया गया. यह फिल्म 4 जून 2026 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी



# लॉक अप सीजन 2 का ऐलान, 27 जून से नेटफ्लिक्स देखें सकेंगे एकता कपूर का शो

एकता कपूर का रियलिटी शो लॉक अप अपने दूसरे सीजन के साथ धमाकेदार वापसी करने जा रहा है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर इसकी पहली झलक के साथ नए सीजन का ऐलान किया है। प्रोमो में लाल और सफेद रंग के कपड़े पहने नकाबपोश कैदी दिल्ली और मुंबई की अलग-अलग जगहों पर दिखते हैं। इस दौरान कई राहगीरों की नजरें उन पर पड़ती है, जो यह नजारा देखकर हैरान है। प्रोमो ने तरह-तरह के सिद्धांतों की चर्चा छेड़ दी है।

लॉक अप 2 का निर्माता बालाजी टेलीफिल्म्स ने नेटफ्लिक्स के साथ मिलकर किया है। उन्होंने ऐलान करते हुए लिखा, तारीख लॉक कर लो। इंतज़ार लगभग खत्म हो गया है। शो का प्रीमियर 27 जून, 2026 से होगा। नए एपिसोड हर शनिवार रात 8 बजे स्ट्रीम स्ट्रीम किए जाएंगे। हालांकि शो में आने वाले प्रतियोगियों के नामों का ऐलान अभी नहीं किया गया है। खबरों की मानें, तो लॉक अप 2 को रितेश देशमुख और फराह खान होस्ट कर सकते हैं।





# हॉन्टेड 2 ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया भूचाल, कंगना रनौत-मनोज बाजपेयी की फिल्में हुई पस्त

विक्रम भट्ट की मिमोह चक्रवर्ती अभिनीत फिल्म हॉन्टेड 2 ने सिर्फ 4 दिनों में 11.55 करोड़ रुपये कमाकर सबको चौंका दिया है। कम मार्केटिंग के बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सबसे आगे चल रही है। सिर्फ सोमवार को ही फिल्म ने 4,573 शोज में 2.20 करोड़ रुपये की कमई की है। दिल्ली- एनसीआर में फिल्म के सबसे ज्यादा शोज लगे थे, जबकि मुंबई और कोलकाता में भी 100 से अधिक शोज चल रहे थे। जहां हॉन्टेड 2 अपनी दमदार रफ्तार बनाए हुए है, वहीं बाकी नई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अपनी जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रही हैं। कंगना रनौत अभिनीत यह फिल्म भी 12 जून को रिलीज हुई थी। यह 26/11 हमलों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। ओपनिंग डे पर इसने एक करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरे दिन शनिवार को कमाई 1.45 करोड़ रुपये रही थी। वहीं, रविवार का कलेक्शन 1.80 करोड़ रुपये रहा। हालांकि, चौथे दिन यानी सोमवार को कमाई में भारी गिरावट दर्ज हुई। चौथे ही दिन यह लाखों में सिमट गई है। सोमवार को फिल्म ने 65 लाख रुपये कमाए थे। फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 4.90 करोड़ रुपये हुआ है। मनोज बाजपेयी की यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में सजी थी। यह 1991 के आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि पर बनी है। रविवार को इसने बॉक्स ऑफिस पर 1.40 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, कल सोमवार को कमाई लाखों में सिमट गई। फिल्म ने चौथे दिन सिर्फ 50 लाख रुपये कमाए। चिन्मय मांडलेकर निर्देशित फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 3.95 करोड़ रुपये हो चुका है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े अभिनीत फिल्म है जवानी तो इश्क होना है भी सिनेमाघरों में सजी हुई है। यह फिल्म 05 जून को रिलीज हुई थी। रविवार को बॉक्स ऑफिस पर इसने 2.90 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, कल सोमवार को भी ठीकठाक कमाई रही। कल 11वें दिन इस फिल्म ने 1.35 करोड़ रुपये कमाए। फिल्म का टोटल नेट कलेक्शन 46.15 करोड़ रुपये हो गया है।








# सस्पेंस, कॉमेडी और कनफ्यूजन से भरपूर होगी प्रीतम एंड पेड्रो राजकुमार हिरानी की नई सीरीज का टीजर रिलीज

ओटीटी प्लेटफॉर्म पर इन दिनों अलग-अलग तरह की कहानियां दर्शकों को देखने को मिल रही हैं। अब एक नई सीरीज जल्द दर्शकों के बीच आने वाली है, जिसका नाम है प्रीतम एंड पेड्रो। इस सीरीज का टीजर रिलीज कर दिया गया है, जिसने आते ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। खास बात यह है कि मशहूर फिल्ममेकर राजकुमार हिरानी का यह ओटीटी दुनिया में पहला बड़ा प्रोडक्शन है। टीजर में कॉमेडी के साथ रहस्य और कन्फ्यूजन का ऐसा मिश्रण दिखाया गया है, जिसने दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। टीजर की शुरुआत एक ऐसी दुनिया से होती है, जहां सब कुछ थोड़ा अलग और मजेदार नजर आता है। कहानी में दो ऐसे किरदार दिखाई देते हैं जो एक-दूसरे से बिल्कुल अलग हैं, लेकिन हालात उन्हें साथ ले आते हैं। यही वजह है कि उनके बीच कई मजेदार और उलझन भरे पल देखने को मिलते हैं। जहां एक तरफ सब कुछ सामान्य दिखता है, वहीं दूसरी तरफ अचानक होने वाली घटनाएं कहानी को रहस्यमयी बना देती हैं। यही अंदाज दर्शकों को शुरुआत से आखिर तक बांधे रखता है। इस सीरीज में अरशद वारसी और वीर हिरानी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे। टीजर में दोनों के बीच की केमिस्ट्री काफी दिलचस्प नजर आ रही है। इसके अलावा, शो में विक्रांत मैसी भी अहम किरदार में दिखाई देंगे। उनका किरदार कहानी में रहस्य और सस्पेंस को बढ़ाता नजर आ रहा है, वहीं बोमन ईरानी और मोना सिंह भी सीरीज का हिस्सा हैं। टीजर में सभी कलाकारों की झलक भले ही कम दिखाई गई हो, लेकिन हर किरदार अपने अंदर कोई न कोई राज छिपाए हुए लगता है। इस शो का निर्देशन मशहूर निर्देशक अविनाश अरुण ने किया है। राजकुमार हिरानी और अविनाश अरुण की यह जोड़ी दर्शकों के लिए कुछ नया कंटेंट लेकर आने वाली है। टीजर रिलीज होने के बाद सोशल मीडिया पर दर्शकों के बीच शो को लेकर चर्चा तेज हो गई है। लोग खास तौर पर अरशद वारसी और विक्रांत मैसी को एक साथ देखने को लेकर उत्साहित हैं। वहीं कई दर्शकों का मानना है कि राजकुमार हिरानी का नाम जुड़ने से इस सीरीज से उम्मीदें और बढ़ गई हैं। प्रीतम एंड पेड्रो 3 जुलाई 2026 को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।






# अली फजल की वेब सीरीज 'राख में दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार से लगाए चार चांद

हाल ही में रिलीज हुई अली फजल की वेब सीरीज 'राख बीते कुछ दिनों से काफी चर्चाओं में है। इसमें दिव्या शर्मा ने सुमन का किरदार निभाया है, जिनका अपहरण हो जाता है और सीरीज की पूरी कहानी उन्हें ढूंढने और अपराधी को पकड़ने के इर्द गिर्द घूमती है। दिव्या शर्मा एक नई और उभरती हुई एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने हाल ही में आई क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज 'राख में 'सुमन का किरदार निभाकर काफी ध्यान खींचा है। इस सीरीज में उनका रोल बेहद अहम है, क्योंकि कहानी सुमन और उसके भाई के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है। दिव्या ने इस किरदार को बहुत ही सादगी और इमोशन के साथ निभाया है, जिससे दर्शकों पर गहरा असर पड़ा है। सीरीज में सुमन को एक 16 साल की मासूम लेकिन समझदार लड़की के रूप में दिखाया गया है, जो अपने भाई के साथ घर से निकलती है और फिर दोनों लापता हो जाते हैं। इसके बाद पूरी कहानी उनकी तलाश और इस रहस्य को सुलझाने पर आधारित होती है। दिव्या शर्मा की एक्टिंग इस किरदार में काफी नेचुरल और प्रभावशाली नजर आती है, जो उन्हें खास बनाती है। इससे पहले दिव्या 'ग्राम चिकित्सालय में जुही के किरदार में नजर आईं थीं। ये वेब सीरीज भी अमेजन प्राइम पर रिलीज हुई थी। इस शो के दो सीजन रिलीज हो चुके हैं। इससे पहले वे ककून नाम की मिनी सीरीज में नजर आ चुकी हैं।




# फूलों का झुमका ; फ्लॉवर प्रिंट ड्रेस... और खूबसूरती का जादू; बालकनी में मोनालिसा ने दिए दिलकश पोज

अंतरा बिस्वास उर्फ मोनालिसा! भोजपुरी इंडस्ट्री का चर्चित नाम, जिन्होंने कई टीवी सीरियल में भी काम किया है। मोनालिसा अपनी एक्टिंग को लेकर जितनी चर्चा बटोरती हैं, उससे ज्यादा सुर्खियां उन्हें अपने लुक की वजह से मिलती है। सोशल मीडिया पर वे अक्सर अपनी फोटोज शेयर करती हैं। आज मंगलवार को मोनालिसा ने दिलकश फोटोज साझा किए हैं। मोनालिसा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से कुछ फोटोज शेयर किए हैं। इनमें वे व्हाइट कलर की वेस्टर्न ड्रेस पहनी हैं, जिस पर फ्लॉवर प्रिंट डिजाइन है। अभिनेत्री बालकनी में खड़े होकर पोज देती नजर आ रही हैं। उन्होंने सफेद फूलों को झुमकों की तरह कानों में अटकाया हुआ है। मोनालिसा तस्वीरों में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिख रही हैं। 43 की उम्र में एक्ट्रेस अपनी फिटनेस के लिए जानी जाती हैं। वे नियमित वर्कआउट करती हैं। मोनालिसा के इस लुक पर नेटिजंस तारीफों के पुल बांध रहे हैं। यूजर्स लिख रहे हैं, बेहद आकर्षक। स्टाइल में आपका मुकाबला नहीं। मोनालिसा की पर्सनल लाइफ की बात करें तो उनकी शादी एक्टर विक्रांत सिंह से हुई है। दोनों को बीते दिनों द 50 शो में देखा गया था। सोशल मीडिया पर मोनालिसा की अच्छी फैन फॉलोइंग है। उन्हें इंस्टाग्राम पर ही 5.8 मिलियन लोग फॉलो करते हैं।

# हायपोथायरायडिज्म का कारण बन सकती हैं ये 5 गलतियां, जानिए इनसे बचाव के तरीके

हायपोथायरायडिज्म एक ऐसी स्थिति है, जिसमें थायरॉयड ग्रंथि पर्याप्त मात्रा में हार्मोन का उत्पादन नहीं करती है। यह स्थिति शरीर के कई कार्यों को प्रभावित कर सकती है। अक्सर लोग बिना जाने कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जो इस समस्या को बढ़ा सकती हैं। आइए आज हम आपको कुछ ऐसी सामान्य गलतियों के बारे में बताते हैं, जिनसे हायपोथायरायडिज्म का खतरा बढ़ सकता है। साथ ही यह भी जानें कि इन्हें कैसे टाला जा सकता है। आयोडीन थायरॉयड हार्मोन के निर्माण के लिए जरूरी तत्व है, लेकिन इसका अत्यधिक सेवन हायपोथायरायज्म को बढ़ा सकता है। आयोडीन की अधिक मात्रा से थायरॉयड ग्रंथि पर दबाव पड़ता है, जिससे यह सही ढंग से काम नहीं कर पाती। इससे हायपोथायरायज्म की समस्या गंभीर हो सकती है। इसलिए, आयोडीन युक्त खाने-पीने की चीजों का सेवन संतुलित मात्रा में ही करें और डॉक्टर की सलाह के बिना किसी भी सप्लीमेंट का सेवन न करें।

तनाव भी हायपोथायरायज्म का एक बड़ा कारण हो सकता है। मानसिक दबाव से शरीर में तनाव हार्मोन का स्तर बढ़ जाता है, जो थायरॉयड ग्रंथि के कामकाज को प्रभावित करता है। इससे हायपोथायरायज्म की समस्या बढ़ सकती है। इसलिए रोजाना ध्यान, योग या अन्य मानसिक शांति देने वाली गतिविधियों को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। इससे न केवल आपका मन शांत रहेगा, बल्कि थायरॉयड ग्रंथि भी सही तरीके से काम करेगी। खान-पान सही न होना भी हायपोथायरायज्म के जोखिम को बढ़ा सकता है। खासकर ऐसे खाने का सेवन करना, जो थायरॉयड ग्रंथि को नुकसान पहुंचा सकते हैं या उसकी कार्यक्षमता को प्रभावित कर सकते हैं। इसके लिए अपने खाने में आयोडीन, सेलेनियम और जिंक जैसे पोषक तत्वों से भरपूर खाद्य पदार्थ शामिल करें। इसके अलावा सोया उत्पाद, कुछ सब्जियां और कैफीन युक्त चीजों से



दूरी बनाकर रखें। डॉक्टर से सलाह लेकर डाइट प्लान तैयार करें। व्यायाम न करना भी हायपोथायरायज्म के जोखिम को बढ़ा सकता है। नियमित व्यायाम करने से शरीर के हार्मोन्स संतुलित रहते हैं और पाचन क्रिया अच्छी तरह काम करती है। इससे हायपोथायरायज्म की समस्या कम होती है। इसलिए, रोजाना कम से कम 30 मिनट तक कोई न कोई व्यायाम जरूर करें। इससे आपका शरीर सक्रिय रहेगा, स्वास्थ्य का बेहतर ख्याल रखा जा सकता है और थायरॉयड ग्रंथि सही तरीके से काम करेगी। नींद हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। अगर आप अनियमित नींद लेते हैं तो इससे न केवल आपका मूड खराब होता है, बल्कि यह थायरॉयड ग्रंथि पर भी बुरा असर डालता है। पर्याप्त और नियमित नींद लेने से थायरॉयड ग्रंथि सही तरीके से काम करती है और हायपोथायरायज्म की समस्या नहीं होती। इसलिए, हर रोज 7-8 घंटे की नींद लेना जरूरी है। इसके अलावा सोने और जागने का समय भी नियमित होना चाहिए।

# दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर रोड्स ने बताया रोहित शर्मा की सफलता का राज

**एजेंसी, जोहांसबर्ग**



दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स ने भारतीय टीम के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की सफलता का राज बताया है। आईपीएल टीम मुम्बई इंडियंस के फील्डिंग कोच रहे रोड्स के अनुसार रोहित को जन्म से कोई असाधारण प्रतिभा नहीं मिली थी, बल्कि अपने काम करने के तरीके के साथ ही बेजोड़ निरंतरता और सहजता के कारण ही वह शीर्ष तक पहुंचे हैं। इसी कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के साथ-साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीलए) में कप्तान के तौर पर भी उनका करियर बेहद सफल रहा है।

इस पूर्व क्रिकेटर के अनुसार आईपीएल में उन्होंने रोहित को बहुत करीब से अभ्यास करते देखा है। रोड्स के अनुसार, रोहित की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह खेल के सबसे कठिन परिस्थितियों को भी बेहद आसान बना देते हैं। रोड्स ने कहा, मैं हमेशा कहता रहता हूं कि मेरे पास दुनिया का सबसे अच्छा काम था। मुझे रोहित को अभ्यास करते हुए देखने का अवसर मिला। वह भारी-भरकम वर्कआउट सेशन की जगह मैदान के बीच में जाकर माहौल को महसूस करना ज्यादा पसंद करते थे। वह सब कुछ बहुत आसान बना देते हैं। उन्हें जन्म से ही कोई खास टैलेंट नहीं मिला था, लेकिन उनके काम करने के तरीके में हमेशा एक अद्भुत निरंतरता रही है, वह हमेशा से ऐसे ही रहे हैं।

रोड्स ने भारतीय क्रिकेट के तीन महान कप्तानों, महेन्द्र धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा की तुलना करते हुए कहा कि इनकी सफलता का मूल मंत्र उनकी अपनी स्वाभाविक कार्यशैली में रहना है। उन्होंने कहा कि ये तीनों खिलाड़ी कप्तान के तौर पर हमेशा वैसे ही रहे हैं जैसे वे असल जिंदगी में हैं, उन्होंने कभी किसी और के काम करने के तरीके को अपनाने की कोशिश नहीं की। रोड्स ने रोहित के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया, उनकी कप्तानी का अंदाज हमेशा एक जैसा रहा है। वह असल में बहुत मजाकिया हैं।

स्टंप माइक पर उनकी मजेदार बातें सुनने को मिलती हैं और वह अपने साथियों की टांग खिंचाई भी करते हैं। उनका व्यक्तित्व हमेशा से ऐसा ही रहा है। बात वहीं आ जाती है। साथ ही कहा कि आपको एमएस धोनी या विराट जैसा बनने की जरूरत नहीं है। आपको बस वैसा ही रहना है जैसे आप हैं। वे तीनों बहुत अलग हैं और अपनी इसी निरंतरता की वजह से सफल हैं।रोड्स ने रोहित की तुलना भारतीय टेस्ट टीम के मौजूदा उप-कप्तान केएल राहुल से की। उनका मानना है कि दोनों ही बल्लेबाजों में अपनी सहज टाइमिंग और शानदार शॉट-प्ले से प्रशंसकों का दिल जीतने का प्रयास किया है।

## अफगानिस्तान के खिलाफ दोहरा शतक नहीं लगा पाने से निराश हैं शुभमन

**एजेंसी, लखनऊ**

भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय में शतक लागने के बाद भी खुश नहीं है। शुभमन के अनुसार उनका लक्ष्य दोहरा शतक लगाना था पर वह पूरा नहीं हो पाया। इस मैच में हालांकि भारतीय टीम को बड़ी जीत मिली। शुभमन ने इस मैच में कठिन हालातों के बीच भी 154 रनों की पारी खेली। शुभमन ने मैच के बाद खुलासा किया कि उनका लक्ष्य दोहरा शतक बनाना था, जो वह हासिल नहीं कर सके। मैच के बाद अपनी टीम की 170 रन की जीत को लेकर शुभमन ने बल्लेबाजी पर संतोष जताया पर कहा कि वह अपना लक्ष्य पूरा नहीं कर पाये। उन्होंने कहा, मैं जहां गेंद को मारना चाह रहा था, गेंद वहीं जा रही थी। मेरा आत्मविश्वास बढ़ा हुआ था। मेरा लक्ष्य



मैच जल्दी समाप्त करना और 40-45 ओवर तक बल्लेबाजी करना था। मैं 200 रन बनाना चाहता था पर लगातार शॉट खेलने के दबाव में डीप कवर पर कैच आउट हो गया। मैं चाहता था कि टीम 430 रन तक पहुंचे। शुभमन ने माना है कि तेज गर्मी के कारण उन्हें सूजन और जकड़न की समस्या का भी सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा, थोड़ी तकलीफ थी, शरीर में अलग-अलग जगहों पर ऐंठन हुई। बहुत गर्मी थी, लेकिन मैंने 40-45 ओवर तक बल्लेबाजी की। अब काफी बेहतर महसूस कर रहा हूं और अच्छी स्थिति में हूं। उन्होंने टीम के तेज गेंदबाजों की भी जमकर प्रशंसा। शुभमन ने कहा, टॉस से ज्यादा फर्क नहीं पड़ा। अगर हमें 310-320 रन का लक्ष्य मिला होता तो टीम पर अच्छा दबाव होता। सब कुछ अच्छी स्थिति में है। तेज गेंदबाज लगातार सही जगह पर गेंदबाजी कर रहे हैं, जो आसान नहीं है। दूसरी ओर, अफगानिस्तान के कप्तान हशमतुल्लाह शाहीदी अपनी टीम के प्रदर्शन, खासकर गेंदबाजों से निराश दिखे। उन्होंने स्वीकार किया कि उनके गेंदबाजों का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। शाहीदी ने कहा, आप सब कुछ टॉस पर नहीं छोड़ सकते। हमारी गेंदबाजी अच्छी नहीं थी। हमने शुरुआती 20 ओवरों में उन्हें लय दे दी।

## वैभव को स्थिति प्रबंधन प्रशिक्षण दिया जाना जरुरी : विशेषज्ञ

**एजेंसी, मुम्बई**

15 साल के उभरते हुए भारत ए टीम के बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने जिस प्रकार से श्रीलंका ए के खिलाफ मुकाबले में टीम की हार के बाद आपा खोया है, उस पर खेल विशेषज्ञों ने चिन्ता जतायी है। इन विशेषज्ञों का मानना है कि विरोधी खिलाड़ी वैभव को उकसाने को प्रयास करेंगे, इस प्रकार की स्थित से किस प्रकार से निपटना है ये उन्हें सिखाना पड़ेगा। इनका मानना है कि वैभव सूर्यवंशी की लोकप्रियता जिस तेजी से बढ़ रही है। उसको देखते हुए अब मैदान पर उनकी एकाग्रता



भंग करने विरोधी टीमें छींटाकशी और मनोवैज्ञानिक दांवपेच का भी सहारा ले सकती हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि श्रीलंका में जिस प्रकार त्रिकोणीय टूर्नामेंट में उन्हें उकसाने का प्रयास हुआ है। उसको देखते हुए हालातों से बचने के लिए उन्हें विशेष स्थिति प्रबंधन प्रशिक्षण की तत्काल आवश्यकता है। साथ ही कहा कि मैदान पर अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखना उन्हें सीखना होगा। तभी उनका अंतरराष्ट्रीय करियर सफल होगा। हाल ही में श्रीलंका-ए के खिलाफ सुपर ओवर में भारत ए की हार के बाद, वैभव सूर्यवंशी और विपक्षी श्रीलंकाई क्रिकेटर विशेन हलाम्बागे के बीच धक्का-मुक्की और तीखी बहस देखी गई थी। यह घटना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि युवा वैभव को खेल के मानसिक पहलुओं के लिए तैयार रहने की जरूरत है। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) इसका महत्व को पहले से ही समझती है।

## कॉनवे और टिकनर सहित न्यूज़ीलैंड के 20 क्रिकेटरों को मिला केन्द्रीय अनुबंध

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च।** न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने आगामी 2026-27 सत्र के लिए डेवोन कॉनवे और तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर सहित 20 खिलाड़ियों को साल 2026-27 के लिए केन्द्रीय अनुबंध दिया है। वहं आदित्य अशोक और मुहम्मद अब्बास को इस सूची से बाहर कर दिया गया है। यह सूची 1 अगस्त 2026 से 31 जुलाई 2027 तक प्रभावी रहेगी। कॉनवे, जो पिछले दो साल से ही वैक्ल्पिक करार पर थे। अब केन्द्रीय अनुबुंध का हिस्सा हो गये हैं। 146 अंतरराष्ट्रीय कैप और सभी प्रारुपों में 6,000 से अधिक रन के साथ, कॉनवे टीम के लिए एक अहम खिलाड़ी बन गये हैं। मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने उनकी वापसी पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उनके जैसे काबिल खिलाड़ी का अनुबंध में वापस आना अच्छी बात है। इसका कारण है कि वे अब सभी अंतरराष्ट्रीय मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। टिकनर ने सेंट्रल स्टैग्स और राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए तीनों फॉर्मेट में लगातार शानदार प्रदर्शन कर अपनी जगह दोबारा हासिल की है। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए अपनी पिछली आठ पारियों में से पांच में चार या उससे अधिक विकेट लिए हैं। जैक फोल्क्स और मिच हे को भी अनुबंध में बरकरार रखा है।

## प्रभसिमरन सिंह ने अर्शदीप का बचाव किया

**एजेंसी, मुम्बई**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19में सत्र के दौरान वायरल हुए एक वीडियो को लेकर आलोचनाप का सामना कर रहे टीम पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के बचाव में पंजाब किंग्स के विकेटकीपर-बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह आये हैं। जिस वीडियो को लेकर विवाद उठा है उसमें अर्शदीप हंसी मजाक के मूड में मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज तिलक वर्मा को ओए अंधेरे कहते हुए दिखाई दिए, जिसके बाद से ही अर्शदीप की सोशल मीडिया पर नस्लीय टिप्पणी करने के आरोपों को लेकर आलोचना हो रही। ऐसे में प्रभसिमरन ने कहा वीडियो में जो



कहा जा रहा है ये केवल दो दोस्ती की मजाकिया बातचीत थी और इसे तूल नहीं दिया जाना चाहिये। प्रभसिमरन ने का कि अर्शदीप और तिलक वर्मा के बीच काफी अच्छी दोस्ती है और दोनों अक्सर एक-दूसरे के साथ हंसी-मज़ाक करते रहते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह सिर्फ दोस्तों के बीच का एक सामान्य मज़ाक था और इसे बेवजह मुद्दा नहीं बनाना चाहिए। प्रभसिमरन ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने साथ में काफी क्रिकेट खेली है और वे आपस में कुछ भी कहते रहते हैं। उन्होंने लोगों से इस मामले को उन्हीं पर छोड़ देने का आग्रह किया। प्रभसिमरन ने यह भी बताया कि सोशल मीडिया पर हुई आलोचना का अर्शदीप र कोई असर नहीं पड़ा। उनके अनुसार, तेज गेंदबाज का व्यवहार पहले जैसा ही है और वह हमेशा अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने अर्शदीप की तारीफ करते हुए कहा कि उनकी सबसे अच्छी बात यह है कि वह अच्छे और बुरे समय में एक जैसे रहते हैं और बेहद मेहनती खिलाड़ी हैं। प्रभसिमरन ने तर्क दिया कि किसी निजी विवाद की वजह से उनके क्रिकेट प्रदर्शन को आंकना सही नहीं होगा।

# बिजनेस

## इंडिगो एयरलाइन ने 'कैब्स विद इंडिगो' एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस लॉन्च की

- **सिर्फ 49 रुपये में बुक होगी कैब, एयरपोर्ट ट्रांसफर के साथ आसान यात्रा का भरोसा**

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंडिगो एयरलाइन ने गुरुवार को 'कैब्स विद इंडिगो' नाम से एक नई एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस लॉन्च की है। यह सर्विस देश के सभी शहरों में उपलब्ध होगी और इंडिगो ब्लूचिप लॉयल्टी प्रोग्राम से जुड़ी होगी। इसके जरिए हवाई सफर करने वाले यात्रियों को 49 रुपये में कैब रिजर्वेशन, 100 फीसदी कन्फर्म राइड, बिना सर्ज प्राइसिंग, फ्री कैंसिलेशन और 30 मिनट फ्री वेटिंग जैसी सुविधाएं मिलेंगी। कंपनी ने कहा कि आसान और बिना किसी परेशानी वाली यात्रा देने के अपने वादे को पूरा करते हुए भारत की पसंदीदा एयरलाइन इंडिगो ने 'कैब्स विद इंडिगो' सर्विस शुरू की है। यह एक खास एयरपोर्ट ट्रांसफर सर्विस है, जिसे भारत के सभी शहरों में




एयरपोर्ट तक और वहां से आने-जाने के लिए भरोसेमंद, समय पर और तनाव-मुक्त कनेक्टिविटी देने के लिए बनाया गया है। एयरलाइन के लॉयल्टी प्रोग्राम 'इंडिगो ब्लूचिप' के साथ आसानी से जुड़ी यह सर्विस सदस्यों को 'कैब्स विद इंडिगो' पर खर्च किए गए हर 100 रुपये के लिए 5 'इंडिगो ब्लूचिप' कमाने का मौका देगी, जिससे तेजी से पॉइंट जमा होंगे और पूरी यात्रा एक फायदेमंद अनुभव बनेगी। इंडिगो के चीफ डिजिटल और इन्फॉर्मेशन ऑफिसर नीतन चोपड़ा ने कहा कि इंडिगो में हमारा ध्यान सिर्फ उड़ानें चलाने से कहीं ज्यादा है। हम एक ऐसा आसान और पूरा ट्रैवल इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिस पर हमारे ग्राहक भरोसा कर सकें। उन्होंने कहा कि 'कैब्स विद इंडिगो' की शुरुआत इस विजन को और मजबूत करती है। यह पक्का करती है कि यात्रा का हर चरण, 'घर से एयरपोर्ट और फिर आखिरी मंज़िल तक' आसान, भरोसेमंद और तनाव-मुक्त हो। नीतन चोपड़ा ने कहा कि जैसे-जैसे हम अपनी ट्रैवल सेवाओं को बेहतर बना रहे हैं, यह सर्विस हमारे ग्राहकों को काम की, बिना किसी परेशानी वाली और एक जैसी ट्रैवल सुविधा देने के हमारे वादे को और मज़बूत करती है। 'कैब्स विद इंडिगो' अब इंडिगो की वेबसाइट और मोबाइल ऐप के ज़रिए बुकिंग के लिए उपलब्ध है। इंडिगो ग्राहकों के लिए शुरू से आखिर तक की यात्रा को आसान बनाने पर ध्यान देते हुए एक बेहतर ट्रैवल इकोसिस्टम में लगातार निवेश कर रही है और 'कैब्स विद इंडिगो' का लॉन्च उसी वादे का एक स्वाभाविक विस्तार है। हवाई कनेक्टिविटी देने के अलावा इंडिगो 7 लाख से ज़्यादा ठहरने के विकल्पों और चुने हुए घूमने-फिरने के अनुभवों के लिए होटल बुकिंग की सुविधा भी देती है। नई सर्विस 'कैब्स विद इंडिगो' इस इकोसिस्टम को और बेहतर बनाती है। मोजोबॉक्स द्वारा संचालित 'कैब्स विद इंडिगो' यात्रियों को हवाई यात्रा के लिए खास तौर पर तैयार की गई सुविधाओं के साथ एक भरोसेमंद और पारदर्शी मोबिलिटी समाधान देती है।

## हितेश रमेश चंद्र जोशी ने जीआईसी री के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक का पद संभाला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सार्वजनिक क्षेत्र की पुनर्बीमा कंपनी जनरल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (जीआईसी री) ने बुधवार को हितेश रमेश चंद्र जोशी को अपना नया चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया है। वे 1 अक्टूबर, 2025 से ही अंतरिम तौर पर यह भूमिका निभा रहे थे। कंपनी के मुताबिक हितेश रमेश चंद्र जोशी ने 16 जून को आधिकारिक तौर पर अपना कार्यभार संभाल लिया है। वित्त मंत्रालय ने 15 जून को एक पत्र के जरिये हितेश रमेश चंद्र जोशी को चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक नियुक्त करने को मंजूरी दी है। उनकी नियुक्ति सेवानिवृत्ति तिथि 30 सितंबर, 2028 तक अथवा अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, प्रभावी रहेगी। यह पद नारायणन रामास्वामी का दो वर्षीय कार्यकाल पूरा होने के बाद रिक्त हुआ था। हितेश रमेश चंद्र जोशी ने अपनी नियुक्ति पर कहा कि मैं जीआईसी री की टीम के साथ मिलकर कंपनी की बाजार में अग्रणी स्थिति को और मजबूत करने, वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने तथा हितधारकों के लिए मूल्य सृजन जारी रखने की दिशा में काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

## एनएसई ने आईपीओ लाने के लिए सेबी के समक्ष दाखिल किया डीआरएचपी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए फंड जुटाने के लिए बुधवार को पूंजी बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ़्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। सेबी के समक्ष जमा मसौदा दस्तावेज के मुताबिक एनएसई का प्रस्तावित आईपीओ पूरी तरह बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित होगा। एनएसई के करीब 30,000 करोड़ रुपये के आकार वाला ये आईपीओ पूरी तरह मौजूदा शेयरधारकों की बिक्री पेशकश पर आधारित है, , जिसमें मौजूदा शेयरधारक कुल 14.89 करोड़ शेयर बेचेंगे। इस निर्गम के जरिए शेयरधारक सामूहिक रूप से एनएसई में अपनी करीब छह फीसदी हिस्सेदारी बेचेंगे। यह बहुप्रतीक्षित आईपीओ अक्टूबर 2024 में आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के निर्गम के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ सकता है। इसमें प्रमुख




हिस्सेदारी विक्रेताओं में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) शामिल है, जो अपना 2.48 करोड़ शेयर बेचेगा, जबकि एमएस स्ट्रैटेजिक (मॉरीशस) लिमिटेड 1.60 करोड़ शेयरों की बिक्री करेगा। इसके अलावा अन्य प्रमुख विक्रेताओं में कनाडा पेंशन प्लान इन्वेस्टमेंट बोर्ड (1.19 करोड़ शेयर), अरांडा इन्वेस्टमेंट्स (मॉरीशस) प्रा. लिमिटेड (1.12 करोड़ शेयर), बैंक ऑफ बड़ौदा (1.10 करोड़ शेयर) और स्टॉक होल्डिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (1.09 करोड़ शेयर) शामिल हैं। हालांकि एनएसई में सबसे अधिक 10.72 फीसदी की हिस्सेदारी रखने वाली बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) इस निर्गम में कोई शेयर नहीं बेचेगी। एनएसई के निदेशक मंडल ने छह फरवरी को प्रस्तावित आईपीओ को मंजूरी दी थी। यह मंजूरी भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) मिलने के बाद दी गई थी। आईपीओ की तैयारी के तहत एनएसई ने 20 मर्चेंट बैंकर के अलावा कानूनी सलाहकारों और अन्य मध्यस्थों की नियुक्ति की है। एनएसई ने पहली बार 2016 में लगभग 10,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे, लेकिन सेबी ने कामकाज के संचालन और को-लोकेशन मामले से जुड़ी चिंताओं के कारण मंजूरी रोक दी थी। उल्लेखनीय है कि गैर-सूचीबद्ध बाजार में एनएसई का मूल्यांकन पांच लाख करोड़ रुपये से अधिक आंका जा रहा है। एक्सचेंज के करीब 1.8 लाख शेयरधारक हैं।

## शेयर बाजार में शुरुआती गिरावट के बाद तेजी, सेंसेक्स 82.99 अंक उछला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लगातार चार दिनों से चली आ रही शेयर बाजार की तेजी पर अचानक ब्रेक लग गया । हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में सुबह नरम शुरुआत हुई। अमेरिका और ईरान के बीच डील और कच्चे तेल की कीमत में गिरावट के बावजूद घरेलू शेयर बाजार में मामूली गिरावट आई। लेकिन, अभी सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी है। फिलहाल, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई)



का सेंसेक्स 82.99 अंक यानी 0.11 फीसदी की उछाल के साथ 77,238.61 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 43.85 अंक यानी 0.18 फीसदी की बढ़त के साथ 24,129.55 के स्तर पर ट्रेंड कर रहा है। बाजार में आज उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बीच सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 111.23 अंक टूटकर 77,044.39 अंक पर और निफ्टी 26.85 अंक की गिरावट के साथ 24,058.85 अंक पर पहुंच गया था। वहीं, रुपया शुरुआती कारोबार में 21 पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.71 पर है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले बुधवार को सेंसेक्स 347 अंक की तेजी के साथ 77,156 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी भी 97 अंक की बढ़त के साथ 24,086 पर बंद हुआ था।

## केंद्र ने डॉ. सैबल चट्टोपाध्याय को राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग का अध्यक्ष किया नियुक्त

**एजेंसी, नई दिल्ली** : केंद्र सरकार ने डॉ. सैबल चट्टोपाध्याय को राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (एनएससी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। देश की सभी मुख्य सांख्यिकी गतिविधियों के लिए एक नोडल निकाय के रूप में कार्य करने वाले इस आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति को मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने मंजूरी दे दी है। इनके साथ ही प्रो. शुभब्रता दास, सत्येन्द्र बहादुर सिंह और डॉ. माधवन मुकुंद को आयोग के नए सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. स चट्टोपाध्याय इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, कोलकाता के पूर्व निदेशक हैं। उन्होंने अमेरिका के स्टॉर्स स्थित कनेक्टिकट विश्वविद्यालय से सांख्यिकी में पीएचडी और एमएस की उपाधि प्राप्त की है। प्रोफेसर शुभब्रता दास बैंगलोर स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में प्रोफेसर हैं। उन्होंने चैपल हिल स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ नॉर्थ कैरोलिना से सांख्यिकी में पीएचडी और एमएस तथा कोलकाता स्थित भारतीय सांख्यिकी संस्थान से सांख्यिकी में एम.स्टैट और बी.स्टैट की उपाधि प्राप्त की है। सत्येंद्र बहादुर सिंह भारतीय सांख्यिकी सेवा के 1987 बैच के सेवानिवृत्त अधिकारी हैं, जिनका भारत सरकार में तीन दशकों से अधिक की सेवा का करियर रहा है और उन्हें आधिकारिक सांख्यिकी, आर्थिक सांख्यिकी, श्रम और रोजगार सांख्यिकी, नीतिगत सहायता, प्रशिक्षण और प्रशासन में अनुभव है।

## टाटा मोटर्स वाणिज्यिक वाहनों की कीमत में एक जुलाई से करेगी 2.5 फीसदी की वृद्धि

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की सबसे बड़ी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अब अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है। नई कीमतें आगामी एक जुलाई से लागू होंगी। कंपनी ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि यह मूल्य वृद्धि उसके सभी वाणिज्यिक वाहनों पर लागू होगी। हालांकि अलग-अलग मॉडल एवं संस्करण के अनुसार बढ़ोतरी की दरें अलग-अलग हो सकती है। टाटा मोटर्स के




मुताबिक यह कदम कच्चे माल की बढ़ती कीमतों और अन्य लागतों के प्रभाव को आंशिक रूप से संतुलित करने के लिए उठाया जा रहा है। इससे पहले कंपनी ने पैसेंजर व्हीकल की कीमतों में बढ़ोतरी का ऐलान किया था। टाटा मोटर्स के कार के दाम में यह बढ़ोतरी भी आगामी एक जुलाई से लागू होगी। कंपनी ने बताया था कि उसकी पेट्रोल, डीजल और इलेक्ट्रिक कारों की कीमतों में 1.5 फीसदी तक की बढ़ोतरी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि टाटा मोटर्स देश में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। इसका पुराना नाम टेल्को था। ये टाटा समूह की प्रमुख कंपनियों में से एक है। इसकी उत्पादन इकाइयां भारत में जमशेदपुर, पुणे और लखनऊ सहित देश के कई शहरों में हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कुमारी द्वारा अभिषेक प्रिंटिंग प्रेस, नया टोला, काजीपुर, पटना- 800004, से मुद्रित एवं मुसल्लहपुर हाट, रामपुर लेन, पटना 800006 से प्रकाशित। संपादक- अविनाश। संपादकीय कार्यालय : 8 वां तल्ला, रश्मि कॉम्प्लेक्स, पीएनटी कॉलोनी, किदवईपुरी, पटना- 800001, RNI: BIHHIN\2019/77032, फोन: 0612-2524441, 2951617, 9472072441, 9472244606, समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेवार।